हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 05.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 133 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# महायुति ने राज्यपाल के सामने पेश किया सरकार बनाने का दावा, आज सीएम पद की शपथ लेंगे फडणवीस

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में देवेंद्र फडणवीस के चयन के बाद महायुति के तमाम नेताओं ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इस दौरान भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी समेत तमाम नेता मौजूद रहे। महाराष्ट्र के भावी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा। हमारे गठबंधन सहयोगियों शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि मुझे महायुति के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाए। राज्यपाल ने अनुरोध स्वीकार कर लिए हैं और उन्होंने हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने आगे कहा, नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 5 दिसंबर शाम 5.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होगा। हम शाम तक तय कर लेंगे कि कल कौन-कौन शपथ लेंगे। कल मैंने एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे अनुरोध



किया कि महायुति कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि वह इस सरकार में हमारे साथ रहें। मुझे पूरा विश्वास है कि वह हमारे साथ रहेंगे। हम महाराष्ट्र की जनता से किए गए वादे पूरे करेंगे।

वहीं भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं सभी निर्वाचित विधायकों को बधाई देती हूं। मैं विधायक दल के नेता के रूप में चुने जाने पर देवेंद्र फडणवीस को बधाई देती हूं। इस चुनाव में 14 करोड़ मतदाताओं का जनादेश पूरे भारत के लिए एक संदेश है। यह सिर्फ एक सामान्य विधानसभा चुनाव नहीं था। लोकसभा चुनाव के बाद देश के नागरिकों ने हरियाणा चुनाव और फिर महाराष्ट्र चुनाव के माध्यम से स्पष्ट जनादेश दिया है। महाराष्ट्र में अप्रत्याशित और अभूतपूर्व जीत विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा संदेश है। जैसे ही भाजपा नेताओं ने सर्वसम्मति से देवेंद्र फडणवीस को विधायक दल का नेता चुना, 'देवा भाऊ तुम आगे बढ़ो' के नारे लगाए गए। राज्यपाल को सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महायुति ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। मैं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है। एनसीपी नेता अजित पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की। आज शाम 5.30 बजे आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## एक नजर

### बादल को गोली मारने का प्रयास बाल-बाल बचे

**चंडीगढ़/ अमृतसर :** शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल बुधवार सुबह बाल-बाल बच गये, जब एक पूर्व उग्रवादी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर द्वार पर उन्हें गोली मारने का प्रयास किया। पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री बादल दो दिन पूर्व अकाल तख्त द्वारा सुनायी गयी धार्मिक सजा भुगतते हुये सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर द्वार पर तैनात थे। अचानक आरोपी ने उन्हें गोली मारने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी की शिनाख्त पूर्व उग्रवादी नारायण सिंह चौरा के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार घटना की गहन जांच की जा रही है। वारदात की खबर फैलते ही जत्थेदारों, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, विपक्षी दलों भाजपा, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं की प्रतिक्रियायें सामने आईं, जिन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाये। इनमें जत्थेदार रघबीर सिंह, हरप्रीत सिंह, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग आदि शामिल थे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक बड़ी वारदात रोकने के लिये पुलिस की तारीफ की और श्री बादल पर हमले की निंदा करते हुये पुलिस को निर्देश दिये कि मामले की गहन जांच कर रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत की जाये।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार आज



### संजय प्रसाद यादव होंगे राजद कोटे से मंत्री

**रांची :** आरजेडी की ओर से अपने मंत्री का नाम तय कर दिया है। गोड्डा से विधायक संजय प्रसाद यादव आरजेडी कोटे से मंत्री बनाये जायेंगे। बता दें कि यादव ने बीजेपी के उम्मीदवार अमित मंडल को चुनाव में पराजित किया था। संजय प्रसाद यादव लालू यादव के करीबी माने जाते हैं। गौरतलब है कि आज हेमन्त सोरेन सरकार की मंत्रिमंडल का विस्तार होना है।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार पांच दिसंबर को रांची स्थित राजभवन के बिरसा मंडप में होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

इस मंत्रिमंडल विस्तार में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलाएंगे, जो विधानसभा सत्र से पहले नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। झारखंड विधानसभा में स्टीफन मरांडी सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। वह पहली बार 1980 में विधायक चुने गये थे। कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए पार्टी के आलाकमान ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके बाद बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कमलेश ने कहा कि मंत्री पद के लिए सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। पार्टी के विधायक दल के नेता को मंत्री पद नहीं मिलेगा। पूर्व की सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पास जो विभाग थे, वे बकरार रखे जायेंगे। बुधवार की देर शाम तक यह सूची मुख्यमंत्री को सौंप दी जायेगी। पांच दिसंबर को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। राज्यपाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। राजभवन के बिरसा मंडप में तैयारियां भी की जा रही हैं।

इस मंत्रिमंडल विस्तार में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह, कांग्रेस के चार, और राजद के एक विधायक को मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके अलावा प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी का भी शपथ ग्रहण होगा, जो विधानसभा सत्र से पहले नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रुप में मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन में 56 सीटें मिली हैं। इनमें झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा-माले को दो सीटें मिली हैं जबकि विपक्ष में एनडीए को 24 सीटें मिली हैं।

# लालच देकर आरोपी करता था बालिका गृह की बच्चियों का यौन शोषण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू के मेदिनीनगर बालिका गृह मामले में और भी चीजे खुल कर सामने आ रही है। यहां नाबालिग बच्चियों के साथ यौन शोषण होने की जानकारी मिली थी। इस मामले में 72 वर्षीय मुख्य आरोपी राम प्रसाद गुप्ता की पहचान हुई है, जो बालिका गृह से लड़कियों को अपने घर ले जाया करता था। जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि राम प्रसाद गुप्ता अपनी बीमार पत्नी की सेवा बालिका-गृह की बच्चियों से कराता था। साथ ही इस क्रम में वह अपने घर पर नाबालिग बच्चियों को बेहतर खाना और नए कपड़ा देने का लालच देकर उनका यौन शोषण करता था।

इस मामले में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और जिला संस्थागत देखरेख पदाधिकारी को भी दोषी पाया गया है, क्योंकि उन्हें इस मामले की जानकारी थी। लेकिन उन्होंने इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारियों को नहीं दी। इसी को आधार बनाकर दोनों को बर्खास्त करने की प्रक्रिया के तहत जिला प्रशासन ने शो-कॉज किया है और दो दिनों के अंदर जवाब-तलब किया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी राम प्रसाद गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है।



### बालिका गृह में चार वर्षों से चल रहा था यौन शोषण का खेल : विमला कुमारी

**पलामू :** पलामू बालिका गृह में बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद इसके संचालक रामप्रताप गुप्ता और महिला काउंसलर प्रियंका कुमारी को जेल भेज दिया गया है। बालिका गृह को सील कर यहां की बच्चियों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। सीडब्लूसी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पर कार्रवाई की गयी है। इस बीच बीस सूत्री पलामू की उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने बुधवार को सनसनीखेज खुलासे करते हुए कहा कि पलामू बालिका गृह में पिछले चार वर्ष से यौन शोषण का खेल चल रहा था। जांच के बाद कार्रवाई के लिए शिकायत की गयी थी, लेकिन पलामू के तत्कालीन डीडीसी एवं डीएसडब्लूओ ने कार्रवाई के नाम पर केवल कोरम पूरा किया था। इस मामले में दोनों की भूमिका संदेहास्पद है। ऐसे में इन दोनों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने बालिका गृह और कस्तूरबा विद्यालय की निगरानी के लिए स्पेशल कमिटी बनाने की मांग की। विमला ने पत्रकारों को बताया कि बालिका गृह को लेकर कई शिकायतें मिली थी। 16 मार्च 2023 को बालिका गृह की जांच की थी। कई गड़बड़ियां पायी गयी। मामले को उठाया, लेकिन पलामू की तत्कालीन समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने अपने स्तर से जांच कर बालिका गृह को क्लीन चीट दे दी थी, तब तत्कालीन डीसी तक मामले को पहुंचाया गया। डीसी ने डीडीसी से जांच रिपोर्ट मांगी, लेकिन डीडीसी ने मामले को रफा दफा कर दिया। जांच के क्रम में डीडीसी ने कुछ कागजात और सीसीटीवी का डीवीआर जब्त किया था।

# सीएम को 16 तक व्यक्तिगत उपस्थिति से मिली छूट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री की दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज किए जाने के मामले की सुनवाई बुधवार को हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने 16 दिसंबर तक समन अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री को एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की है। मामले के सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में हुई। अदालत ने मामले में ईडी से जवाब मांगा है। हेमंत सोरेन की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में मंगलवार को याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई हुई। हेमन्त सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दाखिल पिटीशन को एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया था। साथ ही हेमन्त सोरेन को मामले में व्यक्तिगत रूप से चार दिसंबर को बुलाया है, जिसे हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया है।

# ईडी केस में हेमन्त सोरेन को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ईडी के समन की अवहेलना मामले में आरोपी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की बेंच में बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। सोरेन के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि हमलोग इस आर्डर के खिलाफ हाई कोर्ट गये हैं और समय की मांग की है। इसी आधार पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि छह जनवरी निर्धारित की है।

इसके पूर्व अदालत ने गत 11 नवंबर को सुनवाई के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 25 नवंबर को फैसला सुनाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को 4 दिसंबर को अदालत में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। इससे पूर्व ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल किया था। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने पांच जुलाई को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की थी। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

# संभल नहीं जा सके राहुल-प्रियंका, प्रशासन ने रोका

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संभल जा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा करीब दो घंटे बाद वापस दिल्ली लौट गए हैं। पुलिस ने उन्हें परमिशन नहीं दी। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के पीड़ितों से बुधवार को मिलने के लिए जा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हिंसा प्रभावित जिले में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक लिया गया। राहुल ने पुलिस की इस कार्रवाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने विशेषाधिकारों का हनन करार दिया।

पुलिस और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच लंबी बहस के बाद भी बात नहीं बनने पर राहुल करीब दो घंटे बाद दिल्ली लौट गये। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पुलिस को आगे कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (भाजपा) सच्चाई और भाईचारे के संदेश को क्यों दबा रही है? राहुल के काफिले को रोके जाने से मार्ग के दोनों तरफ काफी लम्बा जाम लग



गया और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राहुल ने दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर पुलिस द्वारा रोके जाने पर संवाददाताओं से कहा, हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पुलिस मना कर रही है। लोकसभा में नेता विपक्ष के नाते मेरा अधिकार बनता है कि मैं जा सकता हूं लेकिन तब भी वह मुझे रोक रहे हैं। यह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के मेरे अधिकार के खिलाफ है।

उन्होंने कहा, मैंने कहा है कि मैं अकेला जाने को तैयार हूं, पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं लेकिन उन्होंने वह भी बात नहीं मानी और अब कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद वह हमें जाने देंगें। राहुल ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, यह (संभल जाने से रोका जाना) लोकतंत्र के खिलाफ है। हम संभल जाकर देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं लेकिन मेरा जो संवैधानिक अधिकार है, मुझे उससे वंचित किया जा रहा है। यह संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। अंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। लेकिन हम लड़ते रहेंगे।

राहुल ने 'एक्स' पर कहा, पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष का नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। फिर भी मुझे रोका गया। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने। यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, भाजपा क्यों डरी हुई है। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पुलिस को आगे क्यों कर रही है? सच्चाई और भाईचारे के संदेश को क्यों दबा रही है?

राहुल के साथ मौके पर मौजूद उनकी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी राहुल को रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संवाददाताओं से कहा, संभल में जो हुआ, वह गलत है। राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके संवैधानिक विशेषाधिकार हैं, जो बाकी लोगों से अलग हैं। उनको ऐसे नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा, राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में संवैधानिक अधिकार मिले हैं। उन्हें पीड़ितों से मिलने जाने दिया जाए। वहीं गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि संभल में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) 31 दिसंबर तक लागू रहेगी।

### राहुल गांधी का काफिला रोकने के विरोध में विपक्ष ने किया लोकसभा से बहिर्गमन

**नयी दिल्ली :** नेता विपक्ष राहुल गांधी का काफिला गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के विरोध में बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने कांग्रेस के नेतृत्व में लोकसभा से बहिर्गमन किया। कांग्रेस सदस्य मोहम्मद जावेद ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर राहुल गांधी को रोके जाने के घटनाक्रम पर कहा कि उनके नेता पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए जा रहे थे। कांग्रेस के साथ बहिर्गमन करने में समाजवादी पार्टी, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य रहे। जावेद ने शून्य काल में बिहार के किशनगंज में एम्स की मांग की।

# मुख्यमंत्री की पहल पर मलेशिया से स्वदेश लौटेंगे झारखंड के 50 कामगार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के कामगारों और श्रमिकों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर एक बार फिर विदेश में फंसे 50 राज्य के कामगारों को वापस उनके घर और गांव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी कामगार 11 से 18 दिसंबर तक घर लौट आयेंगे। इसके लिए जरूरी कागजाती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### चुनाव ने किया प्रभावित नहीं तो कामगार अबतक घर में होते



मुख्यमंत्री को हुई तब तक चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गया। इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गई थी लेकिन चुनाव समाप्त होने और नई सरकार गठन के बाद अब कामगारों के स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है। कुल 70 कामगारों में से 50 कामगार झारखंड के हैं जबकि 20 दूसरे प्रदेशों के रहने वाले हैं।

झारखंडी कामगारों के मलेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर को प्राप्त हुई। बताया गया कि कामगारों का चार महीने से वेतन लंबित है। साथ ही उन्हें भोजन की अनुपलब्धता और वतन वापसी की समस्याएं सामने आ रही हैं। मामले की जानकारी जब तक

### बकाया आठ महीने का वेतन मिला

जानकारी के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट (मुद्रा/रुपये) का वेतन तय था लेकिन उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिए जा रहे थे, जिसमें भी कटौती हो रही थी। भोजन की सुविधा नहीं दी गई और धमकियां भी मिल रहीं थीं। इसको लेकर कामगारों ने मलेशिया पुलिस से शिकायत भी की। बाद में कामगारों ने इस मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन श्रम विभाग को भेजा। श्रम विभाग के निर्देशानुसार प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रांट, रांची को मामला पत्र राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के जरिये प्रेषित किया गया। श्रम विभाग के पहल पर भारतीय दूतावास, कुआलालंपुर के जरिये कंपनी एवं कामगारों को दूतावास के कार्यालय बुलाया गया, जहां दोनों पक्षों का सत्यापन किया गया। इसके फलस्वरूप भारतीय दूतावास ने सभी कामगारों को अपने संरक्षण में रखते हुए कंपनी को बकाया भुगतान करने और श्रमिकों के भारत वापसी सुनिश्चित कराने को कहा।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केंद्र पुंदौल के बच्चों के बीच स्वेटर का हुआ वितरण



**बड़कागांव :** चंदौल पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पुंदौल में पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी के हाथों केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। इस मौके पर पंसस सुनिता देवी ने कहा कि सरकार के द्वारा ठंड के समय में बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। यह आतिसराहनीय कार्य है। इसके लेकर मैं सरकार का भार प्रकट करती हूं।स्वेटर मिलने पर के बच्चे काफी खुश थे।इस मौके पर पंसस प्रतिनिधि सुरेश चौधरी , वार्ड सदस्य मीना कुमारी, संयोजिका सरोज देवी, गौतम कुमार पांडे, कन्हैया प्रजापति , मधु देवी, अतामुल हक , नसीमा खातून सहीत कई गणमान्य लोग एंव केंद्र के बच्चे उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

**दारू :** दोपहिया वाहन का चेकिंग दारू थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया गया। बुधवार को चलाया गया वाहन चेकिंग में 12 बाइक का चलान काटा गया। दारू थाना प्रभारी ने बतलाया कि वाहन चेकिंग अभियान अभी चलेगा और वाहन चेकिंग अभियान चलाने का उद्देश्य यह है कि हर लोग हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं ताकि अपने जान को सुरक्षित कर पाए। और हर दिन दुर्घटना होता है और उस दुर्घटना में कई लोग जान गवाते आ रहे है। दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने सभी गार्जियन से अपील किया कि 18 वर्ष के ऊपर वाले को ही दो पहिया वाहन दे। अन्यथा जब भी 18 वर्ष के नीचे वाले लोग वाहन चलाते पकड़ाते हैं। तो उसका जिम्मेदार उसके गार्जियन होंगे। और वाहन चालने वाले लोग हेलमेट पहनकर चलाएं। ताकि वह सुरक्षित रहे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि सुप्रीमकोर्ट के आदेशानुसार यह चेकिंग विशेषकर बाइक के लिए चलाया गया है। इसमे बिना हेलमेट व तीव्र गति से बाइक चलाने वालों पर नियंत्रण के लिए किया जा रहा है। दोपहिया वाहन जाँच अभी लगातार चलता रहेगा।

### भाजपा की विजय यात्रा विधायक ने जनता का जताया आभार

**चौपारण :** बरही से निर्वाचित भाजपा विधायक मनोज यादव ने जनता का आभार जताने के लिए दर्जनों गाँव का दौरा किया। भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना के चौपारण क्षेत्र पहुंचने पर सवैया मोड़ पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। विधायक का आभार यात्रा बेढना, झापा विशनपुर होते हुए कमला माता मंदिर पहुंचा। विधायक ने माता के दरबार मे मत्था टेककर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। शाहिद भगत सिंह उच्च विद्यालय के शिक्षक व बच्चो ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान दादपुर, चैयकलां, यवनपुर, बेला पंचायत के विभिन्न गांव पहुँचकर विधायक ने जनता के प्रति जताया आभार। विधायक ने कहा कि वोट के रूप में मिला आपका जनसमर्थन व विश्वास को कभी टूटने नही दूंगा। आपके एक बुलावे पर आपके बीच हाजिर रहूँगा। अपने क्षेत्र के विकास व आपकी जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेश तैयार रहूँगा। आभार यात्रा के दौरान जीप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, महामंत्री आशीष सिंह, भाजपा नेता रामस्वरुप पासवान, अरविंद सिन्हा, बलराम दाँगी, कैलाश पांडेय, सुबोध यादव, विकास यादव, रामचन्द्र सिंह, सुरेन्द्र पांडेय, दसरथ साव, बिनोद साव, राजेन्द्र भगत, गुलाब रजक, मधु रजक, सहित अन्य शामिल थे।


# जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने बुधवार को उपायुक्त डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान जिले में बढ़ रहे अपराध, विकास परियोजनाओं की प्रगति, और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई। सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और समाधान के लिए संभावित योजनाओं पर सुझाव दिए। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को उन्नत बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज जिले का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है। इसे बेहतर चिकित्सा उपकरणों, पर्याप्त डॉक्टरों और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। इससे जिलेवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में देरी और मरीजों को हो रही असुविधा पर चिंता जताई और इसे जल्द ठीक करने की अपील की साथ ही श्री प्रसाद ने जिले में बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने डीसी से कहा की जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बढ़ते अपराध न केवल जनता की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि विकास कार्यों को भी बाधित करते हैं। प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और संगठित अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा बड़कागांव क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी बड़ी समस्या है। विकास परियोजनाएं धीमी गति से चल रही हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और सिंचाई योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी ध्यान दिलाया। श्री चौधरी ने डीसी से आग्रह किया कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को साझा करते हुए कहा मांडू क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषि के लिए सिंचाई योजनाओं को बेहतर बनाने और गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के पलायन पर चिंता व्यक्त की। श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान विकास योजनाओं में प्राथमिकता देकर ही किया जा सकता है।

## उपायुक्त ने नौरतन सृष्टि बाला को एयर राइफल खरीदने के लिए 3.17 लाख का सौंपा चेक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा मंझलीदाड़ी, चेपाकलां, बडकागांव निवासी नौरतन सृष्टि बाला पुत्री सुनीता कुमारी को रायफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से एयर राइफल को क्रय करने हेतु चेक दिया गया। यह एयर राइफल को क्रय करने के लिए एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के द्वारा सीएसआर मद से 3.17 लाख रु का चेक दिया गया। चेक वितरण के साथ साथ नौरतन सृष्टि बाला को एयर राइफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी तथा चॉकलेट देकर देकर आशीष दिया। उपायुक्त ने बताया कि नौरतन सृष्टि बाला राइफल शूटिंग में झारखंड का प्रतिनिधित्व कई स्तरों पर कर रही है इसलिए इनके मनोबल को बढ़ावा देने के लिए एयर राइफल खरीदने की सहायता दी गई है। इस दौरान परियोजना प्रमुख फैज तैयब एवं डीजीएम प्रशांत कुमार मौजूद थे।


## सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में उठाए रेलवे से संबंधित मुद्दे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल झारखंड राज्य और विशेषकर अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की गंभीर जनमुद्दों को लेकर लोकसभा के शीतकालीन सत्र में मुखर दिख रहें हैं। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज बनकर सदन पटल पर उन्होंने रेलवे से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया और सदन के माध्यम से केंद्र सरकार और रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया । लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल ने अमृत भारत स्टेशन को लेकर प्रश्न लाया था जिसके जवाब के बाद उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का रेल नेटवर्क बहुत बड़ा है और जो विकसित स्टेशन है उसे और विकसित किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि खैर इससे मतलब नहीं है लेकिन जो क्षेत्र रेल के मानचित्र में अविकसित हैं और जहां विकास नहीं हुआ है उन्हें भी अवसर मिलना चाहिए और ऐसे स्टेशन को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं और इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग टाउन, बरही, कुजू, बड़काकाना, रामगढ़ और गोला सहित अन्य स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजनाश से जोड़कर विकसित किया जाना चाहिए और यहां यात्री सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है। हजारीबाग रेलवे लाइन जो मुख्य रूप से कोयला ढुलाई के काम आता है इसे पैसेंजर ट्रेन के लिए एलिजिबल करने हेतु इस डबल लाइन किया जाए और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से डेली बेसिस पर दिल्ली - कोलकाता-वेल्लोर के लिए ट्रेन चलाया जाय। सांसद मनीष जायसवाल ने एक और महत्वपूर्ण सवाल उठाते हुए रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि रांची से बरकाकाना होते हुए दिल्ली की ओर आने वाली राजधानी एक्सप्रेस को डिस्कंटीन्यू कर दिया गया है इस और अपनी नजरे इनायत करें और पुनः इसे इस रूट पर सुचारू कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभी हाल ही में जो हजारीबाग टाउन होते हुए गया- मुंबई रेल परिचालन शुरू किया गया है उससे लोगों को फायदा मिल रहा है ।

## शॉर्ट सर्किट से पुआल और धान में लगी आग लाखों का पुआल व धान जलकर हुआ खाक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र के बसोबार में शॉर्ट सर्किट से पुवाल और धान में लगा आग लाखों की संपत्ति जलकर हुआ खाक। स्थानीय ग्रामीणों ने बतलाया कि आग लगने का प्रमुख कारण शॉर्ट सर्किट है। और स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली की लचर व्यवस्था पर जताए आपत्ति। सभी गावँ में बिजली की तार की लचर व्यस्था देखी जा रही है। इससे जहां एक ओर बिजली आपूर्ति की समस्या होती ही है। वहीं थाना क्षेत्र में बिजली की शार्ट सर्किट से दो कृषक का पुवाल जल कर राख हो गया। पहली घटना रविवार को घटी । यह घटना तब घटी जब जबरा निवासी कुणाल ठाकुर अपने खलिहान से ट्रेक्टर मे पुवाल लादकर अपना घर ला रहा था। रास्ते मे बिजली की लूज तार में सट जाने से स्पार्क होने लगा। और देखते ही देखते आग लग गई। ग्रामीणों की सूझ बूझ से आग पर काबू पा लिया गया। दूसरी घटना मंगलवार की रात्रि में बसोबार में घटी। यहां रात्रि के करीब आठ बजे बिजली की शार्ट सर्किट होने से विजय कुमार व धनेश्वर महतो के खलिहान में रखा पुवाल में आग लग गया। जब तक कृषक व गांव वालों को आग लगने की भनक लगी तब तक आग पूरी तरह धान और पुवाल को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा दारू थाना प्रभारी सफीक खान को दिया गया। जैसे घटना की जानकारी सफीक खान को मिला। तो उन्होंने अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए तुरंत अग्निशमन को फोन कर बुलाया। अग्निशमन दल पहुंचकर आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी विजय कुमार व धनेश्वर महतो बताया कि पुआल के साथ धान भी जलकर राख हो गया।इससे घटना से लगभग 500000 रुपए की क्षति हुई। और हम लोग का साल भर का मेहनत 1 मिनट में जलकर राख हो गया। और दारू प्रखंड के युवा पत्रकार कुमार विषेक विद्यार्थी और आलोक कुमार दास ने किसानों से अनुरोध किया है।

## ग्राहक पंचायत की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पिछले 50 सालों से ग्राहकहीत के लिए काम कर रही संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कटकमदाग, चौपारण और पदमा में कार्य का विस्तार करेगी। इस बाबत एक बैठक बुधवार को हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में हुई। अध्यक्षता जि जिलाध्यक्ष गौरव सहाय ने की। बैठक में सदस्यता अभियान, टोली का विस्तार करने और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में कई सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत जिला टोली सदस्य ब्रजेश कुमार ने सभी का परिचय कराकर किया। उपस्थित सदस्यों ने सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर कर भाग लेने और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते कार्य करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही खाद्य निरीक्षक और आरटीए से मिलकर पूर्व में दिए ज्ञापन पर सरकार या प्रशासन के द्वारा उठाए जा रहे कदम का जायजा लेने की बात कही। बैठक में प्रखंड स्तर पर टोली गठन का भी निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में विशेष तौर पर प्रांतीय सह सचिव अरविंद राणा उपस्थित थे। बैठक का संचालन अरविंद राणा ने किया। बैठक में सदस्यों से आग्रह किया गया है कि जिन्होंने भी सदस्यता ग्रहण की है या जिनके माध्यम से दूसरे सम्मानित व्यक्ति अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्य बने हैं, उनसे मिलकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत से संबंधित क्रियाकलापों की चर्चा करेंगे। बताया कि यात्री किराया और खाद्य सामाग्री में मिलावट को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएंगा। कॉलेज और स्कूलों में जागरुकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जाएंगा। बैठक का संचालन सचिव बब्लू कुमार ने किया। बैठक में विधि आयाम के शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय, प्रचार आयाम से दयानंद गुप्ता, सदर प्रखंड संयोजक सदस्य योगेश कुमार, मुकेश कुमार, अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह, नीलेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत छठे और अंतिम कैंप में गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को सभी छः माह पोषक आहार प्रदान किया गया। तीनों चरण के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जिनमें से अधिकतर अब स्वस्थ हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है।

आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से अधिकतर अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किया गया। अभी इन्हें छठे और आखिरी महीने का किट वितरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

**लाइलाज नहीं है टीबी की बीमारी, समय पर करवाएं उपचार**

कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी, यूएसएड (वरअक्क) के प्रखंड टीबी समन्वयक डॉ अमित त्रिपाठी ने कहा कि मरीजों को दवा के अतिरिक्त पोषण आहार का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है।

**स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश**

अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश हो रही है। जिसमें अच्छे चिकित्सकीय लाभ के के लिए क्षेत्र में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे तक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर उप प्रमुख ने दिलायी शपथ



**बड़कागांव :** प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप महिला संस्था से जुड़ी महिलाओं को विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर महिलाओं केउत्पीड़न, शोषण , हिंसा आदि से जागरुक करने को लेकर उप प्रमुख वचन देव कुमार एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ने उपस्थित सभी महिलाओं को जेंडर शपथ दिलाया ।जिसमें महिलाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे और कभी मुकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे ।साथ ही सहायता मांगने एवं सहायता देने में पीछे नहीं रहेंगे और सबको हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जोड़ेंगे , सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरूआत हम अपने घर से करेंगे और लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से शपथ लेनेवालों संगीता कुमारी ,बेबी देवी, मीना कुमारी, मालती कुमारी, संजू कुमारी, शाहिना खातून, मनीता देवी, टिंकू कुमार राणा सामुदायिक समन्वय व अन्य शामिल रहे।

### शोध का उद्देश्य हो भावी पीढ़ियों को लिए कुछ करना : कुलपति



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शोधार्थी की सबसे बड़ी ताकत है कि वह अभी युवा है। इनमें अनेक ऊर्जा तथा उत्साह है। इसका सदुपयोग करें। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने कही। वह बुधवार को ाशोध में डेटा संकलन की विधि तथा महत्वा विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि आप समाज और राष्ट्र का भविष्य है। अतः ऐसा विषय चुने जिससे कि भावी पीडिया के लिए कुछ हो सके। केवल अपनी जीविका के लिए शोध नहीं करें। बल्कि ऐसा शोध करें जो लाखों करोड़ों लोगों के लिए जीविका का माध्यम बने तथा अवसर प्रदान करें। उड़ान स्वरूप उन्होंने भारत के ऋषि मुनियों की बात कही। आज उन ऋषि मुनियों के बताएं विषय से न केवल हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं बल्कि इसके माध्यम से कई लोगों की आजीविका की व्यवस्था भी हो रही है। उन्होंने आग्रह किया कि विश्व कल्याण के लिए शोध करें वसुदेव कुटुंबकम को साकार करने के लिए शोध करें। शिक्षा और पुस्तक से जो जानकारी की प्राप्ति होती है उसे ज्ञान में परिणत करने के लिए शोध करें।

### मिशन वात्सल्य पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तर पर बच्चों के लिए एक स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करने, उन्हें अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के अवसर सुनिश्चित करने और उन्हें निरंतर तरीके से सभी क्षेत्रों में विकसित होने में सहायता करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के सहयोग से बाल कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन के तत्वावधान में मिशन वात्सल्य के विषय पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार हजारीबाग में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य एक संवेदनशील, सहायक और समकालिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का मूल मंत्र है। इस मिशन पर पूरे प्रमंडल स्तर के संबंधित पदाधिकरियों एवं अन्य को मिलकर संवेदनशील रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग शिप्रा सिंहा ने कहा कि वैसे बच्चे जिनके माता-पिता/माता या पिता ना हो, जिन बच्चों के माता या पिता/ माता-पिता गंभीर बीमारी से ग्रसित हो उन बच्चों को मिशन वात्सल्य का लाभ मिलना आवश्यक है। बच्चों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाना आवश्यक है। उन्होंने बाल देखभाल संस्थानों (उउक) और बाल कल्याण समितियों (उहउ), ग्राम बाल संरक्षण समिति को कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नई रणनीतियों पर उपस्थित पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा, प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव श्री बासुदेव प्रसाद, मिरेकल फाउंडेशन के अमरेन्द्र कुमार, प्रमंडल स्तर पर बाल हित में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बाल संरक्षण विशेषज्ञों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया एवं उपरोक्त विषय पर प्रकाश डाला।

### जेल जाने के डर से मर्डर केस के दोषी 70 वर्षीय बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**पलामू :** जेल जाने से घबराकर मर्डर केस के दोषी बुजुर्ग ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। उसे आज पलामू कोर्ट में सरेंडर करना था। इससे पहले ही उसकी बॉडी बरगद के पेड़ से लटकी मिली। घटनास्थल से एक सीढ़ी, टार्च और एक प्लास्टिक भी मिली है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बुजुर्ग ने आत्महत्या के लिए इन तमाम सामानों का इस्तेमाल किया होगा। जानकारी के अनुसार, जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के शाहद ग्राम निवासी धर्मपाल महतो (70) ने कुंदरी वन क्षेत्र में बरगद पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चरवाहे एवं लकड़ी चुनने वाली महिलाओं ने बुधवार दोपहर एक बजे बरगद के पेड़ में फंदे पर लटके एक बुजुर्ग को देखकर इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। बाद में शव की पहचान की गई। सूचना मिलने पर लेस्लीगंज पुलिस मौके पर पहुंची एवं फंदे से शव को उतारकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, वर्ष 1997 में ओरिया में अमरेश महतो की हत्या हो गयी थी, जिसमें पूर्व प्रमुख राजनाथ महतो, 74 वर्षीय सिद्धनाथ महतो, 70 वर्षीय बुजुर्ग धर्मपाल महतो, 76 वर्षीय मुक्तेश्वर महतो, 65 वर्षीय अनिल महतो एवं 62 वर्षीय नरेश महतो को जिला कोर्ट से 20 साल की सजा सुनायी गयी थी। राजनाथ महतो की दो साल पहले ही मौत हो चुकी है।

# डायन-बिसाही के आरोप में महिला को प्रताड़ित करने की घटना पर हो कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में डायन-बिसाही के आरोप में आदिवासी महिला को प्रताड़ित करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। मरांडी ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि रांची में आदिवासी महिला के ऊपर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किए जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। रांची पुलिस संबंधित मामले में दोषियों पर विधिसम्मत कारवाई करे और पीड़ित आदिवासी महिला को उचित सहायता प्रदान करे। मरांडी ने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया है कि वे इस मामले में अधिकारियों को निर्देशित करें कि महिलाओं के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृति दोबारा ना हो।

उल्लेखनीय है कि रांची के 50 किलोमीटर दूर चान्हो प्रखंड के चुटियों गांव की आदिवासी महिला मंगरी उरांव को डायन बताकर पिछले चार महीने से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे मंगरी का पूरा परिवार दहशत में है। पीड़िता ने कहा है कि पूरा गांव गोलबंद होकर उसके पीछे पड़ गया है। घर तोड़ दिया है। पानी की पाइपलाइन और बिजली कनेक्शन भी काट दिया है। इसके बाद वह परिवार संग मायके पतरातू तेतर टोली चली गई। एक महीने वहां रहने के बाद धान काटने के लिए गांव लौटी तो ग्रामीण फिर से परेशान करने लगे। इसके बाद मंगरी ने नरकोपी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। नरकोपी पुलिस मामले को सुलझाने के लिए गांव पहुंची तो ग्रामीणों के विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा। मंगरी ने कहा कि गांव में तीन-चार लोगों की मौत हो गई थी, जिससे गांव वालों को लगा कि डायन-बिसाही के कारण ही ऐसा हो रहा है।

## मंईयां सम्मान योजना में बरती जा रही लापरवाही : भाजपा अध्यक्ष

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंईयां सम्मान योजना में व्याप्त लापरवाही की ओर बुधवार को हेमंत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही कहा कि मंईयां योजना के भुगतान में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। मरांडी ने कहा कि पिछले दो दिनों से धनवार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहा हूं। इस दौरान धनवार प्रखंड के कोड़ाडीह, जगदीशपुर सहित एक दर्जन से भी ज्यादा अन्य गांवों की अधिसंख्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया। अधिकांश महिलाओं ने कहा कि वे मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वे अब तक वंचित हैं। कई पात्र महिलाओं के फॉर्म भरे ही नहीं गए हैं, जिसके कारण उन्हें योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। मरांडी ने कहा कि इसके अतिरिक्त वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन भी कई महीनों से लंबित है। राशन वितरण में भी भारी अनियमितता की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि धनवार विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के दूसरे इलाकों में भी विशेष शिविर का आयोजन कर मंईयां सम्मान योजना से वंचित सभी महिलाओं के फॉर्म भरे जाएं और उन्हें योजना का भुगतान ससमय दिया जाए। साथ ही लंबित पेंशन और राशन का अद्यतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि महिलाओं को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े।

## हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए राज्यपाल व मुख्यमंत्री, दी श्रद्धांजलि



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के कांके रोड स्थित आवास पर उनके दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व जस्टिस एम. जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले, जल-जंगल-जमीन के रक्षक, महान आदिवासी योद्धा जननायक टंट्या भील की शहादत दिवस पर उन्हें याद किया। साथ ही अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रतीक देश के वीर जांबाज नौ सैनिकों और उनके परिवारजनों समेत समस्त देशवासियों को भारतीय नौसेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## नगर-निकाय चुनाव में वैकल्पिक मतगणना स्थल की व्यवस्था हो : चैंबर

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। दोबारा पदभार ग्रहण करने के लिए उन्हें बधाई दी। साथ ही शहर के विकास से जुडे मुद्दों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। चैंबर प्रतिनिधियों ने डीसी से नगर/निकाय चुनाव में मतगणना के लिए वैकल्पिक स्थल का चयन करने का आग्रह किया। उन्होंने मतगणना कार्य के लिए पंडरा बाजार का अधिग्रहण नहीं करने से संबंधित झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने से व्यवसायियों को होनेवाली परेशानियों की जानकारी दी। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि राज्य में जब भी आम चुनाव होते हैं, चुनावी कार्य के लिए पंडरा कृषि बाजार समिति परिसर के बड़े हिस्से को दो माह से अधिक समय के लिए खाली करा लिया जाता है।

## एक नजर

### लालजी-हिरजी रोड स्थित बिल्डिंग में लगी आग

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र के लालजी-हिरजी रोड स्थित बिल्डिंग में बुधवार को आग लग गयी है। मद्रास कैफे के समीप स्थित अन्य दुकान में भी आग लगी है। अगलगी की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन के चार वाहन मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से बिल्डिंग में आग लगी है। आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है इसका पता आकलन के बाद ही चल पायेगा। फिलहाल अग्निशमन के वाहन आग बुझाने के लिए मशक्कत कर रहे थे। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कोतवाली इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मद्रास कैफे के समीप स्थित बिल्डिंग में आग लगी थी। फायर ब्रिगेड के वाहन आग को बुझाया।

### पल्ली दिवस आठ दिसंबर को

**रांची :** पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजा घर चर्च में बुधवार को माता मरियम की याद में नोविना विनती की गयी। इसकी अगुवाई कैथोलिक महिला संघ की अध्यक्ष अंसिस्का खलखो,मेरी हिल्डा तिर्की और मधु कच्छप ने की। कार्यक्रम की शुरूआत रोजरी माला से हुई। इसके बाद बाइबल वचन और पवित्र संस्कार का आयोजन किया गया। संत अल्बर्ट कॉलेज के फादर गुलशन मिंज ने संदेश देते हुए कहा कि माता मरियम का जीवन शुरू से दुखों से भरा हुआ था। जीवन के अंतिम क्षण तक दुख से संघर्ष करती रही। कहा कि मनुष्य का जीवन फूलों की सेज नहीं, कांटो की सेज है। उस दुख को मनुष्य तभी सहन कर सकता है, जब मनुष्य आध्यात्मिक रूप से दुख को सहन करने की क्षमता विकसित करता है। जब मनुष्य दुख को सहता है। तभी मनुष्य दूसरों के दुख को समझ सकता है। जब मनुष्य अपने जीवन का दुख को अनुभव करता है। तभी मनुष्य दूसरे व्यक्ति को समझ सकता है। यह लोगों में मानवीय गुण विकसित करता है। माता मरियम प्रभु यीशु खीस्त के दुख में शामिल हुई। प्रभु के साथ चली। शुरू से ही माता गर्भ से लेकर धरती के गर्भ तक प्रभु यीशु के साथ में रही। दुख में सहभागिता दिखाई। पहले दुख की चिंता की। बुजुर्ग व्यक्ति सिमोयोन यीशु ने खीस्त की भविष्यवाणी की। मरियम से कहा कि आप के जीवन में दुख आयेगा।

## मंत्री पद के लिए कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का रखा है ख्याल : मीर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार की शाम रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए हर वर्ग को जगह देने की कोशिश की गई है। इसमें कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का भी ख्याल रखा गया है। मंत्रियों के नाम को आगे बढ़ाने का अधिकार सीएम का होगा है। आज रात तक सबको पता चल जाएगा कौन मंत्री बन रहा है। इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे। उन्होंने भी कहा कि मंत्री पद के लिए सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। पार्टी के विधायक दल के नेता को मंत्री पद नहीं मिलेगा। पूर्व की सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पास जो विभाग थे, वे बकरार रखे जाएंगे। बताते चलें कि पांच दिसंबर को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। राज्यपाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। प्रोटेम स्पीकर को भी राज्यपाल शपथ दिलाएंगे। राजभवन में इसकी तैयारियां भी की जा रही हैं।

## कनेक्टिंग फ्लाइ ओवर निर्माण योजना का दुकानदार संघ ने किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** फ्लाई ओवर विकास के लिए सड़क किनारे 14 फीट का दायरा बढ़ाने के खिलाफ बहुबाजार दुकान संघ के सैकड़ों लोगों ने बहुबाजार चौक के सामने बुधवार को पथ निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। लोगों ने कहा कि सैकड़ों दुकान तोड़कर फ्लाई ओवर का निर्माण किया गया। इससे महीनेभर सैकड़ों दुकानदारों ने बेरोजगार होकर घर में बैठे रहे। कांटाटोली से लेकर बहु बाजार तक फ्लाई ओवर का निर्माण के लिए 25 फीट अधिग्रहण किया जा चुका है। अब सड़क किनारे 14 फीट पथ निर्माण विभाग द्वारा जमीन अधिग्रहण करने की मांग किया जा रहा है। इससे सभी दुकानदारों में आक्रोश है।



दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण के लिए 11 फीट से 26 फीट दुकान तोड़ी गई। अब फ्लाई ओवर का निर्माण भी हो चुका है। वर्तमान समय में कनेक्टिंग फ्लाइट ओवर का निर्माण की योजना बनाई जा रही है। पथ निर्माण के द्वारा सर्वे भी कराया जा रहा है और फिर 14 फीट दुकान तोड़ने की योजना बनाई जा रही है। यह योजना शुरू हुआ तो सभी दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे।

वर्तमान हेमन्त सोरेन वाली सरकार से दुकानदार संघ ने दुकान बचाने की अपी की है। साथ ही मांगें रखी हैं। बहुबाजार के दुकानों को बार-बार तोड़ने की योजनाओं पर विराम लगाया जाए। बहुबाजार के दुकानदारों को स्थाई बंदोबस्त किया जाए। बहुबाजार परिसर के आधुनिक शौचालय एवं पेयजल की सुविधा की जाए। मौके पर मौके पर सुखपाल सिंह, राजू कुमार, ब्रजेश ठाकुर, मुहम्मद शकिल, राजकुमार नागवंशी, मुहम्मद शेराज, सुधीर घोष, नवनीत सिंह समेत अन्य शामिल थे।

## ओरमांझी फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार, सुजीत सिन्हा ने रची थी साजिश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित बिरसा जू के पास हुई फायरिंग मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम जिशान शेख उर्फ रिक्की है। वह कांके के सुकरहूटू का रहने वाला है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित बिरसा जू के पास 22 नवंबर की शाम दो युवकों को गोली मारी गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के अनुंसधान के क्रम में यह बात सामने आयी कि गोली बारी की घटना की साजिश जेल में बंद अपराधी सुजीत सिन्हा के जरिये रची गई थी। मामले में पुलिस ने तकनीकी शाखा के सहयोग से जिशान शेख नाम का अपराधी को गिरफ्तार किया। मामले में गिरोह के अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

एसएसपी ने बताया कि घटना की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि जमीन कारोबारी संजीव जायसवाल से सुजीत सिन्हा गिरोह ने रंगदारी मांगी थी। जमीन कारोबारी ने ना तो रंगदारी दी और ना ही रंगदारी मांगे जाने के संबंध में पुलिस को बताया। रंगदारी नहीं देने को लेकर सिन्हा गिरोह के अपराधी जमीन कारोबारी संजीव जायसवाल को गोली मारने आये थे लेकिन जायसवाल के दो कर्मचारी आजाद और जावेद अंसारी दोनों बीच में आ गये, जिसकी वजह से दोनों को गोली लग गयी। इस मामले को लेकर ओरमांझी थाना में सुजीत सिन्हा और उसके गिरोह के अपराधी खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है।

## न्यूनतम तापमान गिरने से बढ़ी ठंड



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में दिन-प्रतिदिन ठंड बढ़ रही है। स्थिति ये है कि अब लोगों को दोपहर में भी ठंड का एहसास हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान में हल्की सी गिरावट देखने को मिलेगी, जिससे अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड ज्यादा लगेगी।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, बुधवार के बाद से कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री गिर सकता है। बुधवार को संताल परगना के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री के बीच रह सकता है जबकि राजधानी और उसके आस पास के जिलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रह सकता है। इस कारण लोगों को अन्य दिनों की मुकाबले अधिक ठंड लगेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि चार से सात दिसंबर तक पारा दो से चार डिग्री गिरेगा। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर से बादल रहने की संभावना है। आठ और नौ दिसंबर को राज्य के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। 10 दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है। 10 से आसमान साफ होने पर सुबह में कोहरा होगा, इससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सोशल जस्टिस से जुड़े नेशनल कॉन्फ्रेंस में ऑनलाइन जुड़े मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार देर रात ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस के तीसरे नेशनल कॉन्फ्रेंस द कास्ट सेंसस, वीमेंस राइट एंड रिजर्वेशन पर आयोजित बैठक में ऑनलाइन जुड़े। तमिलनाडु में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से फेंगल साइक्लोन से पीड़ित और प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा से जंग लड़कर तमिलनाडु शीघ्र सामान्य स्थिति में आए, यही कामना करता हूं। साथ ही कहा कि सामाजिक न्याय, समता और समानता के लिए यह बहुत जरूरी है कि शोषित और वंचित समाज के लोगों को उनका हक-अधिकार मिले। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा और संरक्षण के साथ ही इस लक्ष्य की पूर्ति की जा सकती है।

### राज्यपाल से मिले रांची के उपायुक्त



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

### 177 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के संस्थापक और संरक्षक परमहंस श्री श्री 1008 संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित (52) स्वर्णिम (वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य मे 177 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सदस्य संत सदानंद महाराज के कथन अनुसार (भुखे को भोजन) खिलाने से बडा कोई भी पुण्य का कार्य नही है। संस्था के सदस्यो को श्री कृष्ण प्रणामी नि:शुल्क भंडारे का वितरण करते हुए बुधवार को 177 सप्ताह हो गया है। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे मे प्रत्येक रविवार को लगभग 1000 से 1500 सौ जरूरतमंद ग्रामीण,भक्तजन एवं मंदिर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु गण प्रत्येक सप्ताह को भंडारे के प्रसाद ग्रहण करते है। 177 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारा संस्था के सदस्यों के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1100 से अधिक श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे गुप्त दान के द्वारा संस्था के सदस्यों एव उनके परिवार के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, नन्द किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों एवं छोटे छोटे बच्चों के बीच 177 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। संस्था के सदस्यो ने सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में प्रभुजी एवं उनकी सेवा करने वाले सेवा साथियों के साथ श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिला और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर मे उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 177 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया।

## कला महोत्सव का हुआ समापन, विधार्थी किये गए पुरस्कृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय कला महोत्सव 2024-25 का आज समापन हो गया। दो दिनों तक रातू का डायट कैंपस सांस्कृतिक विविधताओं के गौरव से सराबोर रहा। आज महोत्सव के अंतिम दिन कला महोत्सव के विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। समापन सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद




के प्रशासी पदाधिकारी सचिदानंद द्विवेंदु तिग्गा शामिल हुए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के उपनिदेशक प्रदीप चौबे भी उपस्थित थे।

कुल छह कला विधाओं में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नाट्य विधा में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूंटी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। डी ए वी पब्लिक स्कूल हजारीबाग को दूसरा और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, गुरा बांदा, पूर्वी सिंहभूम को तीसरा स्थान प्राप्त किया है। पारंपरिक कहानी वाचन में डी ए वी पब्लिक स्कूल हजारीबाग को प्रथम स्थान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बुढ़मू, रांची को दूसरा स्थान, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। दृश्य कला में बालिका आवासीय विद्यालय, राहे की प्रतिमा कुमारी को मूर्ति कला में पहला स्थान, डी ए वी पब्लिक स्कूल, चतरा के अनुज राज को चित्रकारी में दूसरा स्थान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांडी ,गढ़वा की अंजली कुमारी को चित्रकारी में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। संगीत गायन में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, गारू, लातेहार को पहला स्थान, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल, बोकारो को दूसरा स्थान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मरकचो, कोडरमा को तीसरा स्थान मिला है।

## एक नजर

### संत जेवियर्स विद्यालय में मिनी स्पोर्ट्स का हुआ आयोजन

**बोकारो:** संत जेवियर्स विद्यालय के प्रांगण में मिनी स्पोर्ट्स का भव्य आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की शुरूआत हमारे विद्यालय के पताका को खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर फहराने वाले विद्यार्थियों के मशाल दौड़ से हुई। साथ-ही सभी मैदान में मौजूद अन्य विद्यार्थियों ने उनके मनोबल को बढ़ाते हुए तालियों के साथ उनका सम्मान किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शपथ लिया कि वे सभी ईमानदारी के साथ भाग लेगे और खेल भावना के प्रति सम्मान बनाएं रखेंगे । कुल 44 प्रकार का आयोजन हुआ जिसमें प्राइमरी से लेकर प्लस टू तक के छात्र-छात्राओं भाग लिया। प्राइमरी से लोयोला हाउस के आयुष ने जलेबी रेस में प्रथम स्थान हासिल किया और वहीं जेवियर हाउस के आयुष्मान ने मैथमेटिकल रेस में। मिडिल स्कूल से प्रभात और परिधि ने 50 मीटर थ्री लेगेड रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल से ब्रिटो हाउस की प्राची ने 100 मीटर में स्वर्ण पदक हासिल किया और जेवियर हाउस के सौरव ने 200 मीटर में। प्लस टू से चंद्रकांत एवं एहसान ने 200 मीटर के दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। साथ-ही प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों ने मास ड्रिल का भव्य प्रदर्शन किया। अंत में आदरणीय फादर अरुण मिंज एस.जे . ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्होंने हाई स्कूल एवं प्लस टू के विद्याथीयी द्वार की गई मार्च पास्ट की सहराना की।

### रेलवे ट्रेड यूनियन मान्यता हेतु चुनाव शुरू



**मुरी:** रेलवे में समय समय पर ट्रेड यूनियन का मान्यता हेतु चुनाव होता रहता है जिसको लेकर इस बार देश भर में 4 दिसंबर से 06 दिसंबर तक रेलवे कर्मचारियों को मतदान करने के लिए चुनाव हो रहे हैं जिसको लेकर हर बड़े स्टेशन समेत कार्यालयों में बूथ बनाए गए हैं। मुरी जंक्शन में भी रेलवे अस्पताल में मतदान केंद्र संख्या 05 वहीं मंडल अभियंता मुरी कार्यालय में मतदान केंद्र संख्या 06 बनाया गया है जिसमें मुरी समेत रामगढ़ सेक्शन से लेकर गुंडाबिहार सेक्शन से लेकर सिल्ली और झालदा स्टेशन तक के कर्मचारियों के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। ज्ञात रहे के यह ट्रेड यूनियन का मान्यता हेतु चुनाव लगभग तेरह साल बाद हो रहा है जिसको लेकर कर्मचारियों में खास उत्साह देखा जा रहा है।

### रेलवे यूनियन की मान्यता को लेकर हुआ मतदान

**बोकारो :** रेलवे यूनियन की मान्यता को लेकर चुनाव प्रक्रिया के तहत बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में रेलवे कर्मचारियों ने मतदान किया। दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल के बोकारो सेक्शन में रेलवे कर्मचारियों के लिए चार मतदान केंद्र है। इनमें कोटशीला में मतदान केंद्र संख्या 10, इलेक्ट्रिक लोको शेड इस्पात नगर में मतदान केंद्र संख्या 11, पीडब्ल्यूआई में मतदान केंद्र संख्या 12 तथा एईएन कार्यालय में मतदान केंद्र संख्या 13 की व्यवस्था है। जहां से सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक रेलवे कर्मचारी अपना मतदान कर सकेंगे। बोकारो सेक्शन में करीब तीन हजार वोटर है। मतदान के पहले दिन लगभग 50 फीसदी के आसपास मतदान हुआ। बोकारो में तीन सबसे सक्रिय यूनियन आद्रा रेल मंडल के बोकारो में तीन प्रमुख यूनियन की सक्रियता रही है। इनमें दपू रेलवे मेंस कांग्रेस, दपू रेलवे मेंस यूनियन तथा दक्षिण पूर्व रेलवे मजदूर संघ शामिल है। पिछले चुनाव (2013) में दक्षिण पूर्व रेलवे में मेंस कांग्रेस का दबदबा रहा था।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़क पर उतरे हिंदू


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ झारखंड सहित देशभर में हिंदू संगठन विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं धनबाद में हिंदू संगठन भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़क पर उतरे आये हैं। बुधवार को सभी हिंदू संगठनों ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके हाथों में भगवा झंडा था। प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद रणधीर वर्मा चौक से पदयात्रा भी निकाली गयी गौरतलब है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की बेदखली के बाद




अल्पसंख्यकों खासतौर पर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ गया है। इतना ही नहीं वहां मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ वहां मौजूद हिंदू संगठन लगातार आवाज उठा रहे हैं।सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास ने भी हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदिघी मैदान में एक विशाल रैली की। जिसके बाद राजद्रोह के आरोप में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हुई हिंसा को लेकर हिंदू समुदाय में खासी नाराजगी और आक्रोश है। सैकड़ों की संख्या में लोग बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और कत्लेआम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। रणधीर वर्मा चौक में प्रदर्शन कर पदयात्रा में भारी संख्या में हिंदू संगठन के साथ-साथ भाजपा के पूर्व सांसद पी एन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो,भाजपा नेता अमरेश सिंह,भाजपा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता,भाजपा नेत्री तारा देवी समेत सैकड़ों लोगों पैदल मार्च कर समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से इस संबंध में अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की गई।

## सीआईएसएफ की कड़ी सुरक्षा में डीवीसी ट्रेड यूनियन का हुआ चुनाव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** सीआईएसएफ जवानों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में डीवीसी मैथन के प्रशासनिक भवन में मंगलवार को ट्रेड यूनियन का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इस चुनाव में कुल 6 ट्रेड यूनियन चुनाव लड़ रहे थे जिसमें श्रमिक यूनियन, कर्मचारी संघ, कामगार संघ ,स्टाफ एसोसिएशन, मजदूर संघ एवं हिंद मजदूर किसान यूनियन शामिल है मैथन में कुल 275 मतदाता थे जिसमें से 266 मतदाता अपना मत का प्रयोग किया जबकि 9 लोग अनुपस्थित रहे इसके बाद मत पेटियों को सील कर सुरक्षित रख दिया गया कल यानी 4 दिसंबर को मतगणना कोलकाता मुख्यालय एवं डीवीसी मैथन के प्रशासनिक भवन में एक साथ होगा इसके बाद तय हो जाएगा कि इस बार डीवीसी में मान्यता प्राप्त यूनियन कौन होगा।

## सनातन धर्म जागरण समिति ने रणधीर वर्मा चौक में दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनातन धर्म जागरण समिति द्वारा रणधीर वर्मा चौक धनबाद में आयोजित पदयात्रा व धरना में सम्मिलित हुए झरिया के विधायक रागनी सिंह,बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह,धनबाद विधायक राज सिन्हा,भाजपा नेत्री तारा देवी व अन्य ने एक स्वर में कहा कि बांग्लादेश में सनातनी समाज के हिन्दू, सिक्ख, जैन, बौद्ध और मठ मंदिरों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण अत्याचार हो रहा है,जिसके खिलाफ आज सनातन धर्म जागरण समिति द्वारा रणधीर वर्मा चौक में बांग्लादेश इस्कॉन मंदिर के धर्मगुरु के रिहाई तथा धरना व विशाल पद यात्रा में सम्मिलित होकर बांग्लादेश सरकार से सनातनियों पर हो रहे हमले को रोकने की मांग की। इस पदयात्रा में मुख्य रूप से झरिया विधायक रागनी सिंह,बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो , धनबाद विधायक राज सिन्हा , भाजपा नेत्री तारा देवी, शेखर सिंह,बेंगू ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग सहित काफी संख्या में हिन्दू समाज व संगठन के लोग शामिल थे।

## 39 माह के एरियर और मेडिकल जांच को लेकर मजदूर एक जुट : बिके चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस्पातकमीर्यों का 39 महिने का एरियर सहित लम्बित मांगो और ठेकाकमीर्यों के मेडिकल जांच मे हो रहे बिलम्व, बेतन से पैसा नही लोटाने पर गेट पास रोकने ,एस डब्लू को भी ई एस आई के दायरे मे लाने इत्यादि ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्लांट के हर बिभाग मे जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा चलाये जा रहे जनजागरण कार्यक्रम के तहत आज तीसरे दिन फाईव स्टोर के सामने इस्पातकमीर्यों और ठेकाकमीर्यों की मिटिंग हुई जिसमे शाप्स एण्ड फाउन्ड्री, बिभाग के मजदूरों ने भाग लेकर प्रबंधन और एन जे सी एस नेताओं के प्रति आक्रोश ब्यक्त किया । कार्यक्रम मे उपस्थित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने कहा कि बोकारो स्टील एक सरकारी उपक्रम है बाबजूद 9 जूलाई 24 को सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद मे हुए त्रिपक्षीय समझोता का उल्लंघन प्रबंधन कैसे कर सकता है जिसमे स्पष्ट है कि 7 दिन दबा सेवन के बाद मजदूरों का मेडिकल या री-मेडिकल होगा लेकिन दो दो महिना बीत जाने के बाद भी मेडिकल जांच नहीं करबाना कहीं से भी न्यायोचित नही है ।एक तरफ पैसा नही लौटाने पर काम से निकाला जाना दूसरी तरफ मेडिकल जांच मे बिलम्व मजदूरों नियति बन चूका है और प्रबंधन मूकदर्शक बना हुआ है जिसके कारण हर बिभाग के मजदूरों मे आक्रोश है ।दुसरे तरफ एस डब्लू मे काम कर रहे ठेकाकमीर्यों को ई एस आई के दायरे से बाहर कर दिया गया है इसलिए प्रबंधन को ऐसे मजदूरों के आश्रितों सहित ईलाज बोकारो जेनरल अस्पताल मे करबाना चाहिए। 39 महिने का एरियर सहित अन्य मांगो पर प्रबंधन का मूक दर्शक बने रहना प्लांट हित मे नही है ।इसलिए प्रबंधन को चाहिए कि उपरोक्त समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए तीव्र गति से समाधान करे अन्यथा 14 दिसम्बर को अधिशासी निदेशक संकार्य कार्यालय पर होने बाले बिराट प्रदर्शन के माध्यम से मजदूर किसी भी हद तक जाने का घोषणा किया जा सकता है ।

## भेलाटांड़ में तालाब में मिला महिला का शव, दो पुलिस हिरासत में



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ स्थित छठ तालाब में संदिग्ध अवस्था में मुन्नी देवी (29 वर्ष) का शव मिलने के मामले में सोमवार को मृतका के मायके हजारीबाग जिला विष्णुगढ़ के अजलजामु से परिजन व गांव के लोग बरवाअड्डा थाना पहुंचे। थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि से मिलकर कहा कि मुन्नी देवी (29 वर्ष) की हत्या की गयी है और इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को तालाब में फेंक दिया गया है।

**पति पर लगाया तलाक मांगने का आरोप :**

मृतका मुन्नी के मामा बसंत सोनी ने बताया कि 2012 में मुन्नी की शादी दिनेश सोनार के साथ हुई थी। शादी बाद से ही पति दिनेश सोनार व उसके ससुरालवाले मुन्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। गत अगस्त माह में भी दिनेश सोनार ने निर्मम तरीके मुन्नी की पिटाई की थी। तब मुन्नी ने धनबाद महिला थाना में लिखित शिकायत की थी। फिर थाना में मुन्नी को ठीक से रखने का वादा कर बांड भरकर दिनेश सोनार छुटा था। बसंत सोनी ने दिनेश सोनार पर दूसरी लड़की से संबंध होने का भी आरोप लगाया। कहा कि दिनेश मुन्नी पर लगातार तलाक देने का दबाव बना रहा था। दिनेश व उसके घरवालों ने मुन्नी की हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया। सोनी ने पुलिस से भेलाटांड़ लाहबनी धैया निवासी दिनेश सोनार व उसके परिजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

**ससुराल वाले गरम रड से मुन्नी को दागते थे : अनिता देवी**

मृतका मुन्नी देवी की मां स्व. जुगल प्रसाद की पत्नी अनिता देवी ने कहा कि गत तीन वर्षो से मुन्नी को उसके ससुरालवाले कुछ ज्यादा ही परेशान कर रहे थे।

# बीएसएल में संविदा कर्मियों के लिए दुर्घटना बीमा योजना आरंभ, लाभार्थियों को प्रदान किए गए पॉलिसी प्रमाण पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल में कार्यरत ठेका श्रमिक हमारे कार्यबल के अभिन्न अंग हैं और बोकारो स्टील प्लांट उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में कई योजनाओं की पहल की गयी है और उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में हाल ही में संविदा कर्मियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की पहल की गई थी जिसके चार लाभार्थियों को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा पॉलिसी प्रमाण पत्र का वितरण कर सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की औपचारिक शुरूआत की




गई। इस मौके पर अधिशासी निदेशक सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक-प्रभारी राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधकगण, मानव संसाधन प्रभाग के वरीय अधिकारी तथा कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन की ओर से जगदीश चौधरी, सुनील कुमार महतो, मधुकर, अरविन्द सिंह, अवधेश कुमार सिंह एवं अशोक तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक हरि मोहन झा ने सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के विषय में सभी को विस्तृत जानकारी दी। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना संविदा कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बीएसएल द्वारा कॉन्ट्रैक्ट लेबर मैनेजमेंट और संविदा कर्मियों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे विभिन्न पहल में सहयोग करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि बीएसएल की पहल पर संविदा कर्मियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की बीमा पॉलिसी बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट, जो कि संविदा कर्मियों का एक पंजीकृत ट्रस्ट है, द्वारा प्राप्त की गयी है। सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना संविदा कर्मी की आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में दस लाख रुपये का वार्षिक बीमा कवर प्रदान करती है। लगभग 12000 संविदा कर्मचारी को इस पॉलिसी के तहत बीमाकृत किया गया है। आगे चलकर बीएसएल में किसी भी कायार्देश में ठेकेदारों द्वारा संविदा कर्मियों के लिए गेट पास जारी करने से पहले सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की बीमा पॉलिसी के कवरेज के तहत उनका बीमा करवाना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल यूनियन मान्यता के लिए पहले दिन का चुनाव संपन्न



**धनबाद :** रेल यूनियन के मान्यता प्राप्त के लिए हो रहे चुनाव का आज पहला दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन और ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन का उपलब्धियां को देखते हुए रेल कर्मचारियों का झंडा छाप के तरफ विशेष झुकाव रहा इस चुनाव में धनबाद में पंच चुनाव केंद्र बनाया गया था जिसमें रेलवे ऑडिटोरियम,सेफ्टी कैंप,टी आर डी ट्रेनिंग डिपो,कैरिज एंड वैगन डिपो और डीआरएम ऑफिस शामिल था। सुबह 8 :00 बजे से चुनाव प्रकिया शुरू हुआ जबकि शाम 5 :00 बजे तक चुनाव सम्पन हुआ। आप को बता दे की यह चुनाव 4,5,और 6 दिसंबर निर्धारित किया गया है।

### डीएलएड के फाइनल परीक्षा में शत-प्रतिशत छात्र हुए उतीर्ण



वासिम अंसारी विकाश कुमार चांदनी कुमारी


**धनबाद :** कुमार बी.एड कॉलेज, खरनीमोड धनबाद के छात्रो ने डी.एल.एड सत्र 2022-24 के फाइनल परीक्षा में शत-प्रतिशत प्रशिक्षु प्रथम श्रेणी से उतीर्ण रहे जिसमे प्रशिक्षु छात्र वासिम अंसारी 86.35 प्रथम, विकाश कुमार 86.14 द्वातिए, चांदनी कुमारी 84.42 त्रितिए प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज का नाम रौशन किया। छात्रो के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ पवन कुमार ने कहा की कॉलेज में शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण और शिक्षकों का छात्रो के प्रति समर्पण सफलता का बड़ा कारण है। कॉलेज के निर्देशक प्रमोद कुमार ने सभी छात्रो की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाये दी विभागाधक्ष देबू रजक ने सभी छात्रो को उनकी मेहनत का फल मिलने पर प्रसन्नता जाहिर किया है मौके पर डॉ अभिलाषा कुमारी, श्वेता कुमारी, कृष्णा चन्द्र राम, रुपाली गोराई, महावीर प्रसाद कुमार, आकाश कुमार ने प्रशिक्षुओ को उनकी सफलता पर बधाई दी।

### दिव्यांगता सप्ताह के तीसरे दिन पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने देखी फिल्म



**धनबाद:** दिव्यांगता सप्ताह के अवसर पर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए धनबाद राउंड टेबल 342 द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को आईनॉक्स बिग बाजार में भूल भुलैया 3 फिल्म दिखाई गई, जिससे बच्चों में अत्यधिक उत्साह और खुशी का माहौल बना। इस पहल से न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ा,बल्कि समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता भी फैलाने में मदद मिली ।कार्यक्रम में राउंड टेबल 342 के अध्यक्ष अनूप गोयल उपाध्यक्ष सुरज सरिया,सचिव रोहित अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विनीति लोहरीवाल,पंकज गोयल,पुनित राज गढ़िया के अलावा,पहला कदम स्कूल से सचिव,अनीता अग्रवाल और कौशल अग्रवाल भी उपस्थित थे ।अनीता अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ और समाज में दिव्यांगता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में समावेशिता को बढ़ावा और बच्चों को एक सकारात्मक संदेश मिलता है।

### ओल्ड एज होम में मनी छोटन राम की तृतीय पुण्यतिथि



**धनबाद:** सबलपुर सहयोगी नगर, सेक्टर तीन स्थित ओल्ड एज होम में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र वर्मा ने बुधवार को अपने पिता स्वर्गीय छोटन राम का तृतीय पुण्यतिथि मनाई। उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर उनके पोता सौरभ कुमार वर्मा तथा कई मित्र बंधु उपस्थित थे। आश्रम के सभी वृद्ध माता एवं पिता ने भी मृतक प्रतिमा को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकार श्री वर्मा ने कहा की जब भी पिता का पुण्यतिथि आती है तो हमेशा कोशिश रहती है की उनका पुण्यतिथि किसी वृद्धा आश्रम में ही मनाया जाय। ताकि आश्रम में रहने वाले वृद्ध माता एवं पिता को अपने हाथों से स्वादिष्ट भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकूं। इससे मन को बहुत शांति मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने मित्रों से आग्रह भी करेंगे कि यदि अपना जन्मदिन,पत्नी का जन्मदिन,बच्चे का जन्मदिन,शालगिरह,या पुण्यतिथि किसी वृद्धा आश्रम में ही मनाये। इससे मन को बहुत शांति मिलेगी। आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी एवं उनके टीम का काफी सहयोग रहा है। केयरटेकर बहुजन सोरेन का भी सराहनीय योगदान रहा।

### पुस्तकालय विद्यालय का आवश्यक अंग : संजय बैद

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आजाद नगर में लोहे की बुक सेल्फ उपलब्ध कराई गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की सरकारी स्कूल को स्मार्ट बनाने और अच्छे बदलाव के लिए रोटरी क्लब द्वारा स्कूल को किताब रखने की लोहे की बुक सेल्फ दी गई है। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा की पुस्तकालय में किताबें अब व्यवस्थित तरीके से रह पाएंगी एवं बच्चों को ढूंढने में भी आसानी होगी। संजय बैद ने कहा कि छात्रों को अब जानकारियां एकत्रित करने में सहुलियत होगी। संजय बैद ने कहा की पुस्तकालय विद्यालय का आवश्यक अंग है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा की चास रोटरी क्लब भविष्य में भी स्कूल को निरंतर रूप से अपना हर संभव सहयोग उपलब्ध कराते रहेगा। मुकेश ने कहा की रोटरी क्लब चास जरूरतमंदों की सेवा में हमेशा तत्पर रहा है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सर्व सनातन समाज ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**लोहरदगा :** जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष समाहरणालय मैदान में सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे आक्रमण के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सर्व सनातन समाज के संयोजक मनोज दास ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं। इस जिले के नागरिक इस कुकृत्य का भरपूर विरोध करते हैं। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इसे रोकने के जगह केवल मुकदर्शक बनी हुई है, यह बहुत ही चिंता का विषय है। लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन पर अन्याय और अत्याचार का नया दौर उभरता दिखाई दे रहा है। इस पर बांग्लादेश सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। दीपक कर्मकार ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व को इस विषय पर चिंता करना चाहिए। खासकर दादा कहे जाने वाले देश अमेरिका को कार्रवाई करनी चाहिए। मनोज पांडे ने कहा कि बांग्लादेश के निर्माण में भारत का भरपूर योगदान रहा है। आज बांग्लादेश इस बात को भूलकर वहां रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों पर जिस प्रकार का कार्य को करते देख रहा है, यह पूरे विश्व में निंदनीय विषय है। लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर प्रहार बंद होना चाहिए। कट्टरपंथी उग्रवादियों को समाप्त करना चाहिए। पूर्वी सीमांत के उग्रवादी उपद्रव मचाने के फिराक में लगे हैं उन्हें भी रोकने का प्रयास करना चाहिए। कलावती उरांव ने कहा कि मानव जाति के लोग इस प्रकार के कुकृत्य कार्य नहीं करते जैसा कि बांग्लादेशी मानव कर रहे हैं। यह घोर चिंता का विषय है। शरद चंद्र आर्य ने कहा कि हमारी संस्कृति सर्वो भवंतु सुखी का रहा है और बांग्लादेश में खुलेआम लोकतंत्र की हत्या हो रही है। हिंदुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना होगा। इसके लिए पूरे विश्व को सनातन विश्व के सनातनी को एक जुटता का परिचय देना होगा। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि 800 वर्षों की गुलामी के बाद भी हमारा धर्म नहीं हटा सकता लेकिन आज आपसी फूट के कारण दुश्मन हावी हो रहे हैं। इस पर स्वयं से चिंता करने का विषय है। हमें मानवाधिकार के ठेकेदारों को जागना पड़ेगा।

## सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए सिल्ली के तीरंदाजों का हुआ चयन



**सिल्ली :** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के तीरंदाजों का चयन सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ। कल दिनांक 1 और 2 दिसंबर को खेलगांव होटवार में आयोजित दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता में सिल्ली के तीरंदाजों ने बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया जिसमें एक रिकर्व राउंड में तमन्ना वर्मा, कंपाउंड राउंड में कृष चंद्र देव एवं बबीता कुमारी, इंडियन राउंड में वर्षा खलको और मनीषा कुमारी का चयन किया गया। बताते चले की झारखंड टीम में सभी चयनित तीरंदाज इसी माह के 14 से 20 दिसंबर तक जमशेदपुर में आयोजित सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो व रांची जिला संघ की अध्यक्ष नेहा महतो और सचिव चंचल भट्टाचार्य के साथ साथ कई खेल प्रेमियों में बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक घायल

**अनगड़ा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 33 तुरुप के पास एक मोटरसाइकिल वाले को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाईक वाहन को गंभीर चोट लगी बाद में थाना को सूचना दी गई और एन एच आई के एंबुलेंस को बुला कर इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया यह व्यक्ति सिशई भरनो का बताया गया।

# रेलवे स्टेशन से आरएमएस हटाने की बात पर सोशल मीडिया पर लोग जता रहे विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह):** दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कोड रेल मार्ग में 1906 ई.से रेलगाड़ियों का परिचालन शुरू हुआ। उक्त रेल मार्ग में अंग्रेजी शासन काल से ही कुछ वर्षों बाद सरिया स्थित हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर रेल मेल सेवा ( आर एम एस ) का कार्यालय जहां से रेल मार्ग द्वारा गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो सहित अन्य जिलों से पत्राचार मेल ट्रेनों द्वारा होता रहा है। परंतु इन दिनों विभागीय अधिकारियों द्वारा हजारीबाग रेलवे स्टेशन स्थित आरएमएस को हटा कर कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित आरएमएस कार्यालय में मर्ज करने की बात मंगलवार को दिन भर सोशल मीडिया पर चलती रही। इसे लेकर लोग सोशल मीडिया पर स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रेल मंत्रालय के खिलाफ आक्रोश भी जताते रहे। सरिया के स्थानीय लोग इस बात को लेकर आंदोलन के मूड में भी दिख रहे हैं। इसे लेकर लोगों का कहना है कि धनबाद रेल मंडल में हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन की स्थापना देश की आजादी के पहले अंग्रेजों के द्वारा करवाया गया था। उस समय भी इस रूट से गुजरने वाले सभी मेल और एक्सप्रेस का ठहराव हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में हुआ करता था। इसके अलावा रेलवे द्वारा हजारीबाग शहर तक सुगम यात्रा के लिए स्टेट बस का परिचालन , बी एस एफ के जवानों को सुगमता पूर्वक हजारीबाग स्थित मेरु कैम्प आने जाने के लिए व्यवस्था,देश के कोने-कोने से सुगमता पूर्वक खाद्य सामग्री , सीमेंट एवं अन्य सामानों की ट्रांसपोर्टिंग के लिए रैक प्वाइंट , हजारीबाग रोड से हजारीबाग शहर,रांची शहर को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य कई दशक पूर्व किया गया था। पारसनाथ से गुझंडी स्टेशन तक ट्रेन के यातायात को कंट्रोल करने के लिए टी आई कार्यालय आदि बड़े-बड़े रेलवे के कार्यालय यहाँ संचालित किया जाता रहा है। लेकिन एक साजिश के तहत हजारीबाग रोड स्टेशन से कई कार्यालय या जंक्शन निर्माण आदि उपलब्धियों को कोडरमा ले जाया गया। अब आरएमएस को भी ले जाने की बात कही जा रही है। इस बाबत विभागीय सूत्रों के अनुसार पूरे भारत वर्ष में आरएमएस के छोटे कार्यालय को बड़े कार्यालय में समाहित किया जाना है। इसके तहत कोडरमा आर एम एस छोटा कार्यालय है। उसे ही सरिया स्थित हजारीबाग रोड के आर एम एस में मर्ज करने को लेकर कर्मियों और अधिकारियों की बैठक ट्रेनिंग आदि कर लिया गया है।

**सांसद और रेल मंत्रालय के खिलाफ जताया आक्रोश**

# अंतरविभागीय खेलकूद प्रतियोगिता की फिटनेस को बढ़ाने में अहम भूमिका : सुब्रत दत्त


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** रांची फिटनेस लक्ष्यों तक पहुंचने और स्वस्थ वजन बनाए रखने में खेलकूद मदद करता हैं। खेल में सफलता से व्यक्ति में आत्मविश्वास और नवीन जीवन का संचार होता है, जिससे कार्य में विशेष उत्साह प्राप्त होता है। उक्त बातें उषा मार्टिन के अस्टिंट वाइस प्रसिडेंट सुब्रत दत्त ने कहीं। उषा मार्टिन में अंतरविभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच अवार्ड वितरण समारोह के अवसर पर उन्होंने यह बातें कहीं। इस अवसर पर एचआर हेड एन0एन झा ने कहा कि कार्यस्थल पर बेहतर मानसिक स्थिति के निर्माण में खेलकूद उत्प्रेरक का काम करता है। एवीपी देवेश गोयल ने कि खेलकूद के माध्यम से कारखाना में कार्यरत कर्मचारियों को इससे मनोबल बढ़ता है। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। लूडो में विवेकानंद पाहन और धनराज साव, चेस में मनीष शर्मा, कैरेमबोर्ड में सैकेत मुखर्जी और निखिल प्रकाश, टीटी सिंगल में देवदत्त राय और टीटी डबल में देवदत्त राय और अरुण डे, महिला लूडो में विद्या और प्रियंका, चेस में सुशीला गोप, कैरेम में स्नेहा और प्रिया बागची तथा टीटी सिंगल में स्नेहा विजेता रहें।


# साइबर खतरों से न रहें बेखबर : निर्मल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस के अवसर पर आज एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि झारखंड की पूर्व डीजी श्रीमती निर्मल कौर ने आज के दौर में साइबर सुरक्षा के बढ़ते मामलों के प्रति आगाह करते हुए इससे उपजे रैनसमवेयर, फिशिंग और स्पूफिंग के प्रति जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग व्यक्तिगत और संवेदनशील सूचनाएं एक-दूसरे से साझा करते हैं, जिससे बचना चाहिए। साथ ही विश्वस्तरीय एंटीवायरस के इस्तेमाल, और इंटरनेट से जुड़े माध्यमों की रोजाना मॉनिटरिंग भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने संवेदनशील लिंक पर क्लिक करने और ओटीपी तथा पिन की जानकारी साझा करने की प्रति भी सचेत किया। कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक माननीय प्रो. गोपाल पाठक ने साइबर सिक्योरिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए आज दुनिया में इसके बढ़ते खतरे के प्रति उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर करीबी नजर रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम लगायी जा सके।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना में संचालित होगा एमटीसी केंद्र पतरातू : डीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग के जरिये किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इसके बाद डीसी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने तथा प्रसव पूर्व जांच के तहत संतोषजनक कार्य नहीं करने वाली सहियाओं की पहचान करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि के लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पतरातू प्रखंड में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान डीसी ने पतरातू प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण कर जल्द से जल्द सिजेरियन सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

(3rd Call)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या&MID/KHUNTI/F,-14/2024-25 दिनांक–02.12.2024

कार्य का नामः–

| क्र० सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | +2 उच्च विद्यालय,कर्रा में पुराना भवन का जीर्णोद्वार कार्य | खूँटी | कर्रा | 24.991 | 0.05 | 120 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।

1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः 05.12.2024 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय 11.12.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समय 11.12.2024 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः–13.12.2024 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी / 7320969093 / email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा / राशि घट–बढ सकती है । तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नही होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR 341170 Minor Irrigation(24-25)D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

### पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना

कोडरमा जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमियों / युवा शिक्षित बेरोजगारों / स्वयं साहायता समूह के सदस्यों / प्रगतिशील पशुपालकों / सखी मंडल के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2025–26 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण / लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 33.33 प्रतिशत अनुदान) पर 50 दुधारू गाय / भैंस हेतु दो चरणों में कार्यान्वित किए जाने वाली कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना के लिए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिले में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्यक्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के इर्द–गिर्द इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा। लाभुकों के चयन में ग्राम पंचायत की अनुशंसा प्राप्त करना अनिवार्य होगी।

आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा से कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किए जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। योजना की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान प्रतिशत | बैंक ऋण | लाभुक अंशदान | लाभुक की अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 50 गायों / भैंसों की कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना | रू0 39,76,250.00 | 25% - सामान्य जाति<br>33.33% - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति | 65% - सामान्य जाति<br>56.67% - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति | सामान्य जाति – 10%<br>अनु0 जाति एवं जनजाति – 10% | इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमियों / युवा शिक्षित बेरोजगारों / स्वयं सहायता समूह के सदस्यों / प्रगतिशील पशुपालकों / सखी मंडल |

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में स्वयं आकर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 341196 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/06/2024-25*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DUF (जिला अनावद्ध) मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत / ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि(रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/01/2024-25 | दुलमी | ईचातु | दियान तालाब में गार्डवाल 325 फीट एवं 30 फीट का घाट निर्माण। | 2407400 | 49000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 2 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/02/2024-25 | गोला | बरियातु | ग्राम बड़कीकोईया के जादू महतो के खेत से कौलेश्वर महतो के खेत के सामने कोईया कामता रास्ता में गार्डवाल 350 मी० निर्माण। | 6763500 | 136000 | 10000 | 03 (तीन) माह |
| 3 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/03/2024-25 | पतरातु | जयनगर | जयनगर में दिलदार अंसारी के घर से श्मशान घाट तक ईटा सोलिंग एवं पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 6461400 | 130000 | 10000 | 03 (तीन) माह |
| 4 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/04/2024-25 | चितरपुर | चितरपुर | ग्राम पंचायत चितरपुर घासी टोला से दारूल मौहाला तक स्लैब सहित नाली निर्माण। | 3124700 | 63000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 5 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/05/2024-25 | रामगढ | दोहाकातु | ग्राम सोसो में (बगीचा टोला) मनसा महतो के घर से गणेश महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 9176100 | 184000 | 10000 | 03 (तीन) माह |
| 6 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/06/2024-25 | माण्डू | केदला मध्य | केदला मध्य के हाउसिंग मोड़ से केदला बस्ती तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। 500 मी० | 6679100 | 134000 | 10000 | 03 (तीन) माह |
| 7 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/07/2024-25 | गोला | सुतरी | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुतरी में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन। | 2161600 | 44000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 8 | RDSD/RAMGARH/6/ DUF/08/2024-25 | गोला | नावाडीह | बिहारी लाल बेदिया के घर से बाका गढ़ा तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। 500 मी० | 5437000 | 109000 | 10000 | 03 (तीन) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 07.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.12.2024 से 14.12.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 17.12.2024 अपराहन 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.341210 Rural Work Department(24-25):D कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा)
Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार संरचना / मकान / भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा / आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नही होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा– बैरिया, थाना–मेदिनीनगर, थाना नं0– 197
पत्रांक– 55(B) / भू0अ0, दिनांक–25.11.2024

| क्र0सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बैरिया | 73 | 42/18 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 1 | अनीता देवी पाल, पति शम्भु पाल | 3,59,933.00 |
| 2 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 2 | अंजना सिंह, पति अरविन्द कुमार सिंह | 68,531.00 |
| 3 | | 73 | 42/16 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 3 | आशा देवी, पति स्व० शंकर राम | 39,811.00 |
| 4 | | 73 | 42/12 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 4 | आशा तिवारी, पति श्री राजमणि तिवारी | 1,36,211.00 |
| 5 | | 73 | 21 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 5 | अवधेश सिंह, पिता स्व० विद्यासागर सिंह | 1,17,832.00 |
| 6 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 6 | बनारस पाण्डेय, पिता स्व० जगदयाल पाण्डेय | 13,270.00 |
| 7 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 7 | बसन्त कुमार पाण्डेय वो अशोक कुमार पाण्डेय, पिता बनारस पाण्डेय | 13,614.00 |
| 8 | | 73 | 42 | गै0मा0 | मकान हाता | 0.000 | 8 | कुन्दन कुमार पाण्डेय, पिता स्व० अजय दुबे | 9,05,802.00 |
| 9 | | 73 | 24/3 | गै0मा0 | मकान चापाकल | 0.000 | 9 | लक्ष्मी देवी, पति दामोदर पाण्डेय | 11,49,108.00 |
| 10 | | 73 | 42 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 10 | माया देवी, पति तीर्थराज कुमार पाण्डेय | 20,71,881.00 |
| 11 | | 73 | 42/11 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 11 | पंकज सिंह, पवन सिंह, पिता स्व० जुगल किशोर सिंह | 87,892.00 |
| 12 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 12 | प्रभा देवी, पति विजय कुमार सिंह | 35,199.00 |
| 13 | | 73 | 24 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 13 | प्रदीप कुमार दुबे, पिता गोपाल दुबे | 8,77,042.00 |
| 14 | | 73 | 42/10 | गै0मा0 | मकान हाता | 0.000 | 14 | राजेन्द्र महतो, पिता स्व० राम दास महतो | 5,05,723.00 |
| 15 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 15 | राम लखन सिंह, पिता स्व० जगन सिंह | 1,03,057.00 |
| 16 | | 73 | 42/5 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 16 | रामेश्वर भुईयां, पिता स्व० बालु भुईयां | 13,84,710.00 |
| 17 | | 73 | 42/11 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 17 | रेखा कुंवर, पति स्व० खेदु चौधरी | 85,085.00 |
| 18 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 18 | रेनु देवी, पति प्रदीप सिंह | 33,168.00 |
| 19 | | 73 | 42/5 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 19 | रेनू देवी, पति स्व० सुरजदेव प्रसाद पाल | 11,42,363.00 |
| 20 | | 73 | 24 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 20 | रेणु देवी, पति रामचन्द्र सिंह | 60,157.00 |
| 21 | | 73 | 42/11 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 21 | रोहन कुमार, पिता स्व० खेदु चौधरी | 85,085.00 |
| 22 | बैरिया | 73 | 42/11 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 22 | रुबी देवी, पति कुंदन राम | 6,91,096.00 |
| 23 | | 73 | 24/3 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 23 | सबिता देवी, पति दयानन्द सिंह | 23,00,485.00 |
| 24 | | 73 | 24 | गै0मा0 | मकान हाता | 0.000 | 24 | संतोष कुमार सिंह, पिता सीताराम सिंह | 2,57,201.00 |
| 25 | | 73 | 24/2 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 25 | शंकर राम, पिता राजमुनी राम | 26,76,864.00 |
| 26 | | 73 | 20/2 | गै0मा0 | मकान चापाकल | 0.000 | 26 | शारदा देवी, पति पुरन पासवान | 12,50,576.00 |
| 27 | | 73 | 42/4 | गै0मा0 | मकान | 0.000 | 27 | सीताराम मांझी, पिता स्व० सहदेव मांझी | 1,54,483.00 |
| 28 | | 73 | 42/5 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 28 | सोनी देवी, पति रिंकु राम | 1,43,349.00 |
| 29 | | 73 | 42 | गै0मा0 | हाता | 0.000 | 29 | सुरेन्द्र उरांव, पिता स्व० बाले उरांव | 46,247.00 |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 341115 (Palamu)24-25*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA

e-Procurement Tender Notice

Two Envelope System

Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/BD/SLI – 09/ 2024-25

Letter No. Date :- 04/12/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- | Construction of Solar Lift Irrigation Scheme at Gariyajor Block- Kurdeg |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,05,31,000=00 |
| 3. | Cost of Tender Paper (Rs.) | Rs. 10,000=00 |
| 4. | Earnest MoneyDeposit (Rs.) | Rs. 2,10,700=00 |
| 5. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in ) | Date 13/12/2024 Time 2:00PM. |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of tender on website | Date 27/12/2024 Time up to 5:00 PM. |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date-13/12/2024 Time- 2:00 PM.<br>Last Date- 27/12/2024 Time- 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date- 30/12/2024 Time- 02.00 PM |
| 11. | Officer Inviting Bids | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. |
| 12(a) | Contact no. of Procurement officer | 7004377291 |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | midivsimdg@gmail.com |
| 13. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 |

Note:-

➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of **10.HP** pumps (**AC/DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢ Only e-Tender will be accepted.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
M.I.Division,Simdega.

PR 341156 Simdega(24-25)D

# आधुनिक विकास और गंगा के अस्तित्व पर मंडराता संकट

कुमार कृष्णन

**वैज्ञानिक मानते है कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा।**

भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में कुल मिलाकर 2510 किमी की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरवन तक विशाल भू भाग को सींचती है, देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं, जन जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। 2071 कि.मी तक भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए यह सहायक नदियों के साथ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण गंगा का यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। 100 फीट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना माँ और देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और साहित्य में अपने सौंदर्य और महत्व के कारण बार-बार आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकतापूर्ण वर्णन किए गए हैं।



वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

गंगा बेसिन का लगभग 79 फीसदी क्षेत्र भारत में है। बेसिन में 11 राज्य शामिल हैं, जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली। गंगा बेसिन से जुड़े सवालों को लेकर गंगा मुक्ति आंदोलन की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर भवन, मिठनपुरा में ₹गंगा बेसिन : समस्याएं एवं समाधान₹ विषयक राष्ट्रीय विमर्श में जुटे देश के आठ राज्यों और नेपाल के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर गंगा के सवाल पर देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में नदियों का गाद से पेट भरना, प्रदूषण (औद्योगिक और नगरीय कचरा) पानी की कमी, बालू उठाव और खनन, नदी की जैव विविधता, ग्लेशियर का पिघलना, जलवायु संकट, कार्बन उत्सर्जन, पारिस्थितिकी असंतुलन, औद्योगिक क्रांति से पनपे विकास की विनाशकारी अवधारणा और जल जंगल जमीन पर जीने वाले समुदाय का अधिकार रहे। कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़कर आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ.राजीव सिन्हा, बीबीसी के चर्चित पत्रकार रहे राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व सांसद एवं चौथी दुनिया के संपादक संतोष भारतीय, बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे व्यास जी एवं विजय प्रकाश, उत्तराखंड के नदी कर्मी सुरेश भाई सहित तमाम लोगों की चिंता इस बात को लेकर रही कि आखिर विनाश का खेल कब तक जारी रहेगा। उत्तराखंड के सुरेश भाई का कहना था कि मध्य हिमालय में स्थित गौमुख ग्लेशियर में हो रहे बदलाव को समझना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि इसके चारों ओर के पर्यावरण संरक्षण और संयमित विकास पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उत्तराखंड में गंगा के उद्गम आपदा और जलवायु परिवर्तन के चलते बुरी तरह प्रभावित हैं। इस भयानक स्थिति के बाद भी गंगा की एक महत्वपूर्ण धारा भागीरथी के उद्गम से ही गंगा की निर्मलता को लेकर एनजीटी ने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी बात है कि भागीरथी के उद्गम में लाखों देवदार के पेड़ों पर संकट की तलवार लटक रही है। यहां चौड़ी सड़क बनाने के लिए घने देवदार के जंगल को काटने की तैयारी चल रही है। इस विषय को तो राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया जाना ही चाहिए और एक बार फिर देशवासी उद्गम से लेकर देश में जहां-जहां से गंगा बह रही है उन तमाम राज्यों से हो रहे प्रदूषण, अतिक्रमण, शोषण के खिलाफ एक बार फिर से ₹नदी बचाओ अभियान₹ की तर्ज पर एकत्रित होकर आवाज बुलंद करना चाहिए।

पूर्व सांसद अली अनवर का कहना था कि गंगा का सवाल धार्मिक मामला नहीं है, जिसका राजनीतिक दोहन किया जा रहा है, बल्कि यह सांस्कृतिक मामला है। धार्मिक भावनाओं का शोषण करने के लिए राजनीतिक दल के लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। नमामि गंगे योजना के नाम पर पिछले 10 साल से लूट मची है। यह योजना एक तरह से फेल है। पैसे भ्रष्टाचारियों व ठेकेदारों की जेब में जा रहे हैं। यकीनन यह सब गंगा को मारने की योजना है। विकास का विद्रूप चेहरा जो सभ्यता और संस्कृति की पावन धारा में सड़ांध पैदा करने से बाज नहीं आता। इस विकास का लक्ष्य गंगा की पवित्रता और अविरलता सुनिश्चित करना नहीं है, बल्कि इसकी निगाहें गंगा सफाई के लिए आवंटित बजट की बंदरबांट पर ही ज्यादा टिकी है।

गंगा एक संस्कृति का नाम हैं इसलिए गंगा की लड़ाई संस्कृति बचाने की लड़ाई हैं। गंगा मुक्ति आंदोलन के संस्थापक अनिल प्रकाश कहते हैं कि गंगा की हत्यारी आधुनिक विकास की नीति हैं। दिल्ली के पत्रकार प्रसून लतांत कहते हैं कि योजनाएं जब तक जनता की अपेक्षा के प्रतिकूल होगी तो यही होगा। गंगा या नदी घाटी की सभ्यता को बचाने के प्रयास तभी सार्थक होंगी, जब गंगा पर आश्रित समुदाय से विमर्श कर योजनाएं बने। मधुपुर झारखंड के पर्यावरणविद सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम जी की चिंता बांधों को लेकर है, उनके अनुसार अमेरिका के केनेसी वैली के तर्ज पर कोलकाता बंदरगाह को साफ करने के लिए दामोदर को बांधा गया, तत्पश्चात फरक्का बराज बनाया गया। फरक्का बराज का विरोध उस वक्त इंजीनियर कपिल भट्टाचार्य ने किया था। गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता अनिल प्रकाश ने गंगा समेत अन्य नदियों को दोहन से बचाने के लिए बड़े आंदोलन का आह्वान किया साथ ही कहा कि जब दूसरे देश में बांध तोड़े जा रहे हैं, तब वहीं आज भारत में विश्व बैंक से कर्ज लेकर बांध पर बांध बनने को हरी झंडी दी जा रही है। इसके मूल में राजनेता, नौकरशाही और ठेकेदारों का गठजोड़ है। सारा खेल कमीशन का है। इसके कारण पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार में लिप्त है। क्या कारण है कि बांधों के सवाल पर सरकारी कमेटी में शामिल विशेषज्ञों की राय को नजर अंदाज किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राजस्थान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, भागलपुर, कहलगांव एवं नेपाल के दर्जनों ऐसे लोग शामिल हुए, जो पर्यावरण, नदी, जल-जंगल-जमीन को लेकर काम कर रहे हैं। इस मौके पर वीरेंद्र क्रांति वीर, हेमलता महस्के, अखिलेश कुमार, कृष्ण कुमार माढ़ी, आदित्य सुमन, गणेश, राजा राम सहनी, चंदेश्वर राम, बागमती संघर्ष मोर्चा से नवल किशोर सिंह, ठाकुर देवेंद्र, डॉ संतोष सारंग, जगरनाथ पासवान, राम एकबाल राय, अरविंद, कृष्णा प्रसाद, डॉ नवीन झा, श्याम नारायण यादव, राजीव, शाहिद कमाल ने शिरकत की। साथ ही फैसला लिया गया कि 22 फरवरी 2025 को गंगा मुक्ति आंदोलन के वर्षगांठ पर कागजी टोला कहलगांव, भागलपुर में पुनः देश भर से परिवर्तनवादी जुटेंगे और आगे की योजना बनाएंगे। गंगा मुक्ति आंदोलन ने कई मुद्दों के साथ बिहार की नदियों में फ्री फिशिंग एक्ट बनाने के आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। 1990 में बिहार सरकार ने पारंपरिक मछुआरों को नदी में निःशुल्क मछली पकड़ने का अधिकार दिया था, जिसे छल और फरेब से अब शिथिल किया जा रहा है। बिहार में अभी स्पेशल जमीन सर्वे भी चल रहा है। नदियों की जमीन का सीमांकन (चौहद्दी ) और रकबा निर्धारित करने को लेकर अभियान चलाने की बात कही गयी। इसके साथ ही संकल्प लिया गया कि गंगा की अविरलता और निर्मलता बहाली के लिए, गाद के स्वाभाविक निदान के लिए फरक्का बराज को खोलने सहित सभी बांध बराज तटबंध को खत्म कर नदियों की प्राकृतिक अवस्था बहाल करने और किसी भी प्रकार का प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करने के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## संपादकीय

### सरकार की असफलता

बांग्लादेश में हिन्दू और अल्पसंख्यकों का विश्वास अर्जित करने में असफल रहने के कारण वहां की नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनूस की अंतिम सरकार की विश्वसनीयता पर खरोचें आ सकती हैं। तीन महीने पहले अगस्त में छात्रों के उग्र और हिंसक आंदोलन के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना पद छोड़कर भारत निर्वासित होना पड़ा था। तब मोहम्मद युनूस ने छात्र आंदोलन को 'दूसरे मुक्ति संघर्ष' की संज्ञा दी थी। अगर यह मन भी लिया जाए कि शेख हसीना की सरकार सर्व सत्तावादी और लोकतंत्र को कोई रौंदने वाली थी और छात्रों के हिंसक आंदोलन ने बांग्लादेश में लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने की उम्मीदें जगाई तो दूसरी ओर देश की सांप्रदायिक दरारों को भी उजागर किया। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस ने पिछले तीन महीनों के दौरान राष्ट्रीय एकता, समावेशी सरकार, लोकतंत्र की पुनर्स्थापना आदि बातें की और हिन्दुओं के तोड़े गए उपासना स्थलों, दुकानों और अन्य व्यापारिक संस्थानों का दौरा भी किया। बावजूद इसके हिन्दुओं के घरों पर हमले होते रहे और उन्हें मारा-पीटा जाता रहा। हैरानी की बात है कि मोहम्मद युनूस के हाव-भाव हिन्दुओं को किसी भी तरह आश्वस्त नहीं कर सका। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस्लामी उग्रवादियों के हाथों की कठपुतली बन गए हैं। इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास के बाद वहां की सरकार ने दो और हिन्दू साधुओं को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों से जाहिर होता है कि अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, मुआवजा और उनके पुनर्वास से संबंधित मांगों को लेकर सड़क पर उतरने वाले प्रदर्शनकारियों पर सरकार की सख्ती बढ़ती जा रही है। अल्पसंख्यक पत्रकारों और वकीलों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। भारत सरकार वहां की सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की लगातार मांग कर रही है। ममता बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वहां उत्पीड़ित हिन्दुओं को भारत वापस लाने की अपील की है। शेख हसीना के शासन में अल्पसंख्यक सुरक्षित भले रहे हों, लेकिन उन्होंने सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने का प्रयास नहीं किया। पिछले तीन महीना में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2000 से ज्यादा हिंसक वारदात हुए हैं। यह जाहिर करता है कि युनूस की सरकार लोगों की जानझमाल की सुरक्षा करने में असफल साबित हो रही है। उन्हें तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि अल्पसंख्यकों में सरकार के प्रति विश्वास का पुनर्निर्माण हो सके।

## चिंतन-मनन

### अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

# मानव जनसंख्या की वृद्धि आवश्यक है




संजय गोस्वामी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं का नाम लिए बिना भारत में उनकी घटती आबादी पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि यदि समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत से कम हो जाये तो समाज को किसी को नष्ट करने की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं ही नष्ट हो जायेगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है। यह कथन सही है क्योंकि आंकड़े बताते हैं प्राकृतिक पर्यावरण अपनी वहन क्षमता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिस तरह कोरोना और किसी भी रोगो से मृत्यु हुई है उसका जन्म भी होना चाहिए पर्यावरण में जीवन-निर्वाह संसाधन सीमित हैं और व्यक्तिगत प्रजातियों के सदस्यों के लिए अधिक जनसंख्या घनत्व और अन्य प्रजातियों से प्रतिस्पर्धा, अन्य कारकों के अलावा कम हो सकते हैं।

इसके अलावा, प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रवास सभी खाद्य उपलब्धता, साथी की उपलब्धता और प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं जैसे पर्यावरणीय तनाव कारकों से प्रभावित होते हैं।विश्व की मानव जनसंख्या ने 18वीं शताब्दी से घातीय वृद्धि का अनुभव किया, लेकिन 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। हालाँकि देशों के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में काफी भिन्नता है और कुछ क्षेत्रों में वृद्धि दर में वृद्धि जारी है, लेकिन समग्र वृद्धि दर घट रही है।नवंबर 2024 में दुनिया की मानव आबादी 8.2 बिलियन तक पहुँच गई और 2080 तक 10.4 बिलियन तक पहुँचने और सदी के अंत तक उस स्तर पर बने रहने का अनुमान है। हालाँकि मानव मृत्यु दर औसतन कम हो रही है, लेकिन घटती जनसंख्या वृद्धि दर का मुख्य कारण कम प्रजनन क्षमता है। प्रजनन व्यवहार पैटर्न के आधार पर प्रजनन क्षमता भिन्न होती है, जो बदले में सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक आर्थिक स्थितियों, गर्भनिरोधक तक पहुँच और जनसंख्या घनत्व जैसे पारिस्थितिक चर जैसे कारकों पर निर्भर करती है।जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या पारिस्थितिकी में, किसी विशेष समय अवधि के दौरान किसी विशेष स्थान पर किसी निश्चित पौधे या पशु प्रजाति के सदस्यों की संख्या में परिवर्तन। जनसंख्या वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों में प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और जानवरों में प्रवास शामिल हैं - यानी किसी विशेष स्थान पर आप्रवास या प्रवास। समय के साथ जनसंख्या में औसत परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि दर कहा जाता है। सकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या वृद्धि को इंगित करती है, और नकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या में कमी को इंगित करती है। किसी दिए गए वातावरण में जनसंख्या की ऊपरी सीमा, जिसे पर्यावरण की वहन क्षमता कहा जाता है, उस जनसंख्या के लिए जीवन-निर्वाह करने वाले संसाधनों की मात्रा और उपलब्धता से निर्धारित होती है।किसी दिए गए स्थान और समय अवधि में जनसंख्या वृद्धि दर की गणना जनसंख्या हानि, या मृत्यु दर और प्रवास की संयुक्त दरों को जनसंख्या लाभ, या प्रजनन क्षमता और आप्रवास की संयुक्त दरों से घटाकर की जा सकती है। प्रजनन क्षमता एक निश्चित पर्यावरणीय परिस्थितियों में एक व्यक्तिगत प्रजाति के सदस्य द्वारा समय अवधि में औसतन पैदा की गई संतानों की संख्या है। प्रजनन क्षमता को प्रजनन क्षमता से भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए - किसी प्रजाति के सदस्य द्वारा किसी निश्चित समय अवधि में पैदा की जा सकने वाली संतानों की सैद्धांतिक अधिकतम संख्या।

जनसंख्या का लिंग अनुपात और आयु संरचना प्रजनन दर को प्रभावित करती है, क्योंकि वे प्रजनन करने में सक्षम व्यक्तियों की संख्या को सीमित करते हैं।जनसंख्या वृद्धि गतिशीलता को एस-आकार के वक्र में ग्राफि क रूप से दर्शाया जा सकता है, जिसे लॉजिस्टिक वक्र के रूप में जाना जाता है। लॉजिस्टिक वक्र (दाएं) विकास में प्रारंभिक अंतराल, घातीय वृद्धि का विस्फोट और अंत में जनसंख्या वृद्धि में गिरावट का प्रतिनिधित्व करता है। जब जनसंख्या घनत्व अधिक होता है, तो संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा, शिकार या बीमारी के बढ़ते संक्रमण के कारण मृत्यु दर में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप वक्र के अंत में वृद्धि में पठार होता है। पर्यावरण में मौसमी विविधताओं के साथ सहसंबंध में जनसंख्या वृद्धि दर में भी उतार-चढ़ाव हो सकता है। उदाहरण के लिए, गहरी झीलों में, वसंत के पिघलने से झील की सतह पर ठंडा, गहरा पानी ऊपर उठता है, जिससे पोषक तत्व निकलते हैं जो फिर शैवाल, बैक्टीरिया और प्रोटोजोआ (पानी का खिलना देखें) सहित प्लवक की वृद्धि में तेजी लाते हैं।विभिन्न प्रजातियों की जनसंख्या वृद्धि शिकारी-शिकार संबंधों द्वारा भी निर्धारित की जा सकती है - उदाहरण के लिए, जूप्लैंकटन (सूक्ष्म जलीय जानवर) की आबादी में वृद्धि के बाद, उनके शैवाल शिकार की आबादी कम हो सकती है या धीमी दर से बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप जनसंख्या पैटर्न में उतार-चढ़ाव होता है, जैसे कि स्नोशू हरे और लिंक्स की आबादी का चक्रीय उतार-चढ़ाव, होते हैं। हाल के दशकों में मनुष्यों में घटती मृत्यु दर ने जनसंख्या की आयु संरचना को बदल दिया है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा यह भविष्यवाणी की गई है कि 2050 तक दुनिया की 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों की आबादी 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की आबादी से दोगुनी हो जाएगी। इसका मतलब है कि आने वाले दशकों में आनुपातिक रूप से कम लोग प्रजनन आयु के होंगे, जो जनसंख्या वृद्धि में गिरावट में योगदान देगा। वहन क्षमता और घातीय बनाम तार्किक जनसंख्या वृद्धि एक आदर्श वातावरण में (जिसमें कोई सीमित कारक नहीं होते) जनसंख्या घातीय दर से बढ़ती है। इन आबादियों का विकास वक्र चिकना है और समय के साथ तेजी से बढ़ता जाता है (बाएं)। हालाँकि, सभी आबादियों के लिए, खाद्य पदार्थों की कमी, अन्य संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा या बीमारी जैसे कारकों के कारण घातीय वृद्धि कम हो जाती है। जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और संसाधन तेजी से दुर्लभ होते जाते हैं, आबादी अपने पर्यावरण की वहन क्षमता (ड) तक पहुँच जाती है, जिससे उनकी वृद्धि दर लगभग शून्य हो जाती है। यह आबादी वृद्धि का एक र-आकार का वक्र बनाता है जिसे लॉजिस्टिक वक्र के रूप में जाना जाता है।वहन क्षमता, किसी प्रजाति का औसत जनसंख्या घनत्व या जनसंख्या आकार जिसके नीचे उसकी संख्या बढ़ने लगती है और जिसके ऊपर संसाधनों की कमी के कारण उसकी संख्या घटने लगती है। एक आवास में प्रत्येक प्रजाति के लिए वहन क्षमता अलग-अलग होती है क्योंकि उस प्रजाति के विशेष भोजन, आश्रय और सामाजिक आवश्यकताएँ होती हैं। अच्छे स्वास्थ्य की देखभाल भी बहुत महत्वपूर्ण है ।

# मोहन भागवत की सलाह पर स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत



कृष्णमोहन झा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान अक्सर देश में एक नई बहस को जन्म देते हैं लेकिन कई बार यह भी देखने में आता है कि वे जब व्यापक राष्ट्रीय हित से जुड़े किसी महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय व्यक्त करते है तब उस पर सार्थक विमर्श का हिस्सा बनने के बजाय संघ के प्रति पूर्वाग्रही वर्ग उसे एकदम खारिज करने की कोशिशों में जुट जाता है। यह कोई नई बात नहीं है। यह सिलसिला एक लंबे अरसे से चला आ रहा है लेकिन हर बार संघ प्रमुख की महत्वपूर्ण राय पर सार्थक बहस के अंत में यही निष्कर्ष निकलता है कि राष्ट्रीय हित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर संघ प्रमुख की राय की न तो अनदेखी की जानी चाहिए,न ही उस पर पूर्वाग्रही दृष्टि कोण अपनाया जाना चाहिए।

ताजा मामला संघ प्रमुख के द्वारा दिए गए  उस बयान से जुड़ा है जिसमें उन्होंने देश की प्रजनन दर में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए हर दम्पत्ति को तीन बच्चों को जन्म देने की सलाह दी है । संघ प्रमुख के इस बयान पर भी टीका टिप्पणी का सिलसिला प्रारंभ हो गया है परन्तु चिंताजनक रूप से गिरती हुई प्रजनन दर और उसके प्रभावों पर विचार करें तो संघ प्रमुख की राय की सार्थकता पर सवाल उठना मुश्किल प्रतीत होता है। गौरतलब है कि अतीत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी इसी तरह की राय व्यक्त कर चुके हैं। कुछ दिन पहले आंध्र प्रदेश सरकार टू चाइल्ड पालिसी भी वापस ले ली थी जिसके तहत दो से अधिक संतानों के माता-पिता पिता को स्थानीय चुनाव में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 2005 में तत्कालीन सरसंघचालक सुदर्शन जी ने भी कहा था कि दो या एक बच्चे के नियम में नहीं फंसना चाहिए । उनके कथन का आशय था कि हर दम्पत्ति को कम से कम तीन बच्चों को जन्म देना चाहिए।

मोहन भागवत  गत दिनों नागपुर में आयोजित कुठाले कुल सम्मेलन को संबोधित करते हुए जब यह कह रहे थे कि देश में हर दम्पत्ति को तीन बच्चों को जन्म देना चाहिए तब वे भली भांति यह भी जानते थे कि उनकी इस सलाह की टीका टिप्पणी अवश्य होगी इसलिए उन्होंने यह भी बताया कि उनकी इस सलाह का आधार क्या है। भागवत ने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या दर 2.1 से नीचे चली जाती है तब वह समाज नष्ट हो जाता है । जनसंख्या दर नीचे चली जाने से , कोई संकट न होने के बावजूद वह समाज नष्ट हो जाता है। बहुत से समाज और भाषाएं इसीलिए विलुप्त हो गए।

इसलिए जनसंख्या दर को 2.1 बनाए रखने के लिए तीन बच्चे पैदा करना चाहिए।

मोहन भागवत ने अपने संबोधन में कहा कि 1998 या 2002में हमारे देश की जो  जनसंख्या नीति तय की गई थी उसमें यह कहा गया था कि जनसंख्या दर 2.1 से कम नहीं होना चाहिए इस दर में को बनाए रखने के लिए हर दम्पत्ति के दो से अधिक बच्चे होने की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मोहन भागवत की इस सलाह पर राजनीति भी गर्मा गई है । कुछ राजनीतिक दल इसके विरोध में मुखर हो उठे हैं तो कुछ दलों ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त न करना ही उचित समझा है। दरअसल देश की जनसंख्या दर में गिरावट पर मोहन भागवत की चिंता को एकदम खारिज करने से पहले यह सोचने की भी आवश्यकता है कि जनसंख्या दर में गिरावट के और क्या परिणाम हो सकते हैं। जनसंख्या दर में गिरावट के इस परिणाम के बारे में तो मोहन भागवत ने सचेत कर ही दिया है कि जिस समाज में जनसंख्या दर 2.1 से नीचे चली जाती है वह समाज विलुप्त हो जाता है। अगर चीन जर्मनी और जापान जैसे देशों के उदाहरण से समझें तो ज्ञात होगा कि वहां जनसंख्या दर घटने से वर्किंग पापुलेशन तेजी से घट रही है और बुजुर्गो की आबादी बढ़ रही है।इसी कारण चीन और सिंगापुर जैसे देशों ने अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने का फैसला किया है। अब जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है तब  हमें भी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिक से अधिक युवा आबादी की जरूरत होगी। किसी भी देश की प्रगति में युवा शक्ति का महत्व पूर्ण योगदान होता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत की सलाह में भी यही संदेश छुपा हुआ है इसलिए उनकी सलाह पर अनावश्यक टीका टिप्पणी के बजाय उस पर गंभीरता से चिंतन होना चाहिए।

# जल जीवन मिशन में लापरवाही पर संवेदक को शोकॉज, छतरपुर के एसडीओ-जेई का वेतन रोका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत निमियां में चल रहे एमवीएस के कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने तय अवधि के अनुसार कार्य नहीं करने पर संबंधित संवेदक को शोकॉज किया। समीक्षा में पाया गया कि इस योजना में कनीय अभियंता व सहायक अभियंता ने भी लापरवाही बरती है। दोनों अभियंताओं ने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया है। उपायुक्त ने दोनों अभियंताओं को भी शोकॉज करने को बात कही। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया



तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। उपायुक्त ने छत्तरपुर में भी संचालित एमवीएस स्कीम का रिव्यू किया। इसमें पाया गया कि विभाग के जरिए एकरारनामानुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। जांच में संवेदक के जरिए कार्य करने वाले मजदूरों को पेमेंट भी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कार्य लंबित है। इस मामले में भी डीसी ने संवेदक को शोकॉज करने की बात कही। कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार संवेदक के साथ एकरारनामा रद्द करने पर भी विचार करने की बात कही। उन्होंने संबंधित सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक लगाने की बात कही। इसी तरह उपायुक्त ने हरिहरगंज, तोलरा, मझिआंव में संचालित मल्टी विलेज स्किम की समीक्षा कर कई बिंदुओं पर निर्देश दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत विभिन्न सहायक व कनीय अभियंता मौजूद रहे।

## एक नजर

### अज्ञात अपराधियों ने हथियार के दम पर की दुकान लूटने की कोशिश



**साहिबगंज:** जिला के मंडरो प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी–भगैया मुख्य सड़क के किनारे इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी मेहदी पोखर के समीप संचालित सतिश मार्बल दुकान में मंगलवार की मध्य रात्रि समय लगभग 12:48 बजे 10 नकाबपोश अज्ञात अपराधियों ने हथियार से लैश होकर शोरूम में चौरी से प्रवेश कर लूट की वारदात को अंजाम देने प्रयास किया परंतु इस वारदात को अंजाम देने में असफल रहे। इधर घटना की सूचना शोरूम के मालिक सतीश जायसवाल के द्वारा मोबाइल फोन से इशीपुर बाराहाट थाना की पुलिस को सूचना दे दिया। वही घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन अधिकारी पुलिस जवान के साथ पहुंचे और घटना की बार की से जांच में जुट गए, हालांकि हथियार से लेश चोरों की सीसीटीवी फुटेज क्षेत्र में आग की तरह वायरल हो रही है, और पुलिस प्रशासन इस घटना से जुड़े चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की प्रयास में लगी हुई है ।

### हाइवा की चपेट में आने से सुलेमान शेख की मौत

**साहिबगंज:** बोरियों थाना क्षेत्र के बोरियों जियो पेट्रोल के समीप हाइवा कि टक्कर से बाइक सवार राजमहल बेगमगंज के रहने वाले सुलेमान शेख 52 वर्ष की मौत हो गई वहीं बेटे अली हुसैन घायल हो गया। घायल पुत्र अली हुसैन ने बताया साहिबगंज दीप हॉस्पिटल में आंख दिखाने के लिए बाइक से पिता और मैं आए थे। जांच करने के बाद बांझी के रास्ते अपने घर राजमहल दोनों जा रहे थे। बोरियों जिओ पेट्रोल पंप के पास पीछे से एक हाइवा जेएच 16जी 8628 ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गिर गए इसी दौरान मेरे पिता के सिर पर हाइवा चढ़ गया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और किसी तरह मेरी जान बची मुझे भी हल्की–फुल्की चोटें लगी है। घटना की जानकारी बोरियों थाना प्रभारी पंकज वर्मा को मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया है।

### मोटरसाइकिल से धक्का लगने से बच्चा व मां घायल

**साहिबगंज/कोटालपोखर:** पाकुड़ बरहरवा मुख्य पथ पर मंगलवार के रात्रि 9 बजे लगभग बरहरवा से पाकुड़ जाने के क्रम में पलास बोना भंगापुल निकट कोटालपोखर के ओर से तेजगति आ रही मोटरसाइकिल ने पाकुड़ बोहरा टोला निवासी शीतल हांसदा उम्र 30 वर्ष मोटरसाइकिल मे बैठी महिला को धक्का मार फरार हो गया। उक्त घटना में मोटरसाइकिल के पीछे सीट पर बैठी महिला के गोद बैठा में 3 वर्षीय पुत्र सड़क पर गिर कर बेहोश गया और देखते ही देखते सड़क जाम हो गया। राहगिरो के मदत से बेहोश बच्चे को स्थानीय चिकित्सक के पास ले गया जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं गंभीर रुप से घायल महिला को पाकुड़ सोनाजोड़ी अस्पताल बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** बुधवार को बरहेट थाना पुलिस ने बरहेट थाना में दर्ज कांड संख्या 107/24 के नामजद आरोपी ललमटिया थाना क्षेत्र के चितरकोठी गांव निवासी कुर्बान अंसारी, पिता नेजाम अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र की एक महिला ने कुर्बान अंसारी के विरुद्ध बीते अक्टूबर 2024 को बरहेट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें महिला ने गोड्डा जिला क्षेत्र के ललमटिया थाना अंतर्गत चितरकोठी गाँव निवासी कुर्बान अंसारी पर आरोप लगाई है कि कुर्बान अंसारी उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसको ब्लैकमेल करता रहा है और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकियां भी देता रहता है। शिकायत के अनुसार महिला का मायका कुर्बान अंसारी का गांव चितरकोठी ही है। महिला के आवेदन पर दर्ज कांड पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# एआईडीएसओ ने कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन झारखंड राज्य कमिटी का प्रतिनिधिमंडल कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक से मिला और छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों को पीजी में नामांकन करने का मौका दिया जाए। ओल्ड कोर्स के सेमेस्टर 1st और 3rd के बैकलॉग स्टूडेंट की यथाशीघ्र परीक्षाएं आयोजित की जाए। कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक जेनेरिक पेपर की परीक्षाएं आयोजित नहीं की गई है परीक्षा की तिथि अभिलंब निर्धारित की



जाए। B.ed में दूसरे मैथड पेपर की परीक्षा ली जाए। PHD परीक्षा 2022 जिसकी लिखित परीक्षा 3-12-2023 को हुई थी। जिसका रिजल्ट अभिलंब जारी किया जाए। कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक महोदय ने उक्त मांगों पर सकारात्मकता दिखाते हुए जल्द परीक्षा आयोजित करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष रिंकी बांसियार, राज्य सचिव मंडली सदस्य शुभम झा,सगुण हांसदा, जतिन दास, अमित कुमार मौजूद रहे।

# साहिबगंज में दिव्यांगजनों को दिये गये नि:शुल्क मेडिकल सहयोग उपकरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बुधवार को साहिबगंज में पूर्व में आयोजित परीक्षण कैंप के माध्यम से चयनित लाभार्थियों को विभिन्न मेडिकल सहयोग उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला योजना पदाधिकारी के कर-कमलों द्वारा, अलिमको के सहयोग और भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से किया गया।

**दिव्यांगजनों को वितरित किए गए उपकरण**

बैटरी युक्त ट्राइसाइकिल, स्मार्टफोन, हियरिंग एड (सुनने में सहायक यंत्र), टीचिंग-लर्निंग मटेरियल। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना और उनके जीवन को अधिक सरल एवं आत्मनिर्भर बनाना है। स्मार्टफोन और टीचिंग-लर्निंग मटेरियल से उनकी शैक्षिक और व्यावसायिक क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा, जबकि ट्राइसाइकिल और हियरिंग एड उनकी दैनिक जिंदगी को अधिक सुगम बनाएंगे। जिला योजना पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि सरकार और सीएसआर की इस सहभागिता का उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में जोड़ना है। उन्होंने अलिमको और भारतीय स्टेट बैंक को इस अभियान में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लाभार्थियों और उनके परिवारों ने उपकरण प्राप्त करने के बाद अपनी खुशी और संतोष व्यक्त किया। यह आयोजन साहिबगंज में दिव्यांगजनों के जीवन को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आदिवासी बाहुल क्षेत्र के स्कूलों में नहीं होती कंप्यूटर की पढ़ाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सरकार ने आदिवासी के बच्चों बच्चियों को विद्यालय में कंप्यूटर का ज्ञान सही ढंग से मिले इसके लिए सरकार ने प्रत्येक हाई स्कूल में कंप्यूटर कक्षा चलाने कि लिए योजना तैयार कर रखा गया लेकिन यह योजना आदिवासी बच्चों बच्चियों को स्कूल में नहीं मिल पा रहा है। सरकारी अ व्यवस्था के कारण आज तक कसमार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय केदला स्कूल में कंप्यूटर कि व्यवस्था आज तक नहीं हो पाया है एक से 10 तक 90% आदिवासी बच्चे बच्चीयां स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर रहे है शिक्षा का गुणवत्ता विद्यालय में ठीक है शिक्षक बच्चों के प्रति विशेष ध्यान देते है यह जानकारी शिक्षा विभाग के सभी अधिकारीयों को मालूम है प्रत्येक सरकारी हाई स्कूलों में कंप्यूटर कि व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन आज तक उत्क्रमित हाई स्कूल होने का बावजूद भी केदला हाई स्कूल के बच्चे कंप्यूटर के ज्ञान से वंचित है इस बाबत पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा विभाग से संपर्क कर हाई स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं के हित में कंप्यूटर कुछ बनाने साठी कंप्यूटर स्कूल में चालू करने की मांग किया गया लेकिन आज तक क्या विभाग द्वारा कंप्यूटर हाई स्कूल में दिया नहीं गया उत्क्रमित उच्च विद्यालय केदला आदिवासी बाहुल क्षेत्र रहने के बावजूद भी आज तक स्कूली बच्चों बच्चियों को तकनीकी ज्ञान का शिक्षा नहीं दिया जा सका है।

# रामगढ़ छावनी में 438 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के किलाहरी ड्रील स्क्वायर में बुधवार को चौथे बैच के 438 अग्निवीर रिक्रूट्स ने देश सेवा की शपथ ली। कुल 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के समापन पर यह पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निवीर रिक्रूट्स ने पवित्र गीता व गुरु ग्रंथ को साक्षी मानकर देश व रेजीमेंट की आन-बान व शान एवं सुरक्षा की शपथ लेकर भारतीय सेवा के अंग बने। केंद्र के मेजर शुभम कालिता ने शपथ दिलाई। पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के किलाहरी ड्रील स्क्वायर में सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्र कंडपाल ने सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रिगेडियर ने



प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले चार रिक्रूट्स को मेडल पहनाकर व रेजिमेंटल का झंडा प्रदान कर पुरस्कृत किया। परेड में शामिल होने आए अग्निवीर जवानों के माता-पिता को ब्रिगेडियर ने पारंपरिक गौरव पदक भी प्रदान किया। अग्निवीर रिक्रूट्स का हौसला बुलंद करते हुए ब्रिगेडियर संजय चंद्र कंडपाल ने कहा कि अब सभी नौजवान सैनिक राष्ट्र की सेवा के लिए पंजाब रेजिमेंट की विभिन्न यूनिटों में तैनात किए जाएंगे, जहां सभी देश की सेवा व सुरक्षा में लगेंगे। इस दौरान जवानों को कई तरह के चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वे प्रशिक्षण के दौरान सिखाए गए सभी गुर को याद करते हुए चुनौतियों का सामना करते हुए अपने मिशन में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पंजाब रेजिमेंट का गौरवमयी इतिहास रहा है। पंजाब रेजिमेंट ने 11 युद्ध सम्मान हासिल किए हैं। महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, दर्जनों शौर्य चक्र, वीर चक्र सहित कई सामानों से यह रेजिमेंट सुशोभित है। कई ओहदे अपने नाम पर लिखे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एनडीआरएफ की टीम ने दिया आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण



**ईचागढ़ :** पटना के बिहटा स्थित एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन की टीम ने बुधवार को कुकडू प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों को बाढ़ नियंत्रण, रक्तस्राव नियंत्रण तकनीक, हृदयाघात के तुरन्त बाद दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार, हड्डी टूटने के बाद प्राथमिक उपचार के तौर पर खरपच्ची लगाने की तकनीक तथा घायलों को ले जाने की अलग–अलग तरीकों सहित आपदा प्रबंधन से जुड़े कई जानकारियां दी। इस दौरान कर्मियों को प्रशिक्षण का अभ्यास भी करवाया गया। इस दौरान कुकडू अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान भी मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण




**साहिबगंज:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के अध्यक्ष अखिल कुमार ने बढ़ती ठण्ड में आज व्यवहार न्यायालय परिसर में विभिन्न इलाकों से आये हुए असहाय, निर्धन जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने अपने हाथों से गरीबों को कम्बल ओढ़ाया। उन्होंने गरीबों से बातचीत भी की और उनकी समस्याओं से अवगत भी हुए और प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया कि इन लोगों कि समस्याओं का उचित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा टीम गठित कर रात को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ठंड से ठिठुर रहे लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाएगा और कोई भी असहाय खुले आसमान में रह रहे हैं तो उनको रैनबसेरा आदि में रहने का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य यही है की ठंड के कारण कोई भी गरीब या असहाय बीमार ना पड़े या कोई अप्रिय घटना न हो, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा यह कार्यक्रम लगतार चलाया जाएगा।

### पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिया गया प्रशिक्षण



**बरहरवा:** प्रखंड में 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को रामनगर तथा शुक्रवा शनि क्लस्टर के सहीया एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार से प्रारंभ हुई यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को समाप्त हो जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा के चिकित्सा प्रभारी डॉ पंकज कुमार की उपस्थिति में आयोजित इस प्रशिक्षण में दोनों क्लस्टर के सहिया एवं सेविका तथा स्वास्थ्य कर्मी को पल्स पोलियो के संबंध में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आयोजित दूसरे दिन के प्रशिक्षण में डब्ल्यू.एच.ओ. के निमाई चंद्र, सी.एच.ओ. रणवीर सिंह के अलावे सहियाओं में रोज मेरी हांसदा, मुन्नी देवी, श्रीति देवी, अनुराधा सिन्हा, एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों गण उपस्थितथे।

### जिला क्रिकेट अंडर -16 टूर्नामेंट में कंबाइंड इलेवन ने 140 रनों से दर्ज की जीत



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो–कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर–16 क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत बुधवार को कंबाइंड इलेवन बनाम असगार्जियन के बीच मैच खेला गया। कंबाइंड इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट में 202 रन बनाए। अर्जुन कुमार ने 12, अमूल कुमार ने 65, नयन शर्मा ने 54, नितेन ने 12 व शाहिद शेख ने 11 रन बनाए। असगार्जियन के गेंदबाज अनुराग ने 4, ध्रुव राय ने 2, अभिज्ञान व कुश ने 1–1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी असगार्जियन की टीम 9.4 ओवर में 62 रन बना कर ऑल आउट हो गई। प्रिंस ओझा व अभिज्ञान ने 14–14 रन बनाए। कंबाइंड 11 के गेंदबाज अभिराम पंडित ने 5, शाहिद शेख ने 3 व अमूल कुमार ने 2 विकेट लिए। कंबाइंड इलेवन ने 140 रनों से जीत दर्ज की। कंबाइंड इलेवन के अभिराम पंडित ने मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि सीनियर क्रिकेटर अभिषेक कुमार ने अभिराम पंडित को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

मुम्बई।

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेत मिलने के साथ ही लिवाली से बाजार में ये बढ़त आई। एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार ऊपर आया । दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 110.58 अंक करीब14 फीसदी बढ़त लेकर 80,956.33 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.04 फीसदी तकरीबन 10.30 अंक बढ़कर 24,467.45 के स्तर पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंकअपने नए शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफ़सी 1.82 फीसदी उछलकर 18 60.05 रुपये पर बंद हुआ। यह शेयर पिछले एक महीने में 8.52 फीसदी बढ़ा है। वहीं पिछले छह महीने के दौरान इसमें 25 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। इसके अलावा एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस के शेयर भी उछले हैं। वहीं भारती एयरटेल के शेयर में आज सबसे अधिक गिरावट रही । इसके अलावा टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, मारुति, रिलायंस के शेयर भी नीचे आकर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक और आईटी स्टॉक्स के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार में आज उछाल आया है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की हालिया खरीदारी से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। , एशिआई बाजारों में गिरावट के बाद भी घरेलू बाजारों में मजबूती रही।

वहीं गत सत्र में भी बाजार में तेजी रही थी। इससे पहले आज सुबह बुधवार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स करीब 190 अंक की बढ़त लेकर 81,036.22 पर खुला। इसी तरह निफ्टी-50 भी बढ़त में खुला और 24,500 के पास पहुंच गया।




# देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर महीने में मामूली गिरावट

## - रोजगार वृद्धि 2005 के बाद सबसे तेज

नई दिल्ली। देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर महीने में मामूली गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि रोजगार में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक ने अक्टूबर से नवंबर तक मामूली गिरावट सांकेतिक है। इस गिरावट से अंग्रेजी भाषा के प्रीमियम सूचकांक में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से होता है। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने इस वृद्धि दर को तारीफ की और बताया कि रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह गति अत्यंत तेज बढ़ी है, जो इस सर्वेक्षण के शुरू होने के बाद सबसे अच्छी है। उन्होंने कहा कि कारोबारी आत्मविश्वास में सुधार, नए ऑर्डर में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय मांग का जोरदार दिखावा है। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने निर्यात ऑर्डरों में सुधार का संकेत देते हुए यह बताया कि मांग में इजाफा देखा गया है। लेकिन कच्चे माल की कीमतों का वृद्धि और श्रम लागत की बढ़त से मुद्रास्फीति पर दबाव बना रहा है।

# अमेजन ने फाउंडेशन मॉडल की नई पीढ़ी 'नोवा' की घोषणा की

## - नए सेट में अमेजन नोवा माइक्रो, अमेजन नोवा लाइट और अमेजन नोवा प्रो शामिल

लास वेगास। अमेजन ने एडब्ल्यूएस के वार्षिक कार्यक्रम 'रीइन्वेंट' में एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एक नई पीढ़ी के अक्षमता श्रृंखला नोवा का बोलबाला किया है। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) की क्लाउड कंप्यूटिंग शाखा का फाउंडेशन मॉडल को 'नोवा' कहा जा रहा है। इस नई सेट में अमेजन नोवा माइक्रो, अमेजन नोवा लाइट और अमेजन नोवा प्रो शामिल हैं, जो अब उपलब्ध हैं। अमेजन नोवा प्रीमियर की भी जल्दी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम अपने फ्रंटियर मॉडल पर काम कर रहे हैं जो पिछले कुछ महीनों में बहुत प्रगति कर रहा है। हमारी उम्मीद है कि यह नया मॉडल भी हमें सफलता देगा। एडब्ल्यूएस के पूर्व सीईओ ने एक और धमाकेदार घोषणा की, जिसमें इमेज-जनरेशन मॉडल, अमेजन नोवा कैनवस और वीडियो-जनरेटिंग मॉडल शामिल हैं। इस नयी नई पीढ़ी ने तकनीकी दुनिया को दी है नई उम्मीदें।

# सीमेंट की कीमत पांच साल के निचले स्तर पर

## - भविष्य में भी किसी महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि की उम्मीद नहीं

मुंबई।

सीमेंट की कीमतों में गिरावट से खुशखबरी मिली है क्योंकि यह सभी उम्मीदवारों के लिए आकर्षक है, जो अपने सपनों के घर की नींव रखने की सोच रहे हैं। सीमेंट सेक्टर में तेज प्रतिस्पर्धा से कंपनियों के बीच मूल्य घटाने की चुनौती देने वाली है। पिछले पांच साल के निचले स्तर पर पहुंचने से यह बड़ी कामयाबी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मांग में कमी के कारण सीमेंट की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जो कंपनियों के लिए मूल्य निर्धारण में चुनौती बना रही है। इसे स्थिति भविष्य में भी बनी रहने की संभावना है, और किसी महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि की उम्मीद नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 25-26 तक मांग में सुधार की संभावना है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आवास मांग में पुनरुद्धार और रियल एस्टेट गतिविधियों से प्रेरित होगी। यह सीमेंट उद्योग के लिए बड़ी खुशखबरी है जिससे डिमांड-सप्लाई के बैलेंस में सुधार होगा। सीमेंट उद्योग की क्षमता में वृद्धि की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 30 के बीच लगभग 90 मिलियन टन सीमेंट क्षमता जोड़ने की संभावना है। वित्त वर्ष 27 और वित्त वर्ष 28 तक क्षमता चाहे 703 मिलियन टन और 723 मिलियन टन तक पहुंच सकती है। इस पूरे सेक्टर में सीमेंट की कीमतों में गिरावट और उद्योग की क्षमता में वृद्धि के अनुसार लोगों के लिए अपने सपनों के घर की निर्माण में नए आसानियां खुली है।

# भारत में 20 प्रतिशत साइबर अपराधों में हमलावरों ने डार्क वेब का किया इस्तेमालः रिपोर्ट

## - पिछले साल एम्स पर रैंसमवेयर हमलों के लिए भी डार्क वेब का इस्तेमाल हुआ था

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में कम से कम 20 प्रतिशत साइबर अपराधों को डार्क वेब का इस्तेमाल करके किया जा रहा है, एक रिपोर्ट में उजागर किया गया है।

डार्क वेब एक मंच है जिसे उपयोगकर्ता विशेष उपकरणों का इस्तेमाल करके पहुंच सकते हैं, पहचान करना और स्थान पता लगाना मुश्किल होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 20 प्रतिशत साइबर अपराधों में हमलावरों ने डार्क वेब का सहारा लिया है। ये अपराध डेटा सेंधमारी, हैकिंग, रैंसमवेयर आदि जैसे गंभीर अपराधों की ओर संकेत कर रहे हैं। गुरुग्राम स्थित लिसिएंथस टेक के सीईओ ने बताया कि एक व्यक्ति को डार्क वेब के माध्यम से गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल, एम्स पर रैंसमवेयर हमलों के लिए भी डार्क वेब का इस्तेमाल हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक डार्क वेब का



इस्तेमाल पिछले दशक में दोगुना हो गया है। साइबर सुरक्षा के मामले में उपयोगकर्ताओं को अलर्ट रहने की जरूरत है।

# एंटलर इंडिया 2025 में 50 स्टार्टअप में निवेश करेगा

## - 2.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा

नई दिल्ली। एंटलर इंडिया एक व्यापक उद्यम पूंजी कंपनी ने एक एम्बिशनस प्लान की घोषणा की है कि 2025 में 50 स्टार्टअप कंपनियों में 2.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने इस प्लान के बारे में बुधवार को जानकारी दी। पिछले साल, एंटलर इंडिया ने अपने पहले 7.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कोष के माध्यम से 30 स्टार्टअप कंपनियों में निवेश किया था। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनकी योजना अगले साल निवेश को और बढ़ाने की है, और 2025 में 50 स्टार्टअप में निवेश करने की है। अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2024 में वे 30 कंपनियों में निवेश कर चुके हैं, जिन्हें ने उनकी कंपनी के विचारों को सत्यापित करने और मजबूत दल बनाने का मौका दिया। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआती ग्राहकों को प्राप्त करने का अवसर मिला। एंटलर इंडिया की इस योजना से स्थानीय उद्यमियों और नौजवान उद्यमकर्ताओं के लिए एक साफ़ संकेत मिल रहा है कि भविष्य में वे अधिक संभावना से उनके सपनों को पूरा कर सकते हैं।

# आंध्र प्रदेशः अदाणी ग्रीन सौर ऊर्जा परियोजना में मंजूरी का मुद्दा

## - ग्रामीण इलाकों और कृषि क्षेत्रों को सस्ती बिजली मुफ्त मिलने की योजना का मामला

मुंबई।

आंध्र प्रदेश के पिछले मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के शासनकाल में 2021 में विवादास्पद अदाणी ग्रीन सौर ऊर्जा परियोजना को नियामकीय मंजूरी मांगी गई थी। इस परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों और कृषि क्षेत्रों को सस्ती बिजली मुफ्त मिलने की योजना थी लेकिन इस परियोजना के चारों ओर विवाद उभरने लगे हैं। 2021 से 2024 के बीच, आंध्र प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (एपीईआरसी) और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के बीच हुई जानकारियों से पता चलता है कि प्रोजेक्ट की शर्तों में ग्रामीण इलाकों को मुफ्त बिजली की 9 घंटे मिलने का दावा किया गया था। इसके साथ ही भारत सरकार के निर्धारित 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पाने में योगदान देने की बात की गई थी। अदाणी ग्रीन और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ हस्ताक्षरित बिजली बि ी समझौते में तो यह सभी उद्देश्य शामिल थे, लेकिन यह समझौता एक विवाद की मंजूरी से गुजरना पड़ा। एसईसी की जांच के अनुसार, अदाणी ग्रीन और एज्योर पावर के अधिकारियों ने राज्य के अधिकारियों को रिश्वत की पेशकश की थी। इस कार्रवाई में कई कानूनी मामलों का सामना करना पड़ा है। सीईआरसी ने 2022 में आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों के बीच बिजली खरीद-बि ी अनुबंध पर मंजूरी दी थी, जिसमें से 7 गीगावॉट बिजली आंध्र प्रदेश के लिए थी। बाकी भाग के अथवा पूरी खरीद को संभावित




वारंट के कारण रोक दिया गया था। आंध्र प्रदेश सरकार ने अपने लिए इस परियोजना को ग्रामीण इलाकों में सीधे बिजली आपूर्ति करने के लिए एपी रूरल एग्रीकल्चर पावर सप्लाई कंपनी के साथ संपर्क स्थापित किया था। इस सभी विवादों और उलझनों से जगन मोहन रेड्डी की सरकार को उठने वाले चुनौतियों का सामना करना होगा। इस मुद्दे पर सरकार और नियामक संस्थानों के बीच सहयोग और सहयोग की आवश्यकता है ताकि सवालों का सही समाधान निकाला जा सके।

# देश में वर्ष 2030 तक 3.12 करोड़ किफायती आवासों की होगी कमीः रिपोर्ट

## किफायती आवासों का संभावित बाजार आकार 67 लाख करोड़ है

नई दिल्ली। भारत में 2030 तक 3.12 करोड़ किफायती आवासों की कमी होने का अनुमान है, जिसका संभावित बाजार आकार 67 लाख करोड़ रुपये है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और रियल एस्टेट सलाहकार ने एक संयुक्त रिपोर्ट में इस अंतिमता का मापदंड रखा। नाइट फ्रैंक इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किफायती आवास की कमी अभी से मौजूद है और यह एक बड़ा व्यावसायिक अवसर है, विशेषकर रियल एस्टेट डेवलपरों के लिए। उन्होंने कहा कि इस खंड में आवास वित्त संस्थाएं के लिए भी कई अवसर हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि किफायती आवास क्षेत्र वित्तीय संस्थाओं के लिए 45000 अरब रुपये तक का संभावित वित्तपोषण प्रदान कर सकता है। इससे भारतीय उद्योग में वृद्धि दर्शायी जा सकती है, जो इस खंड में मौजूदा ऋण मात्रा से तीन गुणा है। सारांश में, भारत में किफायती आवासों की कमी ने नए व्यापारिक अवसरों का संकेत दिया है, जिससे रियल एस्टेट उद्योग में वृद्धि की संभावना है।

# भारत के लिए 2025 के बजट की तैयारी शुरू




## - इस बार का बजट होगा मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट होगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए 2025 के बजट की तैयारी की शुरूआत कर दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विभिन्न सेक्टरों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठकें शुरू की हैं। इन बैठकों में सरकार ने विभिन्न उद्योग संगठनों और विशेषज्ञों से राय लेने का फैसला किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि वर्तमान वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 5.4 प्रतिशत तक की दर से नीचे रही है और आगामी बजट में इस स्थिति को सुधारने की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा वित्त मंत्री ने किसान संगठनों, कृषि अर्थशास्त्रियों और एमएसएमई क्षेत्र से भी मिलकर बजट के मुद्दों पर चर्चा करने की योजना बताई है। इस बार का बजट होगा मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट, जिसका ध्यान विकसित भारत के लक्ष्यों को हासिल करने पर होगा। वित्त मंत्री की बैठकों में श्रमिक संगठनों, वित्तीय क्षेत्रों और सेवा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से भी मिलने की संभावना है। बजट सरकार के लिए अहम दस्तावेज होता है जो आय और खर्च के लेखाजोखे के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण नीतियों को जारी रखता है। इस साल का बजट संसद में एक फरवरी को पेश किया जाने की संभावना है, जिसमें विकसित भारत के सपने की मद्द करने वाली महत्वपूर्ण योजनाएं हो सकती हैं।

# रुपया डॉलर के मुकाबले 84.68 पर स्थिर

## - रुपया मंगलवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 84.68 पर बंद हुआ

मुंबई (ईएमएस)। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 4.68 पर स्थिर रहा। विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ब्रेंट क्रूड में तेजी ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया, जबकि घरेलू शेयर बाजारों में तेजी की वजह से रुपये को थोड़ा समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.66 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की बढ़त को दिखाता है। शुरुआती सौदों के बाद पिछले बंद भाव के बराबर 84.68 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया मंगलवार को चार पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.68 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की




बढ़त के साथ 106.50 पर रहा।

# टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का फिर से खारिज किया गया पैकेज

## - टेस्ला के शेयर मूल्य में 1.4 फीसदी की गिरावट आई

नई दिल्ली। अमेरिका के डेलावेयर की एक अदालत ने टेस्ला की माननीय सीईओ एलन मस्क के अत्यधिक सैलरी पैकेज को एक बार फिर से खारिज कर दिया है। इस विवादित पैकेज को टेस्ला के शेयरधारकों ने पुनर्विचार करने के लिए मतदान किया था, लेकिन जज कैथलीन मैककॉर्मिक ने अपने पहले फैसले को वापस नहीं लिया। 2018 में टेस्ला के बोर्ड ने मस्क के 2.6 बिलियन के सैलरी पैकेज को मंजूर किया था, लेकिन अब इसकी कीमत 56 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी। इस फैसले के बाद टेस्ला के शेयर मूल्य में 1.4 फीसदी की गिरावट आई। लेकिन मस्क के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार है। जज ने फैसले में कहा कि मस्क का प्रस्तावित सैलरी पैकेज अत्यधिक है और यह शेयरहोल्डर्स के हित में नहीं है। टेस्ला की तरफ से भ्रामक जानकारी भी दी गई थी जिसके कारण जज ने यह फैसला सुनाया। इस फैसले के बाद मस्क और टेस्ला के वकीलों को 345 मिलियन डॉलर का मुआवजा देने का भी आदेश दिया गया है। वकीलों ने 10 बिलियन डॉलर की मांग की थी।

# क्रिसमस और नए साल में हवाई किराए में तेजी नहीं

## - भारतीय विमानन कंपनियां दिसंबर में हर सप्ताह 22,645 उड़ानों का संचालन करेंगी

नई दिल्ली (ईएमएस)।

इस साल क्रिसमस और नए साल के दौरान यात्रा के लिए हवाई किराये में खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। विमान ईंधन की कीमतों में नरमी, विभिन्न उड़ानों की मांग में तेजी की उम्मीद के कारण फिलहाल किराये नियंत्रण में दिख रहे हैं।

यात्रा वेबसाइट इग्जिगो के आंकड़ों के अनुसार 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच यात्रा के लिए दिल्ली-गोवा मार्ग पर औसत हवाई किराया 9,301 रुपये रहा है, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले महज 2 फीसदी अधिक है। यह किराया 30 दिन पहले बुक किए गए टिकटों के हैं। दिल्ली-कोलकाता मार्ग भारत के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है जहां हर सप्ताह 160 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है। इग्जिगो के अनुसार 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच इस मार्ग पर औसत हवाई किराये में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 29.7 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। ये किराये प्रस्थान से 30 दिन पहले बुक किए गए टिकटों के हैं।

विमानन कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि हालिया सप्ताहों के दौरान लोड फैक्टर में लगातार मजबूती बनी हुई। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताहों में भी लोड फैक्टर में मजबूती बरकरार रहने के आसार हैं। एक अधिकारी ने कहा कि विमानों के जमीन पर खड़े होने एवं अन्य कारणों से कुछ क्षमता प्रभावित हुई है, लेकिन हवाई किराये में काफी हद तक स्थिरता बनी हुई है। आने वाले दिनों में क्रिसमस सप्ताह के लिए मांग बढ़ने की उम्मीद है। विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के अनुसार, भारतीय विमानन कंपनियां दिसंबर में हर सप्ताह 22,645 उड़ानों का संचालन करने वाली हैं जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब 8 फीसदी अधिक है।

# ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की 33प्रतिशत कम हुई सेल

नई दिल्ली।

वाहन पोर्टल के डेटा के अनुसार, नवंबर 2024 में ओला इलेक्ट्रिक के 27,746 वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो अक्टूबर की तुलना में 33प्रतिशत कम है। त्योहारी सीजन में रिकॉर्डतोड़ बि ी के बाद इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में नवंबर का महीना कुछ निराशाजनक साबित हुआ है। प्रमुख ईवी निर्माता ओला इलेक्ट्रिक की मासिक बि ी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। अक्टूबर में यह आंकड़ा 40,000 यूनिट्स से अधिक था, जो कंपनी के लिए अब तक का एक बड़ा माइलस्टोन था। पंजीकरण में आई गिरावट ने ओला इलेक्ट्रिक के बाजार हिस्सेदारी पर भी असर डाला। नवंबर में कंपनी का मार्केट शेयर घटकर 24 प्रतिशत रह गया, जो अक्टूबर में 30प्रतिशत था। हालांकि, इसके बावजूद, ओला इलेक्ट्रिक दोपहिया ईवी बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। विश्लेषकों का मानना है कि बि ी में इस गिरावट का कारण बढ़ती प्रतिस्पर्धा, प्रोडक्ट क्वालिटी से जुड़ी शिकायतें और खराब सर्विस का होना है। ओला इलेक्ट्रिक के अलावा, अन्य प्रमुख ईवी निर्माताओं की बि ी भी प्रभावित हुई। टीवीएस मोटर के ईवी दोपहिया वाहनों के पंजीकरण में नवंबर के दौरान 13प्रतिशत की गिरावट आई और यह संख्या 26,036 यूनिट्स रही। हालांकि, टीवीएस की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 23प्रतिशत हो गई, जो अक्टूबर में 21.5प्रतिशत थी। बजाज ऑटो की स्थिति भी इसी तरह की रही। कंपनी ने नवंबर में 24,978 ईवी दोपहिया वाहनों का पंजीकरण किया, जो मासिक आधार पर 12प्रतिशत कम है। हालांकि, बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई और यह 20प्रतिशत से बढ़कर 22प्रतिशत हो गई। एथर एनर्जी ने नवंबर में 12,217 यूनिट्स का पंजीकरण किया, जो अक्टूबर के 16,148 यूनिट्स के मुकाबले 24प्रतिशत कम है।

लगातार गिरती बि ी ने कंपनी की बाजार स्थिति को प्रभावित किया है। बड़ी कंपनियों की बिक्री में गिरावट का असर कुल ईवी बाजार पर भी पड़ा। नवंबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का कुल पंजीकरण 1.14 लाख यूनिट्स रहा, जो अक्टूबर की तुलना में 18प्रतिशत कम है। हालांकि, सालाना आधार पर यह संख्या 23.5प्रतिशत अधिक रही, जिससे यह संकेत मिलता है कि लंबी अवधि में ईवी बाजार का प्रदर्शन सकारात्मक है। त्योहारी सीजन के बाद की यह मंदी दर्शाती है कि इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

# लोकसभा में बैंकिंग लॉ अमेंडमेंट बिल 2024 पास

## - बैंक खाते में अब एक की जगह जोड़ सकेंगे 4 नॉमिनी

नई दिल्ली। लोकसभा में बैंकिंग अमेंडमेंट बिल 2024 पारित हो गया है, जिससे भारतीय बैंक कार्यप्रणाली में कई महत्वपूर्ण सुधार होंगे। यह बिल बारह साल में बैंक खाते में चार नॉमिनी की स्थापना की अनुमति देता है, जिससे निवेशकों की सुरक्षा में सुधार होगा। अब निवेशक आईईपीएफ के माध्यम से डिविडेंड, शेयर, इंटरेस्ट और बॉन्ड की रकम का दावा कर सकेंगे। बिल द्वारा स्थापित किए गए नियमों के अनुसार, बैंक खाताधारकों को पैसे देने के लिए दो विकल्प उपलब्ध होंगे। इन नियमों के माध्यम से अनक्लेम्ड धन को सही उत्तराधिकारी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बैंकिंग अमेंडमेंट विधेयक के लागू होने से सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर्स को अब स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में भी काम करने की अनुमति मिलेगी। डायरेक्टर्स का कार्यकाल अब 10 साल तक बढ़ा दिया गया है। इस अद्यतनीकरण के माध्यम से सरकारी बैंकों को ऑडिटर्स की फीस तय करने और उच्चस्तरीय प्रतिष्ठित कामगारों को भर्ती करने की अनुमति होगी। यह बदलाव बैंक की ऑडिट क्षमता को मजबूत करेगा। साथ ही बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक को रिपोर्ट देने की समय सीमा में बदलाव करने की भी अनुमति होगी। इससे बैंकों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने में अधिक विश्वसनीयता और सुचारुता मिलेगी।

# धमकी देने वाला मेरा कार्यकर्ता निकला तो इस्तीफा दे दूंगा

## पप्पू यादव का पूर्णिया SP को चैलेंज, बोले-सरकार में बैठे लोग हत्या की साजिश कर रहे

**पूर्णिया।** पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक भोजपुर जिले का रहने वाला आरोपी रामबाबू राय पप्पू यादव की पुरानी पार्टी जनधिकार का कार्यकर्ता निकला। पूर्णिया पुलिस के खुलासे के बाद सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर सीएम नीतीश और पूर्णिया एसपी पर निशाना साधा है। सांसद ने मुख्यमंत्री को लेकर कहा है कि 'आप जब पहली बार मुख्यमंत्री बन रहे थे, तब मैं आपके साथ था। लालू यादव और शहाबुद्दीन मेरे खिलाफ थे। मैं उनसे लड़कर आपके साथ खड़ा था। अब मैं अफसोस करता हूं, कि उस वक्त वे लोग मुझे गोली मार देते तो ही अच्छा होता।' वहीं पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा को लेकर कहा कि 'बिना वर्दी को आपके हिम्मत है कि आप मुझसे लड़ सकें या बात भी कर पाएं।' उन्होंने कहा कि मेरे करीबी धमकी दिलवा रहे हैं तो सामने लाइए, मैं इस्तीफा दे दूंगा।बैक टू बैक ट्वीट में सरकार और प्रशासन पर उठाए सवाल पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए लिखा- आपकी पुलिस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है। वह वही व्यवहार कर रही है जो दिवंगत कांग्रेस MLA हेमंत शाही जी को गोली लगने पर तत्कालीन सरकार और प्रशासन ने किया था। उन पर घायल होने की नौटंकी का आरोप लगाया, बाद में इलाजरत हेमंत जी की मृत्यु हो गई थी। फिर से वही हो रहा है। मुझे धमकी देने के प्रकरण की हाई कोर्ट के पर्यवेक्षण में सीबीआई जांच हो। दूसरे ट्वीट में लिखा- मुझे लगता है सत्ता में बैठे कुछ लोग पुलिस प्रशासन का इस्तेमाल कर मेरी हत्या की साजिश रच रहे हैं। अगर सरकार तुरंत इस पर निर्णय नहीं लेती है तो हम हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। तीसरे ट्वीट में लिखा- 26 लोगों ने अब तक जान से मारने की धमकी दी। यह धमकी मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल से धमकी मिली है, उस पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अगर किसी ने पैसा देकर धमकी दिलाया है तो पुलिस उसके नाम का खुलासा कर गिरफ्तार करे। पुलिस किसी के इशारे पर मेरी सुरक्षा से खेल कर रही है।28 फोन नंबर और 50 वीडियो की जांच अब तक क्यों हुई मंगलवार की रात 9 बजे सांसद पप्पू यादव सोशल मीडिया फेसबुक पर लाइव आकर 12 मिनट तक अपनी बातें रखी। एसपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कहा कि सरकार, पूर्णिया एसपी और डीजी साहब बताएं कि मैंने अब तक 28 फोन नंबर और 50 वीडियो भेजे हैं। इसकी जांच अब तक क्यों नहीं की गई। मैं पूर्णिया एसपी का सम्मान करता हूं। मगर आप किसी के कहने पर कितना भी कुछ कह लीजिए। मेरा चरित्र सुरक्षा लेने का कभी नहीं रहा। मैं सात बार एमपी रह चुका हूं। मुझे सुरक्षा की चिंता होती तो मैं 30 दिनों तक लोगों के बीच अकेला नहीं घूमता और ना ही महाराष्ट्र दिल्ली में बगैर सुरक्षा के जाता। मेरी सुरक्षा की चिंता मत करें। मेरी सुरक्षा मैं खुद कर लूंगा। मैं आपसे बस इतना ही कहूंगा कि राजनीति में फंसकर आप अपनी विश्वसनीयता मत खोइए। हिम्मत है तो सीबीआई जांच कराए सरकार सांसद ने कहा कि 'मुझे बिहार की पुलिस प्रशासन पर थोड़ा भी यकीन नहीं। मैं सीबीआई जांच की मांग करता हूं। हिम्मत है तो सरकार सीबीआई जांच कर ले। पूर्णिया एसपी के दावों पर 'आप किसके इशारे पर आप चल रहे हैं। जिस तरीके से आपने आरोप लगाए तुरंत पता कीजिए कौन है वो करीबी।'पप्पू यादव ने कहा कि 'अगर 2 लाख में डील होगी और महज 2 हजार में मान जाएगा। किसने दी धमकी और किसने दिया वो वीडियो। उस वीडियो को आखिर क्यों सामने नहीं लाया जा रहा। मैं आगे आग्रह करूंगा पूर्णिया एसपी से कि आप पार्टी पॉलिटिक्स में न पड़े।



## संक्षिप्त डायरी

### 30 जिले से आए कलाकारों में बेगूसराय को प्रथम स्थान




**बेगूसराय।** बिहार राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बेगूसराय जिले के बाल रंगमंच आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी मल्हीपुर के कलाकारों ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लखीसराय में आयोजित महोत्सव में पूरे बिहार से 30 जिले से आए कलाकारों में बेगूसराय को प्रथम स्थान मिला है। बाल रंगमंच के कलाकारों ने श्याम कुमार सहनी की ओर से लिखित नाटक अमर शहीद शहीद जुब्बा भाई का निर्देशन कुणाल कुमार ने किया। नाटक में अभिनय करने वालों में साक्षी कुमारी, मुस्कान कुमारी, राजेश कुमार, आकाश कुमार, ऋषि कुमार, रोहित कुमार, बीजेंद्र कुमार और ऋषि कुमार शामिल है। नाटक प्रस्तुति में प्रतिभागियों ने शानदार अभिनय कर निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कलाकारों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बाल रंगमंच के निदेशक और नगर परिषद बीहट के उप मुख्य पार्षद ने कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया।वहीं, जिले के कई वरिष्ठ रंग निर्देशक अवधेश सिंह, अरविंद सिन्हा, प्रवीण कुमार गुंजन, अमित रौशन, सीताराम, डॉ. कुंदन कुमार, गणेश गौरव एवं हरीश हरिऔध आदि रंगकर्मियों ने कलाकारों को सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से बधाई दी है। कहा है कि बेगूसराय का नाम रोशन किया है।

### उर्वरक तय रेट से 400 रुपए अधिक बिक रहा



**नालंदा।** गेहूं की बुआई के मौसम में किसानों पर एक नया संकट मंडरा रहा है। जिले में डीएपी उर्वरक की कालाबाजारी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है, जबकि प्रशासन के दावे पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। स्थानीय कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जिले में डीएपी के 1244 टन स्टॉक मौजूद हैं, फिर भी स्थानीय व्यापारी किसानों से अनैतिक तरीके से 1700 से 1800 रुपए प्रति बैग की दर से उर्वरक बेच रहे हैं। सरकार की ओर से निर्धारित मूल्य 1350 रुपए प्रति बैग है, लेकिन व्यापारी इसकी अवहेलना कर रहे हैं। स्थानीय किसानों ने बताया कि दुकानदार पहले स्टॉक की कमी का बहाना बनाते हैं और फिर मनमाने दाम वसूलते हैं। महलपर के किसान जनार्दन पासवान का कहना है, हमें मजबूरन महंगे दामों पर डीएपी खरीदना पड़ता है। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।परिस्थितियों से निपटने के लिए कई किसान वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एसएसपी और यूरिया का उपयोग कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार ने किसानों को राहत देते हुए कहा है कि वे 06112-231143 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह स्थिति न केवल किसानों के आर्थिक बोझ को बढ़ाती है, बल्कि कृषि क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है। स्थानीय प्रशासन और व्यापारी मिलीभगत से किसानों का शोषण कर रहे हैं। जिले में उर्वरक स्टॉक की स्थिति - यूरिया: 12,084 टन- डीएपी: 1,244 टन- एमओपी: 485 टन- एनपीके: 1,887 टन- एसएसपी: 3,568 टन स्पष्ट है कि आपूर्ति पर्याप्त है, फिर भी किसानों को अनुचित दबाव झेलना पड़ रहा है।

### महिला स्वच्छताकर्मी का अर्धनग्न मिला शव

**पूर्णिया।** में 45 वर्षीय महिला स्वच्छता कर्मी का अर्धनग्न अवस्था में शव मिला है। परिजन के अनुसार सोमवार को महिला सब्जी लाने गई थी। सब्जी लेकर घर करीब 7 बजे पहुंची। फिर से दोबारा वो अंडा लाने के लिए निकली। काफी समय होने के बाद भी वो घर नहीं लौटी। घर वालों ने खोजबीन की तो नगर पंचायत चंपानगर कार्यालय परिसर से होकर गुजर रहे लोगों की नजर पशु पशु चिकित्सालय के पशु शेड में पड़ी। जहां महिला की लाश पड़ी थी। लोगों ने अर्धनग्न लाश को कपड़ ढंका। परिजन के अनुसार महिला के साथ रेप हुआ है। जिसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है। फिर शव को ठिकाने लगा दिया गया।

## अफसर के ड्राइवर का फंदे से लटकता मिला शव



**गया।** के डेल्हा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पीछे वाली गली स्थित एक मकान में कोर्ट के किसी अफसर के निजी ड्राइवर चंदन कुमार ने पंखे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार देर शाम सामने आई, जब मकान मालिक ने खिड़की से झांककर शव को पंखे से लटकता हुआ देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। एफएसल की टीम घटनास्थल से नमूने एकत्रित करने में जुटी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र के मुताबिक चंदन कुमार का कमरा सुबह से बंद था। मकान मालिक मिथिलेश यादव ने शाम को उसका दरवाजा खटखटाया, लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांकने पर अंदर का नजारा देख उनके होश उड़े गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डेल्हा पुलिस ने शव पंखे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

## अरेंज के बाद लव मैरिज, पति-प्रेमी दोनों ने साथ छोड़ा



**भागलपुर।** में शादी के बाद भी महिला का अफेयर खत्म नहीं हुआ। महिला ने अपने पति को धोखे में रखकर अपने प्रेमी से शादी की। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि महिला न पति की रही और न अपने प्रेमी की। अब 5 साल के बच्चे के साथ किराए के मकान में अकेले रह रही है। महिला के पास अपना गुजारा करने के लिए भी पैसे नहीं बचे। आज किराए के मकान से महिला को हटाने के लिए प्रेमी पहुंचा तो हंगामा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। दरअसल, 6 साल पहले प्रेमिका (28) का अफेयर चूड़ा कारोबारी से शुरू हुआ था। अफेयर के एक साल बाद प्रेमिका की शादी रेलकर्मी मिथिलेश से हुई, जो मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के रहने वाला है। शादी के बाद संतोष (प्रेमी) ने प्रेमिका को ब्लैकमेल करने लगा। अश्लील फोटो भेजने की धमकी और जहर खाकर जान देने की बात करने लगा। इसके बाद प्रेमिका उसके जाल में फंस गई। पिछले साल नवंबर में प्रेमी ने प्रेमिका को एक किराए के कमरे में बुलाया और वहीं उससे शादी कर ली। जब प्रेमिका के पति मिथिलेश को इसकी जानकारी मिली तो वह महिला से रिश्ता खत्म कर लिया।प्रेमिका के अनुसार, प्रेमी संतोष शादी के बाद उसको अपने घर नहीं ले गया था। जिस किराए के घर में उसने शादी की थी, उसी जगह रख रहा था। प्रेमिका के साथ उसने शारीरिक संबंध भी बनाया। इस साल के सितंबर तक संतोष ने किराए का पैसा भी दिया। प्रेमिका के बच्चे की स्कूल की फीस भी दी। सितंबर के बाद वो अपने घर रहने लगा। प्रेमिका को पैसे देना भी बंद कर दिया। दूसरी तरफ पहले पति रेलवे कर्मी ने महिला से संबंध तोड़ दिया था। अब महिला अपने बच्चे के साथ असहाय हो गई। किराया देने के लिए भी पैसे नहीं बचे। रिश्तेदार से पैसे मांगकर अपनी जरूरतों को पूरी कर रही है।संतोष अब अपनी प्रेमिका के साथ रहने के लिए राजी नहीं है। महिला ने मानवाधिकार की टीम से मदद मांगी। बात जब ज्यादा बढ़ गई तो टीम ने पुलिस को मामले की सूचना दी। डायल-112 की टीम आई और प्रेमी-प्रेमिका (दंपती) को तिलकामांझी पुलिस के हवाले कर दिया। महिला बार-बार अपने प्रेमी संतोष के साथ रहने की जिद कर रही है, पर संतोष तैयार नहीं हो रहा है

## समस्तीपुर में रेल विकास और विस्तार मंच का प्रदर्शन

### भोला टॉकीज और मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग, निकाला जुलूस




**समस्तीपुर।** शहर के भोला टॉकीज और मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर रोड और ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर समस्तीपुर रेल विकास और विस्तार मंच के बैनर तले लोगों ने डीआरएम कार्यालय चौक पर मंगलवार को प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के संरक्षक शत्रुघ्न पंजी कर रहे थे। इससे पहले लोगों ने सर्वदलीय रेल विकास और विस्तार मंच का बैनर लेकर शहर में जुलूस निकाला, फिर विभिन्न मार्गों से होते हुए डीआरएम कार्यालय चौक पहुंचे। जहां लोगों ने निर्माण जल्द शुरू करने की मांग की। सभा का संचालन सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए रघुनाथ राय, रामसागर पासवान, विश्वनाथ हजारी, राम विनोद पासवान, रामबली महतो, राजेंद्र राय, उपेंद्र राय, सोनेलाल पासवान, नीरज भरद्वाज, अरूण कुमार, मनोज कुमार आदि ने कहा कि लंबे समय से लोग शहर में फ्लाई ओवर निर्माण की मांग कर रहे हैं। सरकार का आश्वासन तो मिल रहा है, लेकिन अब तक निर्माण कार्ड शुरू नहीं हो पाया है। जिससे लोग रोज जाम में फंसते हैं। वहीं, समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ पर स्थित मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर भी रोज जाम रहता है। यहां पर घंटे लोग जाम में फंसे रहते हैं। इस रेलवे गुमटी पर लंबे समय से लोग पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। मंच के संयोजक शत्रुघ्न राय पंजी ने कहा कि 2014 में ओवर ब्रिज की स्वीकृति हुई थी। 2016-17 में बजट से योजना के लिए एक हजार रुपए आवंटन का प्रावधान भी किया गया। तब से कभी ब्रिज की लंबाई-चौड़ाई, तो कभी राज्य सरकार और रेलवे के बीच खींचतान चलता रहा। सांसद शांभवी चौधरी का ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने का वादा भी जुमला साबित हो चुका है।

हाल ही में मंत्री अशोक चौधरी का ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने का वादा भी जुमला साबित हो चुका है। वक्ताओं ने कहा कि आगामी 12 दिसंबर को मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## बीच सड़क दंपती के बीच मारपीट, थाने पहुंचा मामला



**नालंदा।** के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में एक दंपती के बीच सार्वजनिक स्थल पर विवाद हो गया। माल बिगहा के निवासी धर्मवीर कुमार और उनकी पत्नी रश्मि देवी के बीच महिला थाना के पास सड़क पर ही भिड़ंत हुई, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। 7 वर्ष पुरानी शादीशुदा जीवन में दंपती ने एक-दूसरे पर अवैध संबंधों का आरोप लगाया। रश्मि देवी ने आरोप लगाया कि उनके पति घरेलू खर्च को लेकर उन्हें लगातार मारपीट करते हैं। एक महिला के साथ अवैध संबंध रखते हैं। वहीं, धर्मवीर कुमार ने भी पलटवार करते हुए अपनी पत्नी पर गांव के एक युवक के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। घटना उस समय और विकराल हो गई जब महिला थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची और उसके पति ने भी उसका पीछा किया। सड़क पर ही दोनों के बीच मारपीट और गाली-गलौज होने लगा। स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने काफी प्रयास किया कि दोनों को शांत किया जा सके, लेकिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा था। बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दंपती को समझाकर-बुझाकर घर भेज दिया गया है।

## 12 साल की लड़की हुई गर्भवती जीजा ने किया रेप



**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में 12 साल की लड़की गर्भवती हो गई। उसके पेट में दर्द हुआ तो परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद पता चला कि उसके गर्भ में 2 महीने का बच्चा है। जिसके बाद जब बेटी से इस बारे में पूछा गया तो लड़की ने अपने जीजा द्वारा गर्भवती होने की बात बताई। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक मामला एक गांव के ईंट भट्ठे का है। जहां बिहार के शेखपुरा से एक परिवार एक महीने पहले कमाने-खाने आया था। परिवार यहीं रहकर काम कर रहा है। यहां परिवार में महिला, उसका पति, 5 बेटे और बेटियां हैं। इनकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। 2 महीने पहले यह परिवार बिहार में ही था। एक दिन माता-पिता धान काटने के लिए खेतों में गए हुए थे। उस दौरान घर पर सिर्फ 12 साल की बेटी अकेली थी। तभी जीजा घर में आया और अपनी साली के साथ संबंध बनाए। लड़की ने भी अपने परिवार को इस बारे में नहीं बताया। अब परिवार पानीपत आ गया है। गर्भपात कराने सरकारी अस्पताल पहुंची मां दो दिन पहले बच्ची के पेट में दर्द हुआ। उसकी मां उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई। जहां उसके मल की जांच की गई। जिसमें पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद उसे शहर के सिविल अस्पताल भेजा गया। यहां मां ने डॉक्टरों से गर्भपात कराने की गुहार लगाई। पुलिस से बोली मां - दामाद पर नहीं करना कार्रवाई, बड़ी बेटी का घर उजड़ जाएगा मामले की जानकारी पुलिस को अस्पताल की ओर से दी गई। पुलिस जब अस्पताल पहुंची तो मां ने उन्हें कहा कि वह दामाद पर कोई कार्रवाई नहीं करवाना चाहती है। क्योंकि इससे उसकी बड़ी बेटी का भी घर उजड़ जाएगा।

## सी.एच.ओ परीक्षा में माफिया ने जारी की थी गाइडलाइन

### पुलिस के आने पर क्वेश्चन 3 और जाने पर 6 पर क्लिक करना था, वॉशरूम जाने पर थी मनाही





**पटना।** में हो रहे राज्य स्वास्थ्य समिति की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 4500 पदों पर बहाली की परीक्षा को रद्द कर दिया गया। प्रश्नपत्र लीक होने के पुख्ता सबूत मिलने के बाद यह फैसला लिया गया है। एडव की जांच में यह खुलासा हुआ है कि माफियाओं ने अभ्यर्थियों के लिए बकायदा गाइडलाइन जारी की थी। गाइडलाइन के मुताबिक पुलिस या कोई चेकिंग करने आने वाले पर प्रश्नपत्र 3 पर क्लिक करना था, जबकि उसके जाने के बाद क्वेश्चन नंबर पर 6 पर क्लिक कर देना था। सी.एच.ओ के 4,500 पदों के लिए देशभर से करीब 25 हजार अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा था। ऑनलाइन एग्जाम कराने की जिम्मेदारी पुणे की वी-शाइन कंपनी को दी गई थी। माफियाओं ने वी-शाइन के बिहार के प्रतिनिधियों से मिलकर सभी 25 हजार अभ्यर्थियों का डाटा हासिल कर लिया था। इसके बाद फोन कर इन अभ्यर्थियों से माफियाओं ने सेटिंग की थी। पटना के जिन 12 सेटरों पर परीक्षा थी उनमें से अधिकतर का ऑडिट ही नहीं किया गया था। नियम यह है कि परीक्षा से करीब 10 दिन पहले कंपनी का प्रतिनिधि ऑनलाइन सेंटर का ऑडिट करेगा। कुछ को परीक्षा से एक या दो दिन पहले मेल कर सूचना दी गई है। माफियाओं ने बड़े स्तर पर धांधली की साजिश रची थी। सेट अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल गाइडलाइन भी जारी किया गया था। EOU की जांच में यह बात सामने आई है कि इस परीक्षा के लिए सभी सेट अभ्यर्थियों से 5-5 लाख रुपए में डील हुई थी। टोकन मनी के रूप में सभी अभ्यर्थियों से 25 से 50 हजार रुपए लिए गए थे। बाकी के पैसे परीक्षा देने के बाद देने थे। वहीं सेंटर सेट करने के लिए इस परीक्षा को करा रही कंपनी वी शाइन टेक प्राइवेट लिमिटेड से 8 लाख में डील हुई थी। इस परीक्षा में लगभग 60 प्रतिशत सीट (2700) सेट किया गया था। इस पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड रविभूषण अब भी फरार है। EOU ने मामला भी दर्ज किया है। EOU और पुलिस की पटना के अलावा नालंदा, दिल्ली, वैशाली, मुजफ्फरपुर सहित कई जगह छापेमारी जारी है। रवि भूषण, अतुल वत्स, आदित्य, प्रतीक, अतुल और आशुतोष सहित एक दर्जन माफियाओं की तलाश है। रविभूषण का पैसा पटना में 6 से अधिक ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों में लगा हुआ है। अतुल वत्स दीघा के परीक्षा केंद्र का पार्टनर है। रवि 1 दिसंबर की रात को ही पटना से फरार हो गया। रवि भूषण मंगलवार की शाम तक बिहार में ही अपना ठिकाना बदलता रहा। टीम को मंगलवार को रविभूषण का लोकेशन मिला। टीम के लोकेशन पर पहुंचने के पहले ही रविभूषण वहां से फरार हो गया। रविभूषण का अंतिम लोकेशन नेपाल में पता चला है। EOU ने नेपाल पुलिस से संपर्क किया है। ठिकाने बदलने के लिए महंगी गाड़ियों का इस्तेमाल विभूषण, सिपाही बहाली, अमीन बहाली जैसे एग्जाम का पेपर लीक कराकर काली कमाई कर चुका है। बताया जाता है कि रवि एक ठिकाने से दूसरे ठिकाने पर जाने के लिए गाड़ी बदल देता था। ताकि पुलिस या एडव को उसकी भनक ना लगे। बिहार से निकलते समय रवि भूषण सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सवार था। कई अहम सुराग मिले EOU मंगलवार देर शाम तक पटना के 4 परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी करती रही। इस दौरान कई जानकारियां एडव को मिली हैं। माफिया और अभ्यर्थियों के बीच बातचीत की जानकारी भी टीम को मिली है। माफियाओं ने सब कुछ एक प्लान के तहत अभ्यर्थियों को बता दिया था। सारे निर्देश दे दिए गए थे। ताकि पूरे प्रकरण की भनक किसी को ना लगे। वहीं EOU सेंटर्स के सर्वर से लेकर सभी संदिग्ध कंप्यूटर की जांच के लिए अपने ऑफिस ले आई है।






ताजमहल दुनिया के 7 अजूबों में से एक है। ताजमहल की खूबसूरती को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं और अगर आप भारत में रहकर भी अब तक ताजमहल नहीं देख पाए हैं तो अब और देर न करिए। जितनी जल्दी हो सके जाएं और देखकर आएं, इस ऐतिहासिक इमारत की खूबसूरती ने दुनियाभर के लोगों को अपना दीवाना बनाकर रखा है। इससे पहले की आप ताजमहल घूमने का प्लान बनाएं, हम यहां आपको इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बता देना चाहते हैं, जिससे की आपकी यह यात्रा बिना किसी परेशानी बिल्कुल आराम से बीते...

## ताजमहल कैसे पहुंचें?

आगरा भारत का एक प्रमुख शहर है। इसलिए हवाई मार्ग हो या रेल मार्ग हो या फिर सड़क मार्ग। आगरा भारत वर्ष के सभी प्रमुख शहरों से सभी मार्ग द्वारा भंलीभाति जुड़ा है।

### हवाई मार्ग

अगर आप हवाई मार्ग द्वारा आगरा जा रहे है तो आगरा का पंडित दीनदयाल उपध्याय हवाई अड्डा ताज महल से 16 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां से आप आसानी से टैक्सी या आटो द्वारा आसानी से ताजमहल पहुंच सकते है। महानगर होने के नाते यहा काफी ट्रैफिक रहता है। जिसके कारण आपको आगरा एयर पोर्ट से ताजमहल पहुंचने में लगभग 40 मिनट लग सकते हैं, अगर ट्रैफिक न हो तो यह मार्ग सिर्फ 20-25 मिनट का है।

### रेल मार्ग

यदि आप रेल मार्ग द्वारा आगरा जा रहे हैं तो आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से ताजमहल की दूरी लगभग 2.5 किमी है। रेलवे स्टेशन से ताजमहल के लिए ऑटो और रिक्शा वालो की काफी भीड़ लगी रहती है। अगर आपके पास भारी लगेज नही है तो आप आगरा के किले का बाहरी भाग के दर्शन करते हुए किले के सामने से होते हुए शिवाजी चौक से ताजमहल पहुंच सकते हैं। शिवाजी चौक से ताजमहल का सेप्रेट रास्ता गया है, जो पश्चिमी गेट पर जाता है। कार, टैक्सी या ऑटो से आने वाले यात्री भी इसी मार्ग से जाते हैं। इसी सेपरेट मार्ग पर कुछ दूरी पर ताजमहल कार पार्किंग है।

### सड़क मार्ग

अगर आप कार द्वारा दिल्ली से आगरा जा रहे हैं तो नोयडा आगरा एक्सप्रेस वे से जा सकते हैं। यह सुविधाजनक एवं फास्टेट रूट है। इसके आलावा आप दिल्ली से मथुरा होते हुए पुराने हाइवे से भी आगरा पहुंच सकते हैं।

### कार पार्किंग

ताजमहल कार पार्किंग से ताजमहल की दूरी लगभग 700-800 मीटर है। आप चाहे एयर पोर्ट से टैक्सी से जाएं या रेलवे स्टेशन से ऑटो से जाएं या फिर अपनी कार से जाएं पहुंचना आपको कार पार्किंग में ही है। कार पार्किंग पर पहुंचते ही आपको ऊंट गाड़ी और बैट्री गाड़ी वाले घेर लेंगे, क्योंकि कार पार्किंग से ताजमहल के बीच की इस दूरी में बैट्री गाड़ियां व ऊंट गाड़ियां चलती हैं, जो बीस से तीस रुपए प्रति सवारी लेते है। कार पार्किंग से आगे किसी भी तरह के प्राइवेट वाहनों के जाने की अनुमति नहीं होती है। आप कार पार्किंग से ताजमहल गेट तक पैदल भी जा सकते है। 700 मीटर की दूरी कोई ज्यादा नहीं होती है।

### अमानती घर

मार्ग के रास्ते में स्थित अमानती घर में आप अपना सामान रख सकते है, क्योंकि ताजमहल के अंदर किसी भी प्रकार का अटैची, बेग ( हैंड बेग को छोड़कर) किसी भी तरह का खाने-पीने का सामान खाना, बिस्कुट, चिप्स, पान, बीड़ी, सिगरेट ( पानी की बोतल को छोड़कर) किसी भी तरह का हथियार चाकू व नशीले पदार्थ आदि अंदर ले जाना मना है। मोबाइल और कैमरा ले जा सकते है। बाकी आपके पास जो सामान है, उसे आप अमानती घर में सुरक्षित रख सकते है।

### शूज कवर

यही टिकट खिड़की के पास ही आपको शूज कवर बेचने वाले भी मिल जाएंगे। उनसे आप बीस रुपए देकर शूज कवर खरीद ले, क्योंकि ताजमहल के संगमरमर के चबूतरे पर जूते-चप्पल लेकर जाना मना है। वही टिकट खिड़की के पास आपको गाइड और फोटोग्राफर घेर लेंगे, जो आपको कई तरह के प्रलोभन भी देंगे (जैसे - सॉटकट से अंदर ले जाना का) क्योंकि एंट्री गेट पर चैकिंग प्वाइंट पर काफी लंबी कतार होती है या तो आप उनसे सही एवं पहले ही मोल-भाव कर तय कर ले या फिर टिकट कांटर से पर्यटन विभाग द्वारा गाइड हायर कर सकते हैं। चैकिंग प्वाइंट पर महिला, पुरुष व विदेशियों की अलग-अलग लाइने होती है। यहां ज्यादा समय नही लगता 20-25 मिनट में आप अंदर पहुंच सकते हैं।

## अलग-अलग प्रवेश द्वार

ताजमहल में एंट्री करने के लिए तीन गेट्स हैं, जो पूर्व, पश्चिम और दक्षिण में मौदूद हैं। इन तीनों गेट्स में जिस गेट पर लोगों की भीड़ सबसे कम होती है वह है इसका पश्चिमी गेट। इस गेट से आप आसानी से ताजमहल के परिसर में एंट्री कर सकते हैं।

## शुक्रवार को न जाएं ताजमहल

आमतौर पर ताजमहल रोजाना सुबह 6 से शाम 7 बजे तक खुला रहता है, लेकिन शुक्रवार को इसे नमाज के लिए बंद रखा जाता है। पूर्णमासी के दिन ताजमहल के गेट्स रात 8.30 बजे से 12.30 बजे तक खुले रहते हैं। चांद की रोशनी में ताजमहल बेहद खूबसूरत लगता है। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि रमजान के पवित्र महीने में आप रात के वक्त ताजमहल का दीदार नहीं कर सकते।

## आगरा घूमने आए हैं तो ताजमहल को लास्ट में देखें

यहां हम आपको एक ट्रिक बता रहे हैं, जिससे आप ताजमहल के टिकट पर थोड़ा डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप आगरा में दो-तीन दिन के लिए हैं तो ताजमहल घूमने का प्लान अपनी यात्रा के आखिरी दिन रखिए। दरअसल अगर आगरा के किसी और टूरिस्ट डेस्टिनेशन जैसे आगरा फोर्ट से ताजमहल की टिकट खरीदते हैं तो आपको इस पर कुछ छूट मिल सकती है। यहां आपको इस बात का ध्यान रखना है कि जारी किए गए टिकट पर उसी दिन का स्टैंप हो जिस दिन आपको ताजमहल जाना है।

## अलग लोगों के लिए अलग कीमत

अगर आप भारतीय हैं तो आपको ताजमहल देखने के लिए 50 रुपए की टिकट खरीदनी पड़ेगी। 15 साल से कम के बच्चों के लिए एंट्री फ्री है। विदेशी पर्यटकों के लिए टिकट का दाम 1100 रुपए है। आप इन टिकटों को एक दिन अडवांस में सुबह 10 से शाम 6 बजे के बीच आर्कैलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के ऑफिस से ले सकते हैं।

## क्या लेकर नहीं जा सकते ?

सुरक्षा कारणों से कुछ ऐसी चीजे हैं, जिनके साथ आप ताजमहल के अंदर नहीं जा सकते। ट्राईपॉड, मोबाइल फोन चार्जर, खाने-पीने की वस्तुएं व तंबाकू जैसी चीजें यहां बैन है। हालांकि यहां एक लॉकर रूम है, जहां आप अपने सामान को सुरक्षित तरीके से जमा कर सकते हैं और वापस लौटने पर यहां से अपने सामान को ले सकते हैं।

### यह है बेस्ट सीजन

अगर मुमकिन हो तो ठंड के मौसम में ताजमहल घूमने का प्लान न बनाएं, क्योंकि कोहरे के कारण इसकी खूबसूरती खिल के बाहर नहीं आती। ताजमहल घूमने का बेस्ट सीजन होता है मार्च से जून। अगर आप ताजमहल घूमने का प्लान बना रहे हैं तो बस ऊपर बताई गई इन टिप्स का ध्यान रखें और अपनी ताज यात्रा को यादगार बनाएं।

## ताजमहल के बारे में रोचक बातें, जो आपको नहीं होंगी पता


ताजमहल मुगल वास्तुकला का सबसे उत्कृष्ट नमूना है। मोहब्बत की इस निशानी को शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज के लिए बनाया था। दुनियाभर से करोड़ों की संख्या में पर्यटक ताजहमल देखने के लिए आगरा आते हैं। हर प्रेमी जोड़े की ख्वाहिश होती है कि वह ताजमहल जाकर अपनी प्रेमिका के साथ तस्वीर खिंचवाए। इश्क की इस निशानी को निहारे, संगमरमर की इमारत की खूबसूरती को अपनी स्मृतियों में कैद कर लें। आइए आपको ताजमहल के बारे में 10 रोचक बातें बताते हैं जो आपको सोचने पर मजबूर कर देंगी।

- ताजमहल के निर्माण में 22 साल लगे थे।
- 22,000 से ज्यादा मजदूरों ने ताजमहल के निर्माण में काम किया था।
- 1,000 हाथियों के जरिए ताजमहल के निर्माण सामग्री को लाया गया था।
- ताजमहल के निर्माण में उस वक्त 3.2 करोड़ रुपए का खर्च आया था।
- ताजमहल के निर्माण के लिए विभिन्न एशियाई देशों से बहुमूल्य पत्थरों को लाया गया था।
- 28 तरह के रत्नों को श्रीलंका से लेकर चीन और भारत के विभिन्न राज्यों से लाया गया था।
- संगमरमर के सफेद पत्थर को राजस्थान से लाया गया था।
- तिब्बत से नीला रत्न, श्रीलंका से पन्ना, पंजाब से जैस्पर और क्रिस्टल को चीन से मंगाया गया था।
- ताजमहल की वास्तु शैली में फारसी, तुर्क, भारतीय और इस्लामी वास्तुकला का मिश्रण है।
- ताजमहल का निर्माण 1632 ईस्वी में शुरू हुआ था और 1653 में गुम्बद बनकर तैयार हुआ।
- अगर आप भी मुहब्बत की इस सबसे विश्व प्रसिद्ध निशानी को देखना चाहते हैं तो ताजमहल जरूर जाएं।
- आप दिल्ली में रहते हैं तो सिर्फ ताज एक्सप्रेस हाईवे से सिर्फ साढ़े तीन घंटे में आगरा पहुंच सकते हैं।

## बड़ी अद्भुत है ताजमहल के निर्माण की कहानी

यमुना नदी के किनारे सफेद पत्थरों से निर्मित अलौकिक सुंदरता की तस्वीर ताजमहल आज न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। प्यार की इस निशानी को देखने के लिए दूर देशों से हजारों सैलानी यहां आते हैं। प्यार का प्रतीक माने जाने वाले ताजमहल की खूबसूरती जितनी चर्चा में रहती है, उतनी ही इसके बनने की कहानियां चर्चा में रहती हैं। ताजमहल को बनाने को लेकर अलग-अलग मिथ हैं। कहा जाता है कि मुमताज की याद में बनायी गई इस खूबसूरत इमारत जैसी कोई और इमारत न बने, इसलिए शाहजहां ने कारीगरों के हाथ कटवा दिए थे। ताजमहल को बनाने में करीब 20 हजार मजदूरों ने योगदान दिया था। और इसका काम करीब 22 साल तक चला।

हालांकि कारीगरों के हाथ कटवाने की एक और भी कहानी बताई जाती है। माना जाता है कि शाहजहां ने कारीगरों के हाथ नहीं कटवाए थे, बल्कि उनसे ताउम्र काम न करने का वादा लिया था, जिसके बदले में उन्हें जिंदगी भर वेतन दिया गया था। वहीं एक मिथक ये भी है कि शाहजहां ने ताजमहल ख्वाब में देखकर बनवाया था, लेकिन ताजमहल के नक्शे के हिसाब से इतिहासकारों की मानें तो इसके डिजाइन के लिए पूरी दुनिया के वास्तुशास्त्रों की मदद ली गई थी, लेकिन इसका सटीक डिजाइन किसने तैयार किया था, इसके बारे में कोई सबूत नहीं है। ताजमहल को लेकर ऐसे ही कई मिथक हैं जिनके बारे में कई तरह की कहानियां कही जाती हैं। बता दें कि ताजमहल शाहजहां की तीसरी बेगम मुमताज महल की मजार है। मुमताज के



गुजर जाने के बाद उनकी याद में शाहजहां ने ताजमहल बनवाया था। कहा जाता है कि मुमताज महल ने मरते वक्त मकबरा बनाए जाने की ख्वाहिश जताई थी, जिसके बाद शाहजहां ने ताजमहन बनावाया। ताजमहल को सफेद संगमरमर से बनवाया गया है। इसके चार कोनों में चार मीनारे हैं। शाहजहां ने इस अद्भुत चीज को बनवाने के लिए बगदाद और तुर्की से कारीगर बुलवाए थे। माना जाता है कि ताजमहल बनाने के लिए बगदाद से एक कारीगर बुलवाया गया, जो पत्थर पर घुमावदार अक्षरों को तराश सकता था।

इसी तरह बुखारा शहर से कारीगर को बुलवाया गया था, वह संगमरमर के पत्थर पर फूलों को तराशने में दक्ष था। वहीं गुंबदों का निर्माण करने के लिए तुर्की के इस्तम्बुल में रहने वाले दक्ष कारीगर को बुलाया गया और मिनारों का निर्माण करने के लिए समरकंद से दक्ष कारीगर को बुलवाया गया था और इस तरह अलग-अलग जगह से आए करीगरों ने ताजमहल बनाया था।

## आगरा के अन्य दर्शनीय स्थल

आगरा में ताजमहल के अलावा अन्य दर्शनीय स्थल हैं, जो बरबस यहां आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इनमें प्रमुख हैं-

**आगरा का लाल किलाः** जिस स्थान पर आगरा का किला स्थित है, बहुत समय पहले यहां बादलगढ़ का किला हुआ करता था। हालांकि समय के साथ-साथ वह किला नष्ट हो गया था। मुगल सम्राट अकबर ने 1563 ई. से 1573 ईस्वी तक लगभग 8 वर्षों में बादलगढ किले के ध्वंस अवशेषों पर इस किले का निर्माण करवाया था। मुगल सम्राट अकबर ने इस किले में अकबरी महल, जहांगीरी महल, प्राचीर तथा प्रवेश द्वार अकबर ने बनवाए थे, जबकि शीश महल, खास महल, दीवाने आम और दीवाने खास तक मोती मस्जिद का निर्माण अकबर के पोते सम्राट शाहजहां ने करवाया था। इस किले में दिल्ली दरवाजा, अमरसिंह दरवाजा, दरियाई दरवाजा तथा दर्शनी दरवाजा नामक चार दरवाजे हैं। पर्यटको के लिए प्रवेश द्वार के रूप में अमर सिंह दरवाजा ही खुला होता है। किले के अंदर तीन मस्जिदे भी है – मीना मस्जिद, शाही मस्जिद और नगीना मस्जिद जो दर्शनीय है।

**रामबागः** यह बाग अपनी हरियाली और सुंदरता से यहां आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बाबर द्वारा बनाए गए इस बाग के बारे में कहा जाता है कि यह भारत का पहला मुगल उद्यान था। इस बाग के सौंदर्य को पास बहती यमुना नदी और भी मनमोहक बना देती है।

# प्यार की निशानी ताजमहल की ये 5 बातें आपको कर देंगी हैरान

ताजमहल, उसकी खूबसूरती और उससे जुड़ी खूबसूरत यादों के बारे में सभी बातें करते हैं। मगर इस धरोहर के बारे में जितना सुनों उतना कम ही लगता है, परंतु इसमें से कुछ हकीकत और कुछ फसाना भी हैं। हम यहां आपको ताजमहल से जुड़ी ऐसी 5 बातें बता रहे हैं, जो संभवतः आप नहीं जानते होंगे-

## आगरा में नहीं बनना था ताजमहल

ताजमहल का निर्माण आगरा में नहीं होने वाला था, मुमताज महल जिसके लिए ताजमहल बनवाया गया था, उनकी मौत दरअसल आगरा में हुई ही नहीं थी, उनकी मौत बुरहानपुर में हुआ था, जो आज के समय में मध्य प्रदेश में है। शाहजहां ने ताज महल के लिए बुरहानपुर में ताप्ती नदी के ठीक किनारे एक जगह पसंद की थी, लेकिन बुरहानपुर में जरूरत के अनुसार सफेद मार्बल नही पहुंच सके, इसलिए बाद में ताजमहल आगरा में बनाने का फैसला किया गया। बुरहानपुर में ताप्ती नदी के किनारे आज भी वह जगह विरान पड़ी है।

## क्या सच है कि काला ताजमहल भी होता ?:

ताजमहल के बारे में कहा जाता है कि शाहजहां यमुना के किनारे काले संगमरमर में ताजमहल की प्रतिकृति बनाना चाहते थे। शाहजहां को यह विचार जीन-बैप्टिस्ट टैवर्नियर नाम के एक यूरोपीय यात्री ने दिया था, जो 1665 में आगरा में था। दावा यह भी किया जाता है कि औरंगजेब के कारण शाहजहां की योजना पूरी नहीं हो सकी, क्योंकि औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को कैद कर लिया था। यमुना नदी से लगे महताब बाग में कुछ काले मार्बल देखे भी गए थे, लेकिन बाद में जांच परख के बाद इतिहासकारों और आर्केलॉजिस्ट सोसाइटी ने इस बात का खुलासा किया कि दरअसल महताब बाग में मिले काले मार्बल गंदगी के कारण काले पड़ गए हैं। वह मूल रूप से सफेद ही थे, इसलिए यह बात अफवाह से कम नहीं कि शाहजहां काले ताजमहल भी बनवाना चाहता था।

## क्या सचमुच कारीगरों के हाथ काटे गए थे?

ताजमहल के बारे में यह कहा जाता है कि उसने ताजमहल बनाने वाले सभी कारीगरों के हाथ काट दिए थे और कुछ को मार भी दिया था, लेकिन इतिहास में कहीं भी इस बात का साक्ष्य नहीं पाया गया।

## ताजमहल को उजाड़ना चाहते थे अंग्रेज?

ताजमहल से जुड़ी कहानियों में एक नाम और आता है, भारत के गर्वनर जनरल लॉर्ड विलियम बेनटिंक का। कहा जाता है कि लॉर्ड ताजमहल को गिराना चाहता था और उसके मार्बल की नीलामी करना चाहता था। इस बात के भी कहीं सबूत नहीं पाए गए। हालांकि उसके बायोग्राफर जॉन रोसेली ने अपनी किताब में एक जगह लिखा है कि आगरा फोर्ट को बनाने के बाद बचे हुए मार्बल्स को लॉर्ड ने नीलाम कर दिया था।

## ताजमहल में लगा है एक लैंप

ताजमहल में एक लैंप लगा हुआ है। कहा जाता है कि इसे बनाने में दो वर्ष का वक्त लगा था। इसे खास ताजमहल की नक्काशी को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। इसे मिश्र के कुछ कलाकार और टोड्रोस बदीर नाम के आर्टिस्ट ने मिलकर बनाया था।

## ताजमहल के रहस्य



- आपको यह जानकर हैरानी होगी की ताजमहल का आधार (नीव) लकड़ी पर टिकी है। इस लकड़ी की खासियत यह है कि यह लकड़ी जितनी पानी में रहती है, उतनी ही ज्यादा मजबूत होती है। यमुना नदी का पानी आज भी इस लकड़ी को मजबूत करता है।
- ताजमहल की छत में एक छेद है, जिसमें से बरसात के समय आज भी पानी टपकता है। इसके बारे में एक दंतकथा प्रचलित है कि शाहजहां ने ताजमहल बनने के बाद सभी कारीगरों के हाथ कटवाने का ऐलान कर दिया था। ऐसा माना जाता है कि शाहजहां चाहते थे कि ऐसी खूबसूरत इमारत दोबारा न बनाई जा सके। शाहजहां के इस फैसले से कारीगर नाराज हो गए, जिसके फलस्वरूप कारीगरों ने जानबूझकर ताजमहल के गुंबद में एक छेद छोड़ दिया था। हालांकि इस कहानी का कोई ऐतिहासिक सत्य नहीं है। ताजमहल का इतिहास में बस यह एक प्रचलित कथा है।
- सन् 1983 में ताजमहल को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया गया।
- ताजमहल का इतिहास का सबसे बड़ा पुरस्कार है कि ताजमहल दुनिया के सात अजूबो में शामिल है।
- ताजमहल में लगे फव्वारे किसी भी पाइप लाईन से नही जुड़े है। बल्कि हर फव्वारे के नीचे एक तांबे का टैंक बना हुआ है, जो सभी एक ही समय पर भरते हैं और दबाव बनने पर एक साथ सभी फव्वारे चल जाते हैं।
- ताजमहल वर्ल्ड में एक दिन में सबसे ज्यादा देखी जानी वाली इमारत है। ताजमहल को एक दिन में लगभग 12000 सैलानी देखते हैं।
- ताजमहल की कलाकृति में 28 तरह के कीमती पत्थरो को लगाया गया है।
- ताजमल की चारो मीनारे एक दूसरे की ओर झुकी हुई हैं।
- शाहजहां ने जब पहली बार ताजमहल का दीदार किया तो उसने कहा कि ये सिर्फ प्यार की कहानी बयां नहीं करेगा, बल्कि उन सबको दोष मुक्त भी करेगा, जो इस पाक जमीं पर अपने कदम रखेंगे और चांद सितारे इसकी गवाही देंगे।
- द्वितीय विश्व युद्ध 1971 भारत-पाक युद्ध के समय इस भव्य इमारत को सुरक्षा की दृष्टि से ताजमहल के चारो ओर बांस का सुरक्षा घेरा बनाकर उसे हरे रंग की चादर से ढक दिया गया था।

# आईसीसी रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को बड़ा नुकसान, बुमराह की बादशाहत कायम

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को नुकसान हुआ है। जबकि जसप्रीत बुमराह की बादशाहत कायम है। दरअसल, पिछले हफ्ते के अपडेट में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले टेस्ट के अलावा न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट को भी शामिल किया गया है।

वहीं टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो, इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं जबकि इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर है तो भारत के यशस्वी जायसवाल दो स्थान के नुकसान के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। श्रीलंका के कमिंडु मेंडिस दो स्थान के फायदे से अब सातवें नंबर पर हैं तो साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 14 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली टॉप 10 से बाहर हो गए हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ और अब वह 14वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के धनंजय डी सिल्वा एक स्थान के फायदे से 15वें तो दिनेश चंडीमल दो स्थान के फायदे से 17वें पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के ओली पोप आठ स्थान के फायदे से 32वें नंबर पर तो बेन स्टोक्स सात स्थान के फायदे से 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

हालांकि, टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा उनके बाद दूसरे स्थान पर कायम हैं। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थान के नुकसान से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं डरबन टेस्ट में 11 विकेट अपने नाम करने वाले दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन 19 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




# सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर बनी एसटीएफ इंडिया फाउंडेशन की डायरेक्टर



**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का फाउंडेशन (एसटीएफ इंडिया) मुख्य रूप से गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल से जोड़ने का काम करता है की कमान अब उनकी बेटी सारा तेंदुलकर संभालेंगी। सचिन ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी बेटी सारा अब इस फाउंडेशन में डायरेक्टर के पद पर काम करेंगी।

तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया में डायरेक्टर के तौर पर शामिल हो गई हैं। अब सारा भारत में खेल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल रही हैं।

सचिन ने यह भी साझा किया कि सारा तेंदुलकर ने फाउंडेशन के कार्यों में अपनी भागीदारी शुरू कर दी है और उन्होंने कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिनमें सारा बच्चों के साथ समय बिताती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सारा बच्चों के साथ बैठी हुई मस्ती करती दिखाई दे रही हैं, जो यह दर्शाती है कि वह न केवल एक नेतृत्वकर्ता के रूप में, बल्कि एक प्रेरणादायक और सहयोगात्मक भूमिका में भी सक्रिय हैं।

सचिन की इस फाउंडेशन का उद्देश्य भारत के गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और खेल के माध्यम से एक बेहतर भविष्य देना है। इस फाउंडेशन के को-फाउंडर और डायरेक्टर सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर हैं। अब सारा के इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने से फाउंडेशन के कार्यों को और गति मिलेगी और यह उम्मीद जताई जा रही है कि वह अपने पिता के दृष्टिकोण और मिशन को और आगे बढ़ाएंगी।

# सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव अच्छा रहा : रानी

**रोहतक (एजेंसी)।** पिछले महीने माह ही हॉकी को अलविदा भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा, ''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी हो सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेंगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करुंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। मैं इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी। वहीं सीनियार हॉकी टीम को इस पूर्व कप्तान कहा है कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर भारतीय टीम ने एक प्रकार से 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी शुरु कर दी है। इससे पता चलता है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। रानी ने कहा, ''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। यह अच्छी शुरुआत है। इससे तय है कि कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।''



# भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा। जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है।' भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।




### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधु, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया:** ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।


# बुमराह का सामना करने तैयार हैं : कैरी

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कैरी ने कहा कि गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दिन-रात के इस मैच में बुमराह सहित अन्य भारतीय गेंदबाजों का सामना सामना करने वह बेहतर रणनीत के साथ उतरेंगे। बुमराह ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजों को ढ़हा दिया था। कैरी ने कहा,'' बुमराह निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षो से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है पर हमारे बल्लेबाज भी किसी भी आक्रामण का जवाब देने का तरीका खोज ही लेते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने उसकी गेंदबाजी का आंकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने उसे जवाब दिया था।'' उन्होंने कहा,''हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका खोज लेंगे। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरी थी और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।'' वहीं जोश हेज़लवुड के बल्लेबाजों को लेकर दिये बयान के बाद जहां टीम में दरार की बात की जा रही है वहीं कैरी ने इससे साफ इंकार करते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का कोई तनाव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी बल्लेबाज बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनका लक्ष्य शतक लगाना रहता है।



# यशस्वी जायसवाल वहीं खड़ा है जहां मैं 10 साल पहले था : केएल राहुल

एडीलेड। लोकेश राहुल को 22 वर्षीय यशस्वी जायसवाल में अपनी झलक दिखती है जो अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उसी स्थिति में नजर आ रहे हैं जैसे वह 10 वर्ष पूर्व अपनी शुरुआती ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे। राहुल ने 2014-15 की श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और तीन तथा एक रन की पारी खेली थी। उन्होंने हालांकि अगले ही मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में जोरदार वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा था। सिडनी में दूसरी पारी में राहुल नर्वस दिखे थे जहां उन्होंने मुरली विजय के साथ एक घंटा बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए थे। राहुल जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी। राहुल और जायसवाल ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पारी का आगाज करते हुए 201 रन की साझेदारी की थी जो भारतीय रिकॉर्ड है। जायसवाल ने पर्थ में शतक जड़ा था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे। जायसवाल के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, 'मैंने उसमें खुद को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी का आगाज कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं और आपके दिमाग में बहुत कुछ चलता रहता है और इसलिए आप बस इतना कर सकते हैं कि चीजों को धीमा करने की कोशिश करें, कुछ गहरी सांसें लेने की कोशिश करें।'



# वेस्टइंडीज में 15 साल बाद टेस्ट जीती बंगलादेश, यह क्रिकेटर बना हीरो

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** तैजुल इस्लाम (5 विकेट), नाहिद राणा (5 विकेट) और जाकेर अली (91) रनों की शानदार पारी के दम पर बंगलादेश की टेस्ट टीम ने इतिहास रचते हुए 15 साल बाद वेस्टइंडीज को उसी के घर में दूसरे टेस्ट मैच में 101 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ बंगलादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। टेस्ट में यह तीसरा बार है जब बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराया है। इससे पहले उसने 2009 में किंग्स्टन में 97 रनों तथा सेंट जॉर्ज में 4 विकेट से हराया था। बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकिर अली ने (91) की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से केवल कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) संघर्षपूर्ण पारी खेली। जस्टिन ग्रीव्स (20), केसी कार्टी (14) और जोंशुआ डासिल्वा (12) रन बनाए। बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के 6 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम 50 ओवर में 185 रनों पर समेट कर 101 रनों से मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। हसन महमूद और तसकीन अहमद को 2-2 विकेट मिले। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। तैजुल इस्लाम को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया%।

तैजुल इस्लाम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एक विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट झटकते हुए कुल 6 विकेट लिए। इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन ही बना सकी थी। बंगलादेश के लिए पहली पारी में शादमान इस्लाम (64) शहादत हुसैन दीपू (22), कप्तान मेहदी हसन मिराज (36), महमूदुल हसन जॉय (3), लिटन दास (एक) और जेकर अली (एक) रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर जेडेन सील्स ने 4 और शमार जोसेफ ने 3 विकेट लिए। केमार रोच को 2 विकेट मिले।

अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को नाहिद राणा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने 65 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए क्रेग ब्रैथवेट (39), केसी कार्टी (40), मिकाइल लुईस (12) रनों की पारी खेली। 8 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की ओर से नाहिद राणा ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को 2 विकेट मिले। तसकीन अहमद, तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकेर अली (91),शादमान इस्लाम (46), कप्तान मेहदी हसन मिराज (42), शहादत हुसैन (28), लिटन कुमार दास (25) और तैजुल इस्लाम (14) के योगदान से 268 रन बनाये और पहली पारी में मिली बढ़त के साथ वेस्टइंडीज को 287 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट लिए। शमार जोसेफ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। जेडेन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला था।



# अल-साद ने अल-नासर को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के प्लेऑफ में प्रवेश किया

दोहा। कतर के क्लब अल-साद ने सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में प्रवेश किया। ये जीत अल-साद के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मैच में उसके स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो शामिल नहीं थे। रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया गया था। अल-साद ने हाफ टाइम के 8 मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की। वहीं खेल समाप्त होने के कुछ मिनट पहले ही अल-नासर के रोमेन सैस ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अल-साद टीम को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसपर के एडम ओनास ने गोल कर उसकी बढ़त 2-1 कर दी। इस जीत से उत्साहित अल-साद के कोच फेलिक्स सांचेज़ ने कहा कि, ये एक मुश्किल मुकाबला था। हमने अल-नासर को गोल रोकने के लिए और उनके घरेलू स्टेडियम में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर प्रयास किये। गौरतलब है कि ईरान के एस्टेघलाल क्लब द्वारा साऊदी अरब को 2-2 से बराबरी पर रखने के बाद अल अहली क्लब पहले स्थान पर था। जेद्दा में अल अहली के लिए दोनों गोल इवान टोनी ने किए। वहीं राफेल सिल्वा ने 42 मिनट के बाद ईरान टीम के लिए गोल किया पर टोनी ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मोहम्मद होसैन एल्सामी ने एक बार फिर गोल कर एस्टेघलाल को बराबरी पर ला दिया।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए अभी किसी टीम का स्थान पक्का नहीं हुआ

मुम्बई। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अभी 15 मैच बाकी हैं पर किसी भी टीम की जगह अभी पक्की नहीं हुई है। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद जहां एक प्रकार से फाइनल की रेस से वह बाहर हो गयी है। वहीं भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें रेस में बनी हुई हैं। इंग्लैंड ओर न्यूजीलैंड टेस्ट तक के अंकों के आधार पर अंतिम दो स्थानों के लिए अभी भी 6 टीमें रेस में बनी हुई हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान अंकों पर टीमों की संभावना को नुकसान भी पहुंचा सकती है। चैम्पियनशिप की शुरुआत टीमों के साथ हुई थी, जिनमें से बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड बाहर हो गयी हैं। इन दिनों वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच आपसी श्रृंखला खेली जा रही है, लेकिन उसके नतीजे का असर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका पर नहीं पड़ेगा।

**भारत -** ऑस्ट्रेलिया से अगर भारतीय टीम तीन मैच जीतती है तो भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 62.28 हो जाएगा और सिर्फ दक्षिण अफ्रीका आगे निकलने की स्थिति में रहेगा। यदि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारती भी है, तो भी लगातार तीसरे फाइनल का मौका बन सकता है। इसके लिए उसे न्यूजीलैंड-इंग्लैंड, अफ्रीका-श्रीलंका और अफ्रीका-पाक सीरीज 1-1 से ड्रॉ होनी चाहिए तथा दुआ करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका के बीच दो मैचों की सीरीज 0-0 पर खत्म हो।

**दक्षिण अफ्रीका -** श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में मिली जीत से अफ्रीका ने फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। अफ्रीकी टीम के तीन मैच बचे हैं। इन सभी को जीतकर टीम निश्चित रूप से फाइनल में होगी। वहीं अफ्रीकी टीम अगर एक मैच भी हार जाती है तो 61.11 प्रतिशत अंक तक पहुंच सकेगी और फाइनल के लिए अन्य टीमों पर निर्भर हो जाएगी। इतने अंकों पर ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के पास उससे आगे निकलने का मौका रहेगा।

**ऑस्ट्रेलिया-** ऑस्ट्रेलिया को अपने बल पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे 6 मैचों में कम से कम 4 जीत और 1 ड्रॉ चाहिए। ऐसा होने पर सिर्फ दक्षिण अफ्रीका उससे आगे जा सकता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर भारत के खिलाफ 2-3 से हारता भी है, तो श्रीलंका को 2-0 से स्वीप कर फाइनल में पहुंच सकता है। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया भारत के 58.77 अंक से आगे 60.53 पर समाप्ति करेगा। यहां अब उसे केवल दक्षिण अफ्रीका पछाड़ सकता है।

**श्रीलंका-** श्रीलंका भी दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति में है। उसके तीन मैच बचे हैं और ये सभी जीतकर टीम 61.54प्र. अंकों के साथ फाइनल में पहुंच सकती है। इस स्तर पर भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही उससे आगे निकलने की स्थिति में होगा। वहीं एक मैच भी हारे तो चार अन्य टीम आगे निकल सकेंगी।

# टी20 में मोहित अहलावत के नाम है तिहरे शतक का रिकार्ड

नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज मोहित अहलावत के नाम टी20 क्रिकेट में तिहरे शतक का रिकार्ड है। मोहित ने दिल्ली के स्थानीय टूर्नामेंट फ्रेंड्स प्रीमियर लीग में मावी इलेवन की ओर से फ्रेंड्स इलेवन के खिलाफ 302 रन की नाबाद पारी खेली थी। मोहित ने इस मुकाबले में 39 छक्के लगाये। इससे पहले टी20 की एक पारी में किसी टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के 21 थे। ट्वेंटी20 के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के की बात करें तो रिकॉर्ड 34 छक्कों का था। अहलावत ने सभी को पीछे छोड़ दिया। मोहित की इस पारी से मावी इलेवन ने दो विकेट पर 416 रन बनाये। यह किसी भी ट्वेंटी20 मैच में एक रिकॉर्ड है। मावी इलेवन की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे मोहित अहलावत ने इस मैच में 234 रन बनाये। मोहित के तिहरे शतक की सहायता से मावी इलेवन ने 20 ओवरो में 416 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स इलेवन 216 रन से हार गयी। इससे पहले ट्वेंटी20 में सबसे बड़ा टीम स्कोर 263/5 था जो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2013 आईपीएल में सहारा पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं एक बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 175 रन जो क्रिस गेल ने बनाया था। मोहित दिल्ली की तरफ से खेलते हैं।

# ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है : राहुल द्रविड़

**मुंबई (एजेंसी)** पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को ऋषभ पंत ने तुरंत भर दिया जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने गाबा में चौथे टेस्ट में 89 रन की मैच विजयी पारी खेली और श्रृंखला में 274 रन बनाकर 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

द्रविड़ ने कहा, 'धोनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा। मैं यह नहीं कह रहा कि उसने उनकी जगह ले ली है लेकिन निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है, अविश्वसनीय प्रदर्शन।' भारत के पूर्व कप्तान और कोच ने कहा, 'पंत को गाबा में उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना, जब सब कुछ दांव पर लगा हुआ था और टीम इतनी कमजोर थी, उस तरह के दबाव में उस तरह का प्रदर्शन करना - बेहद शानदार... वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पानी में बत्तख की तरह अपनाया है। यह बस अभूतपूर्व है।'

उस दौरे पर पंत ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की मदद से 68.50 की औसत से रन बनाए और भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट 295 रन से जीतकर मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भी 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया है लेकिन 2003 में एडीलेड में द्रविड़ की 233 रन की पारी प्रशंसकों की पसंदीदा है। इस पारी के संदर्भ में द्रविड़ ने स्वीकार किया कि उन्हें अब भी श्रृंखला नहीं जीत पाने का मलाल है।

द्रविड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला में जिस तरह का प्रदर्शन किया है - वहां श्रृंखला जीतना बहुत मायने रखता है। मेरा या भारत का प्रदर्शन चाहे कितना भी शानदार रहा हो, हम श्रृंखला नहीं जीत पाए। हम करीब पहुंच गए थे लेकिन सिडनी में अंतिम दिन हमें वो विकेट नहीं मिल पाए जिनकी हमें जरूरत थी।' इस 51 वर्षीय खिलाड़ी ने उस घटना को याद किया जिसमें उन्होंने गलती से अपने कप्तान सौरव गांगुली को रन आउट कर दिया था। द्रविड़ ने स्वीकार किया कि यह 'गलती' उनकी थी। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रहा था कि मैंने कप्तान को रन आउट करवा दिया है। मुझे कुछ सार्थक करना चाहिए। सौरव को रन आउट करवाना पूरी तरह से मेरी गलती थी। मैं इसे स्वीकार करता हूं - यह मेरी गलती थी।' द्रविड़ ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि आप सिर्फ बल्लेबाजी करने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।'



# एकनाथ शिंदे 6 माह के लिए बनना चाह रहे थे मुख्यमंत्री, शाह के दो टूक जवाब से हो गए चुप



**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र में आज विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो जाएगा। इससे पहले दस दिन से अधिक चली रस्साकसी को लेकर कई तरह की खबरें आ रहीं है। बताया जा रहा है कि कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर 6 माह के लिए सीएम का पद मांगा था, लेकिन शाह की दो टूक से वे चुप हो गए। रिपोर्ट एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया गया है कि भाजपा ने 6 महीने सीएम वाली बात को खारिज कर दिया था। पार्टी का कहना था कि इससे एक गलत मिसाल कायम होगी। उन्होंने कहा, 6 महीने के लिए सीएम नियुक्त करने का कोई सिस्टम नहीं है। यह गलत फैसला होगा और प्रशासन पर इसका गलत असर पड़ेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिंदे समेत अन्य नेताओं की मुलाकात 28 नवंबर को हुई थी।

वरिष्ठ नेता ने बताया कि शिंदे से यह भी कहा गया कि वह खुद को भाजपा अध्यक्ष की जगह पर रखकर देखें। उन्होंने बताया कि बैठक में, भाजपा नेतृत्व ने शिंदे से पूछा कि अगर आप स्पष्ट बहुमत हासिल कर लेते तो क्या मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ देते। इस पर शिंदे निशब्द हो गए थे। बुधवार को भाजपा की बैठक होनी है, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। इससे पहले ही शिंदे ने साफ किया था कि वह भाजपा नेतृत्व के फैसले को मानेंगे और सरकार गठन में अड़ंगा नहीं डालेंगे। खबर है कि बैठक में भाजपा से देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे मौजूद थे। महायुति ने राज्य की 288 में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। खबरों के मुताबिक राजनेता ने यह भी बताया है कि बैठक में शिंदे ने भाजपा को अपना पुराना कथित वादा भी याद दिलाया, जो लोकसभा चुनाव के बाद किया गया था कि अगर गठबंधन बहुमत हासिल कर लेता है कि तो उन्हें मुख्यमंत्री दोबारा बनाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, उनका यह अनुरोध सीधा यह कहकर खारिज कर दिया गया कि भाजपा के बहुमत के करीब सीटें हासिल करने के बाद ऐसा फैसला लेना गलत होगा।

# सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का ऐलान, असम के होटल, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस बैन

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नही खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।



# दिल्ली-मुंबई हाईवे निर्माण को लेकर झालोद में 14 गांवों के किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

दाहोद। भारतमाला परियोजना के तहत गुजरात में दिल्ली-मुंबई के बीच हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य के खिलाफ दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। बता दें कि भारतमाला परियोजना के तहत दिल्ली और मुंबई के बीच एक हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। यह हाइवे मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात के कुछ जिलों से होकर गुजरने वाला है। लेकिन इस हाइवे के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही विवाद चल रहा है। पहले वहीं भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद था। अब प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के मुताबिक सुविधा नहीं मिलने से स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बन रहे दिल्ली-मुंबई हाईवे के विरोध में दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया है। किसानों का आरोप है कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे हाईवे के कारण उन्हें कोई बुनियादी सुविधा नही मिल रही है। पूर्व में कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी प्रशासन ने कोई सुविधा नहीं दी है। किसानों ने बुनियादी सुविधाओं और कुछ लंबित मांगों के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया। हाईवे निर्माण के कारण किसानों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। जिससे किसान नाराज हैं। ऐसा नहीं है कि किसान पहली बार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले भी इसी मुद्दे पर प्रदर्शन किया था, लेकिन उस समय अधिकारियों ने प्रदर्शन पर जबरन रोक लगा दी थी। हालाँकि इस बार किसान अधिक नाराज थे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि उन्हें आश्वासन के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिली। जिससे गुस्साए किसानों ने भारतमाला परियोजना के तहत राजमार्ग का काम रोक दिया।

# माहौल बिगाड़ना चाहती हैं सपा-कांग्रेस : मंत्री अग्रवाल

लखनऊ। संभल को लेकर सियासत जारी है और बयानबाजी भी। उप्र में योगी कैबिनेट के मंत्री नितिन अग्रवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बुधवार को संभल दौरे राजनीतिक पर्यटन बताया है। उन्होंने कहा कि संभल में सामान्य हो रही स्थिति को कांग्रेस और सपा के नेता बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने संभल जाने की घोषणा की है, मुझे लगता है कि वे वहां जाकर शांति व्यवस्था जो बहाल हुई है उसे बिगाड़ने व अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें, संभल में हुए बवाल के दौरान मारे गए लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी के बुधवार को संभल जाने की आशंका है। उनके आने की खबर के बाद पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि जिले की सीमाओं पर चौकसी को बढ़ा दिया गया है, क्योंकि 10 दिसंबर तक किसी भी बाहरी व्यक्ति के संभल में आने पर रोक है। कोई भी नेता अगर कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करेगा या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो हमारी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके नेता जहां भी इस तरह की घटना होती है केवल राजनीतिक पर्यटन के लिए जाते हैं। संभल जामा मस्जिद का सर्वे कोर्ट के आदेश पर हो रहा था। इसके बाद भी सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वहां पर स्थिति बिगाड़ी और हिंसा की। संभल में प्रशासन ने पूरी तत्परता के साथ काम किया है।

# आगरा पुलिस ने ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया

### - पांच शातिर सदस्यों को किया गिरफ्तार

आगरा। आगरा पुलिस ने 110 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गैंग के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गैंग भारत के साथ ही दक्षिण एशियाई देशों और यूएई का भी निशाना बनाते थे। इनका धंधा था लोगों को इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगना। आगरा के रहने वाले विनय आहूजा का केस 4 अक्टूबर, 2024 को साइबर सैल थाने में दर्ज हुआ था। साइबर फ्रॉड करने वाले गैंग के सदस्यों ने इसके पूरे गैर कानूनी प्रयोग को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे लोगों को धोखे से इन्वेस्टमेंट करवाकर ठगते थे। यह गैंग अब गिरफ्तार हो चुका है और उनके साथ से बहुत सारी चीजें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य सदस्यों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सभी बैंक अकाउंट को सीज कर दिया गया है। अब चौंकाने वाली जानकारी यह है कि इस गैंग ने विवेचना के दौरान 239 ट्रांजेक्शन करके लगभग 110 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। इनके पास अनेक फर्जी बैंक अकाउंट भी थे जिनमें पैसा ट्रांसफर होता था। पु?लिस अ?धिकारी ने इस मामले पर कहा ?कि यह घटना साइबर थाने में दर्ज हुई और अब सामने आई चौंकाने वाली जानकारी है। इन लोगों ने अपनी घटनाओं से 110 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया है। पुलिस इस मामले में गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में है। आरोपियों के पास से 85 बैंक खातों की डिटेल मिली है। जब इन बैंक खातों को साइबर पोर्टल पर रन कराया गया तो हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। कुल 239 ठगी की घटनाओं का पैसा इनके खातों में आया है।

# लापता हुए कॉमेडियन सुनील पाल 24 घंटे के अंदर मिले

मुंबई। जाने-माने कॉमेडियन सुनील पाल मंगलवार को लापता हो गए थे। इसकी सूचना सुनील की पत्नी ने मुंबई के सांताक्रुज पुलिस थाने में दी। आखिरकार पुलिस ने सुनील पाल से संपर्क किया और बातचीत में उन्होंने कहा कि वह आज (बुधवार) को मुंबई आएंगे। मालूम हो कि कॉमेडियन सुनील पाल अपनी कॉमेडी को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। लेकिन फिलहाल वह एक निजी कारण से चर्चा में हैं। सुनील पाल की पत्नी ने उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनील पाल की पत्नी सरिता पाल ने मुंबई के सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में मंगलवार को अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सरिता पाल की ओर से दर्ज शिकायत में कहा गया, सुनील पाल आज घर नहीं आए। उनका फोन भी बंद है। उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। इसलिए मैं पुलिस में शिकायत दर्ज करा रही हूं। चूंकि सुनील पाल एक कॉमेडियन हैं इसलिए वह कई बार शो के लिए मुंबई से बाहर जाते रहते हैं। अब इस घटना को लेकर सरिता पाल ने कहा है कि, उनके पति सुनील पाल संपर्क में हैं। मेरी सुनील पाल से बात हुई है। उन्होंने पुलिस से भी बात की है।

# भारत ने खरीदा मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यह कई टास्क को एक साथ देगा अंजाम



*** अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों की बिक्री को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारतीय नौसेना के लिए अमेरिका में बने एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर डील का एलान किया था और अब दूसरी बार ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को बिक्री को मंजूरी दे दी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने फॉरन मिलेट्री सेल के तहत 1.17 बिलियन डॉलर कीमत के कम्युनिकेशन, सेंसर और लॉजेस्टिक भारतीय नौसेना के रोमियो हैलिकॉप्टर की ताकत को और बढ़ाएगी। नौसेना के लिए करोड़ 2.6 बिलियन की कीमत से 24 एमएच-60 रोमिया मल्टीरोड हेलीकॉप्टर की खरीद की है। रोमियो हैलिकॉप्टर चौथी जेनेरेशन के हैलिकॉप्टर में सबसे बेहतर तकनीक है। ये एक मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यानी एक साथ कई टास्क को अंजाम दे सकता है। रडार और सोनार इस हैलिकॉप्टर को दुनिया में पंडुब्बियों के लिए सबसे खतरनाक बनाती है। इसे एंटी-सबमरीन एडवांस हैलिकॉप्टर के तौर पर जाना जाता है। इसकी दो सबसे बड़ी खासियत यह है कि पानी में छिपी पनडुब्बियों पर हमला करना और एयर टू सरफेस यानी हवा से जमीन पर हमला करना है। वहीं हेलफायर एयर टू सरफेस मिसाइल जहाजों को निशाना बनाती है।

खास बात है कि जिस तरह के कॉनफिगरेशन को अमेरिका नेवी इस्तेमाल में लाती है। पहले 9 हैलिकॉप्टर जो भारत में आए है वह उसी कॉनफिगरेशन के साथ हैं। बाकी के हैलिकॉप्टर में कुछ बदलाव भी किए जा सकते है। अभी तक भारतीय नौसेना को 9 हैलिकॉप्टर मिले हैं और इसका पहला स्क्वाड्रन कोच्चि में स्थापित भी किया जा चुका है।

चीन लगातार अपनी मौजूदगी भारतीय समुद्री इलाकों में बढ़ा रहा है। ऐसे में हमारी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए उन्नत हथियारों की जरूरत है। उसी में मद्देनजर नौसेना को उन्नत तकनीक वाले एक मल्टी रोल हैलिकॉप्टर की जरूरत थी। और वह जरूरत खत्म हुई एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हैलीकॉप्टर के तौर पर दरअसल नौ सेना के बेड़े में शामिल ब्रिटेन के बने सी किंग हैलिकॉप्टर की फ्लीट पुरानी हो चुकी है उनकी जगह ले रहे है ये नए रोमियो हैलिकॉप्टर।

# बिहार में चुनाव से पहले तेजस्वी का बड़ा दांव, बोले- हमारी सरकार बनी तो लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे



**पटना (एजेंसी)।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार में आगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनने पर पूरे बिहार में उपभोक्ताओं को हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। मुंगेर में राजद कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जनता के साथ साझा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और स्मार्ट प्री-पेड मीटरों द्वारा अनियमित बिलिंग से जूझ रहे हैं, जो स्मार्ट धोखेबाज कहलाने लायक हैं। उन्होंने कहा कि हम चीजों को सही करने और 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करके लोगों को राहत देने का इरादा रखते हैं। हम सत्ता में आने पर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन तब तक हम नीतीश कुमार सरकार पर इसके लिए दबाव बनाएंगे। युवा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वह नहीं रहे जो वह थे और वह उस मंडली के लिए 'मुखौटा' (मुखौटा) बन गए हैं जो राज्य में सत्ता खींच रही है।

राजद नेता ने बिहार के लिए विशेष दर्जा सुरक्षित करने और वंचित जातियों के लिए बढ़ा हुआ कोटा प्रदान करने वाले कानूनों की रक्षा करने में विफलता के लिए जद (यू) सुप्रीमो को लताड़ा, बावजूद इसके कि उनकी पार्टी केंद्र में एनडीए सरकार का हिस्सा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला संवाद यात्रा के लिए 250 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है, जिसे मुख्यमंत्री जल्द ही शुरू करने वाले हैं और कहा कि सार्वजनिक धन को बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि नौकरशाही को लूट में लिप्त होने की खुली छूट दे दी गई है।

# सेंट जॉन्स स्कूल लेढूपुर का वार्षिकोत्सव 'जागृति भारत' संपन्न





एजेंसी

**वाराणसी :** सेंट जॉन्स स्कूल लेढूपुर का वार्षिकोत्सव 'जागृतिभारत' हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि वाराणसी धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप यूजीन जोजेफ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने ईशवंदना 'तारा चरणों में शीश नवाऊं' गीता व नृत्य के माध्यम से ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास प्रकट किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने अंगवस्त्र भेंट कर के किया।

# अब उद्धव को लगा झटका, बोले- हिंदुत्व का एजेंडा उठाओ वरना खत्म हो जाएगी पार्टी



**मुंबई (एजेंसी)।** कहते हैं सुबह का भूला शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते हैं। हिंदु सम्राट बाला साहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे भी हिंदुत्व से भटक गए थे। अब,जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हे केवल 20 सीटें मिली तो एकदम से उन्हे बड़ा झटका लगा और बोले कि इस बार 20 सीटें आई। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में एक भी सीट नहीं बचेगी। इससे बेहतर है कि हिंदुत्व का एजेंडा लगातार चलते रहना चाहिए। एक पूर्व पार्षद ने कहा, उन्होंने हमें कहा है कि शिवसेना यूबीटी हमेशा हिंदुत्व के लिए काम कर रही थी और हमेशा करती रहेगी, लेकिन विपक्ष ने गलत बात फैला दी कि हमने हिंदुत्व छोड़ दिया है। उन्होंने हमें हिंदुत्व का एजेंडा लोगों तक ले जाने के लिए कहा है। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने नेताओं से मुंबई की 36 विधानसभाओं में फैले 227 वार्डों में तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना यूबीटी अब हिंदुत्व का एजेंडा घर घर ले जाने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने यह फैसला बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले उठाया है। नवंबर में संपन्न हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी महज 20 सीटें ही जीत सकी थी। कहा जा रहा है कि शिवसेना यूबीटी के कई नेता अब एमवीए से अलग होकर चुनाव लड़ने का सुझाव दे रहे हैं।खबर है कि मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों को बीएमसी चुनावों की तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उद्धव ने पूर्व पार्षदों से भाजपा और महायुति की उस बात का विरोध करने के लिए कहा है, जिसमें दावा किया जाता है कि शिवसेना यूबीटी ने हिंदुत्व विचारधारा छोड़ दी है।

**बीएमसी चुनावों में नहीं होगा गठबंधन**

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि अधिकांश पूर्व पार्षद चाहते हैं कि शिवसेना यूबीटी को बीएमसी चुनावों में किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होना चाहिए। खबर है कि उद्धव ने पहले उन्हें जमीन पर काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने मुंबई में चुनाव की तैयारियों के लिए विधायकों, नेताओं, सचिवों और संयोजकों को भी नियुक्त कर दिया है। शिवसेना के एक पदाधिकारी का कहना है कि निकाय चुनावों के लिए 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही खबर है कि अगले सप्ताह तक उद्धव ने नेताओं से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

# लोकसभा में राहुल गांधी के साथ वाली सीट पर बैठने को तैयार नहीं अखिलेश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में 99 सांसदों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनकर उभरी कांग्रेस की इच्छा थी कि सदन में उनके नेता राहुल गांधी के ठीक बराबर वाली सीट पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बैठें। सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की मजबूत एकता का खुला नजारा पेश किया जाएगा। जिससे सरकार हमेशा सचेत रहेगी। लेकिन अखिलेश इसके लिए तैयार नहीं हुए। मंगलवार को सदन की कार्रवाई की शुरुआत से कुछ देर पहले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद केसी वेणुगोपाल और अन्य सदस्यों के द्वारा अखिलेश यादव से इसे लेकर अपील भी की गई। लेकिन उन्होंने इसे मानने से इंकार दिया और वह सदन में विपक्षी दलों की कांग्रेस के बाद वाली दूसरी पंक्ति की अपनी पूर्व नियोजित सीट पर बैठने के लिए ही तैयार नजर आए। अखिलेश के मना करने पर हालांकि खुद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी सीट से उठे और उन्होंने भी अखिलेश यादव को मनाने की कोशिश की और उन्हें अपने साथ वाली सीट पर बैठने का अनुरोध किया। जिस पर भी अखिलेश ने अपनी पुरानी सीट पर ही बैठने की इच्छा जताई। मूल रूप से सदन में कांग्रेस के सांसदों के बैठने के क्रम में सबसे आगे राहुल गांधी बैठते हैं। उनके साथ वाली एक सीट कांग्रेस ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी.आर.बालू को दी है और अब पार्टी की इच्छा बालू के साथ वाली खाली सीट अखिलेश यादव को देने की थी। लेकिन सपा मुखिया इसके लिए तैयार नहीं हुए।

वहीं, जानकार इसके पीछे लोकसभा में विपक्ष की दूसरी पंक्ति में समाजवादी पार्टी के लगभग सभी सांसदों के बैठने को मुख्य वजह के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सपा मुखिया अखिलेश यादव सदन में अपने दल की तरफ से कोई मुद्दा उठाएंगे तो उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए सपा के बाकी सांसद उनके पीछे या आसपास होने चाहिए। यही व्यवस्था वर्तमान में सदन में बनी हुई है। लेकिन अगर अखिलेश इसकी जगह पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास जाकर बैठते हैं तो उनके और सपा के सदस्यों के बीच बना हुआ यही मजबूत तारतम्य टूटेगा। संभवतः यही कारण हो सकता है कि अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के बराबर वाली सीट पर बैठने से इंकार किया होगा।

# महाकुंभ की टेंट सिटी किसी सुपर डीलक्स होटल से नहीं होगी कम

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-20 (अरैल) में 2,000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंट्स में ठहरने वाले लोगों की सुविधा के लिए विला टेंट्स को 900 स्क्वेयर फीट, सुपर डीलक्स टेंट्स को 480 से 580 स्क्वेयर फीट तथा डीलक्स ब्लॉक्स की स्थापना 250 से 400 स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इन टेंट्स में एसी, डबल बेड, मैट्रेस, सोफा सेट, कस्टमाइज्ड इंटीरियर्स, राइटिंग डेस्क, इलेक्ट्रिक गीजर, फायर एक्सटिंगुइशर्स, रजाई, ब्लैंकेट, मॉस्किटो नेट, वाईफाई, डाइनिंग एरिया व कॉमन सिटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी, जो नदी किनारे सुखद पर्यावरणीय दृश्यों के अवलोकन का अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, इनके पैकेज में योग, कल्चरल इवेंट्स व प्रयागराज से जुड़ी अन्य प्रमुख स्थलों व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराना भी सम्मिलित होगा। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगी, जिनका प्राइसिंग 1,500 से 35,000 के बीच प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4,000 से 8,000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है। अनुमान है कि महाकुंभ 2025 में 75 देशों के 45 करोड़ से अधिक विजिटर्स आ सकते हैं, ऐसे में उन्हें वर्ल्ड क्लास अकॉमोडेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए 1 जनवरी से 5 मार्च की समयावधि के बीच इन टेंट्स का संचालन किया जाएगा। इन टेंट्स को यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट और महाकुंभ ऐप के जरिए भी बुक किया जा सकता है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुंभ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुंभ कॉटेज, कुंभ विलेज, कुंभ कैनवास व एरा प्रमुख हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**